जयपुर
www.mahanagartimes.com
मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 294
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
# महानगर टाइम्स
जयपुर, सोमवार, 15 सितंबर, 2025
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



### साधु-संतों ने भरी हुंकार, जयपुर में उमड़ा जनसैलाब

# भगवा रैली में युवाओं का सिंहनाद

युवा शक्ति मंच के बैनर तले युवाओं की ऐतिहासिक रैली

हिंदू चेतना का प्रचंड प्रदर्शन, भगवामय हुई गुलाबीनगरी

गाय को राज्य-माता का दर्जा देने की उठाई मांग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** युवा शक्ति मंच के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह शेखावत के नेतृत्व में जयपुर में रविवार को ऐतिहासिक भगवा रैली निकाली गई। रैली में हजारों युवाओं की मौजूदगी में गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिलाने और हिंदू राष्ट्र के निर्माण के संकल्प का सिंहनाद किया। हजारों बाइकों के साथ निकली विशाल रैली का शुभारंभ प्रमुख साधु-संतों, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और विधायक बालमुकुंदाचार्य ने भगवा झंडी दिखाकर किया।

इससे पूर्व जलमहल से शुरू होकर रामगढ़ मोड़, पुरानी चुंगी, दिल्ली रोड, टीपी नगर, रोटरी सर्किल, पंचवटी सर्किल होते हुए आदर्श नगर के दशहरा मैदान तक पहुंची इस रैली में 5000 से अधिक वाहनों ने हिस्सा लिया। रैली में सबसे आगे राम रथ चला, जिसके पीछे गौ माता की मनमोहक झांकी सजाई गई थी। करीब 10,000 युवा भगवा झंडे थामे सड़कों पर उतरे, जबकि छह डीजे साउंड सिस्टम से हिंदुत्व और गौ संरक्षण का संदेश गूंज उठा। रैली के कारण दिल्ली रोड पर यातायात को पूरी तरह से डायवर्ट कर दिया गया था। 1000 से अधिक वॉलंटियर्स और पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक और अन्य व्यवस्थाओं को संभालकर रैली को सुचारु रूप से संपन्न कराया। भगवा रैली के आयोजक युवा शक्ति मंच के संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने कहा कि यह रैली युवाओं की उमंग और ऊर्जा का प्रतीक बनकर जयपुर की सड़कों को भगवा रंग में रंग गई। यह रैली युवाओं के सनातन प्रेम, राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक जागृति का प्रतीक है। पिछले एक दशक से युवा शक्ति मंच ऐसी रैलियों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक जागृति को बढ़ावा देता आ रहा है।



#### हजारों युवाओं ने एक नए भारत के निर्माण का संदेश दिया : गोपाल शर्मा

इस मौके पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने पत्रकारों से बाचतीच में कहा कि यह रैली केवल गौमाता को सम्मान दिलाने तक सीमित नहीं, बल्कि हिंदू राष्ट्र की मजबूत नींव और सनातन संस्कृति की रक्षा का संकल्प है। हमारा लक्ष्य युवाओं में हिंदुत्व का गर्व जगाना और समाज को एकजुट करना है। युवा शक्ति मंच के नेतृत्व में हजारों युवाओं ने हिंदू चेतना का प्रचंड प्रदर्शन कर एक नए भारत के निर्माण का संदेश दिया।



#### 'हिंदुत्व के आदर्शों को मजबूत करने का आह्वान'



तेलंगाना के पूर्व विधायक टी. राजा सिंह ने आदर्श नगर के दशहरा मैदान में समापन समारोह को संबोधित करते हुए गौरक्षा का संकल्प कराया और हिंदुत्व के आदर्शों को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने गाय माता को राज्य माता का दर्जा देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म आज स्वयंसेवक संघ की वजह से सुरक्षित है। राजनेताओं को यह सीख लेने की आवश्यकता है कि वे हिंदुत्व की रक्षा करें। कई देशों में हिंदू जीने के लिए तड़प रहा है। युवा आज के समय में ऑनलाइन गेमिंग में व्यस्त हैं। देश में हुक्का, जिहाद, जुंबा जिहाद देखने को मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि लव जिहादियों पर कार्रवाई के लिए कानून बनना चाहिए।

## नेपाल हिंसा में मारे गए लोग कहलाए जाएंगे शहीद

महानगर संवाददाता



**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि जेन-जी आंदोलन में मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। पीड़ितों के परिजनों को 10-10 लाख नेपाली रुपए का मुआवजा भी दिया जाएगा। कार्की ने भ्रष्टाचार खत्म करने का भी संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में पहली बार 27 घंटे तक लगातार आंदोलन हुआ। गौरतलब है कि नेपाल हिंसा में मृतकों की संख्या 72 हो गई है, इनमें 1 भारतीय महिला भी शामिल है।

## बारिश के चलते वैष्णो देवी यात्रा फिर स्थगित

**दिल्ली (मसं)।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते वैष्णो देवी यात्रा को फिर से रोक दिया गया है। 19 दिन स्थगित रहने के बाद यात्रा रविवार से शुरू होनी थी, लेकिन तेज बारिश के चलते इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया। गौरतलब है कि 26 अगस्त को मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी।

# जयपुर में रिंग रोड से गिरी कार, बच नहीं सके 7 लोग

महानगर संवाददाता

- अस्थि विसर्जन कर हरिद्वार से लौट रहे थे दो परिवार के लोग
- देर रात हुआ हादसा, दोपहर तक पानी में उल्टी पड़ी रही कार
- कार सीधी करने पर उसमें फंसे मिले 7 लोगों के शव





**जयपुर।** जयपुर में एक कार बेकाबू होकर रिंग रोड से नीचे गिर गई। हादसे में कार सवार दो परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। हादसा शिवदासपुरा थाना इलाके में प्रहलादपुरा के पास शनिवार देर रात हुआ। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे अंडरपास में भरे पानी में क्षतिग्रस्त कार उलटी पड़ी दिखाई दी। लोगों ने कार देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला तो चौंक गई। कार में 7 लोगों के शव थे। कार में फंसे शवों को निकालकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताया है।

एसएचओ सुरेंद्र सैनी के अनुसार वाटिका सांगानेर निवासी रामराज वैष्णव (38), पत्नी मधु (36) और बेटे रुद्र (14 महीने) और फुलियाकलां (भीलवाड़ा) निवासी उनके रिश्तेदार अशोक वैष्णव उर्फ कालूराम (47), उनकी पत्नी सीमा देवी (45), बेटे रोहित (23) और पोते गजराज (3) की मौत हो गई। फुलियाकलां निवासी कालूराम वैष्णव के पिता गोपाल वैष्णव का सोमवार को निधन हो गया था। पिता की मौत के चौथे दिन (शुक्रवार को) कालूराम अस्थि विसर्जन के लिए परिवार सहित हरिद्वार रवाना हुए थे और अस्थि विसर्जन कर देर रात कार से जयपुर लौट रहे थे। शिवदासपुरा इलाके में प्रहलादपुरा के पास रिंग रोड पर ओवर स्पीड कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई। इसके बाद रिंग रोड से 16 फीट नीचे अंडरपास में भरे पानी में गिर गई। पुलिस ने बताया कि रिंग रोड पर डिवाइडर के बीच करीब 20 फीट खाली जगह है। इसके बीच में से कार नीचे पानी में गिरी थी।

#### मंदिर में पुजारी थे कालूराम

मृतक कालूराम धानेश्वर तीर्थ स्थल पर स्थित रावणा राजपूत समाज के मंदिर में पुजारी थे। उनका बेटा रोहित फुलियाकलां में ही परचूनी की दुकान चलाता था। भतीजी मधु वैष्णव मूल रूप से मोतीपुरा, फुलियाकलां की रहने वाली थी और अपने पति रामराज के साथ फिलहाल जयपुर में रह रही थी। रामराज टैक्सी चलाते हैं। मधु की चार बेटियां और एक बेटा है। हादसे में मधु, उसका पति रामराज और छोटे बेटे रुद्र की मौत हुई है।

#### स्पीड में कार डिवाइडर से टकराकर गिरी

पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि हादसे के समय कार स्पीड में थी। झपकी आने से डिवाइडर के बीच में बने पासिंग से टकराकर कार नीचे अंडरपास में गिर गई। रात का समय होने के कारण इस बारे में पता नहीं चल सका।

### प्रधानमंत्री ने असम में 18,500 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन-शिलान्यास

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को दिया बढ़ावा, हमारे लिए जनता भगवान : मोदी

महानगर संवाददाता

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन रविवार को दरांग और गोलाघाट के नुमालीगढ़ में 18,500 करोड़ रुपए के इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने दोनों जगहों पर जनसभाएं भी कीं। प्रधानमंत्री मोदी ने दरांग में कहा कि जब हमने भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया था तो कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा था कि मोदी, नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहा है। मुझे कितनी ही गालियां दें, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निकाल लेता हूं, लेकिन जब किसी और का अपमान होता है तो मुझसे रहा नहीं जाता। नुमालीगढ़ में पीएम ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में गरीबों को ठुकराया गया। आदिवासियों के साथ अन्याय हुआ। हमारा मंत्र नागरिक देवो भवः है। हमारे लिए जनता भगवान है। देश के नागरिकों को असुविधा नहीं हो, भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



#### 'ट्रेड और टूरिज्म का बड़ा सेंटर बनेगा असम'

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी योजनाओं का लाभ यहां चाय बागानों में काम करने वाले भाई-बहनों को भी हो रहा है। सरकार टी गार्डन में काम करने वाली महिलाओं को मदद दे रही है। कांग्रेस के समय इन श्रमिकों को टी कंपनी के भरोसे छोड़ दिया गया था, लेकिन हम उनके घर, बिजली, पानी और स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं। असम के विकास का दौर शुरू हो चुका है। असम ट्रेड और टूरिज्म का बड़ा सेंटर बनेगा। हम मिलकर नया असम बनाएंगे। विकसित भारत बनाएंगे।

#### 'कांग्रेस के कार्यकाल में गरीबों को ठुकराया और तरसाया'

पीएम ने कहा कि जनजाति समाज के साथ तो ऐतिहासिक अन्याय हुआ है। भाजपा उन्हें ठीक करने में जुटी है। लंबे समय तक कांग्रेस के कार्यकाल में गरीबों को ठुकराया और तरसाया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम एक वर्ग के तुष्टिकरण से हो जाता था। उनको सत्ता मिल जाती थी, लेकिन भाजपा तुष्टिकरण नहीं संतुष्टिकरण पर जोर देती है। कोई भी गरीब और इलाका पीछे नहीं रहे, हम इसके लिए काम कर रहे हैं।

#### 'कांग्रेस घुसपैठियों, राष्ट्रविरोधी ताकतों की संरक्षक'

पीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस घुसपैठियों और राष्ट्रविरोधी ताकतों को संरक्षण देती है। कांग्रेस भारतीय सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवादियों का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य देश को घुसपैठियों से बचाना और उसकी अखंडता को बहाल करना है। मैं उन राजनेताओं को चुनौती देता हूं, जो घुसपैठियों का बचाव करते हैं कि वे आगे आएं और इस मुद्दे का सामना करें। वे दिखाएं कि हमने घुसपैठियों को हटाने के लिए जो प्रयास किए हैं, उनकी तुलना में उन्होंने क्या प्रयास किए हैं। घुसपैठियों को पनाह देने वालों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी, देश उन्हें माफ नहीं करेगा।



## 'सिंदूर' के बाद 'ऑपरेशन सूर्या'

### क्रिकेट के मैदान में भी पाक को चटाई धूल

विशेष संवाददाता

- 7 विकेट से जीता मैच, कुलदीप यादव ने चटकाए 3 विकेट
- सूर्या-तिलक के बीच अर्धशतकीय साझेदारी

**दुबई।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब भारत-पाकिस्तान की टीम पहली बार आमने-सामने आई तो दुबई का स्टेडियम रणभूमि में तब्दील हो गया। हालांकि, यहां भी बाजी भारत ने ही मारी। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने आगा के इस फैसले को गलत साबित किया। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने 15.5 ओवर में 3 विकेट खोकर ही इस टारगेट को चेज कर लिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिक्स के साथ इस मुकाबले को खत्म किया। वे 37 गेंदों पर 47 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। भारत की तरफ से शुभमन गिल ने 10, अभिषेक शर्मा ने 13 गेंदों पर 31 रन की तूफानी पारी खेली। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के बीच 56 रन की पार्टनरशिप हुई। तिलक वर्मा 31 रन बनाकर बोल्ड हो गए। इससे पहले कुलदीप यादव ने तीन व अक्षर और बुमराह ने 2-2 विकेट लेकर पाकिस्तान बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार दूसरी जीत है। इसके साथ ही सूर्या एंड कंपनी ने सुपर-4 की ओर कदम बढ़ा दिया है।

### इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक ने कृपा सार पुस्तक का किया विमोचन

## तर्क और शास्त्रार्थ में हमारा देश पीछे नहीं : मोहन भागवत

महानगर संवाददाता

**इंदौर।** इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रविवार को नर्मदा खंड सेवा संस्थान के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने मंत्री प्रहलाद पटेल की लिखी पुस्तक 'कृपा सार' का विमोचन किया। इस दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और स्वामी ईश्वरनंद भी मौजूद रहे। डॉ. भागवत ने कहा कि मुझे बताया गया कि पुस्तक में नर्मदा परिक्रमा के अनुभव का वर्णन है। इसे मैंने मान्य कर लिया है, क्योंकि नर्मदा परिक्रमा बहुत बड़ी श्रद्धा का विषय है। हमारा देश श्रद्धा का देश है।




यहां कर्मवीर भी हैं और तर्कवीर भी हैं। कर्त और शास्त्रार्थ में हमारा देश कहीं भी पीछे नहीं है, लेकिन हम लोग जानते हैं कि श्रद्धा और विश्वास से जीवन चलता है। जिन्हें जड़वादी कहा जाता है वे भी आजकल इसको मानते हैं। दुनिया श्रद्धा और विश्वास पर चलती है। भागवत ने कहा कि हमारे यहां जो श्रद्धा है। यह कहीं सुनने से नहीं आई है। यह काल्पनिक श्रद्धा नहीं है। जो कोई प्रयास करेगा, वह उसे ले सकेगा। ऐसा हम सुनते हैं कि वैज्ञानिक बुद्धि से चलो, लेकिन वैज्ञानिक बुद्धि क्या है यानी प्रत्यक्ष प्रमाण चाहिए, लेकिन आज ऐसा कहने वाले लोगों के पास प्रत्यक्ष प्रमाण होगा ऐसा नहीं है। लेकिन, हमारे भारत की जो श्रद्धा है उस श्रद्धा के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रत्यक्ष प्रमाण साझा करने वाले लोग हैं। आपको वह प्रमाण लेना है तो प्रयास और प्रयोग करने होंगे। इसलिए श्रद्धा और विश्वास की भावना को हमारे यहां साकार रूप दिया है। उनको भवानी और शंकर रूप दिया है। भगवान अपने अंदर हैं। बिना श्रद्धा और विश्वास के उसके दर्शन नहीं कर सकते।

#### 'पहले दर्जी काटते थे गला और जेब, अब पूरी दुनिया कर रही'

सरसंघचालक ने कहा कि गला काटने का काम, जेब काटने का काम पहले दर्जी करते थे, अब पूरी दुनिया कर रही है। बाज और कबूतर की कहानी सिखाती है कि ज्ञान और कर्म दोनों जरूरी हैं। सिर्फ ज्ञानी होकर निष्क्रिय रहना गड़बड़ी करता है। उन्होंने कहा कि जीवन एक नाटक की तरह है जहां हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी होती है, लेकिन अंत में असली पहचान आत्मा की होती है।

50 मीटर में 450 से अधिक मकान हो रहे प्रभावित, विधायक के विरोध के बाद लिया फैसला

# करतारपुरा नाले की 50 की बजाय अब 30 मीटर ही बढ़ेगी चौड़ाई

**4.8 किमी है लम्बाई, एमएनआईटी कर रहा सर्वे रिपोर्ट तैयार**

महानगर संवाददाता

जयपुर। करतापुरा नाले की चौड़ाई को लेकर जेडीए ने नया प्लान तैयार किया है। तीन साल पहले जेडीए ने नाले को द्रव्यवती की तर्ज पर पक्का करने के लिए 50 मीटर चौड़ाई तय करने का निर्णय किया था। इस आधार पर जेडीए ने डिमार्केशन कर 50 मीटर चौड़ाई की जद में आ रहे 403 अतिक्रमियों को चिह्नित किया था। मामला विधानसभा में उठा, तो यूडीएच मंत्री ने नए सिरे से प्लान बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जेडीए इंजीनियरिंग विंग ने एमएनआईटी को 30 मीटर चौड़ाई के अनुसार नई ड्राइंग और डिजाइन बनाने के लिए पत्र लिखा था। चौड़ाई कम करने से करतारपुरा नाले के किनारे बसे 400 परिवारों के मकान नहीं टूटेंगे।



### चौड़ाई कम करने के पीछे तर्क

13 जनवरी 2022 को तत्कालीन जेडीसी की मीटिंग में जेडीए ने करतारपुरा सवाई माधोपुर रेलवे लाइन पुलिया से शिप्रापथ द्रव्यवती तक करीब 4.8 किलोमीटर लंबे नाले को पक्का करने का प्लान तैयार किया था। इसके तहत करतापुरा नाले के बहाव क्षेत्र की चौड़ाई 30 मीटर और दोनों तरफ 10-10 मीटर की चौड़े सेफ्टी कॉरिडोर बनाने की प्लानिंग थी। अंतिम छोर पर नाले की चौड़ाई 25 मीटर ही है हाईकोर्ट ने भी इस मामले को लेकर अतिक्रमण रोकने और नाले को पक्का करने के लिए जेडीए से एक्शन प्लान मांगा था। जेडीए ने हाईकोर्ट के आदेश की पालना में 50 मीटर चौड़ाई का प्लान बनाकर अतिक्रमियों को चिह्नित कर नोटिस देने का शपथ पत्र पेश किया। जनवरी में जेडीए ने डिमार्केशन कर 403 अतिक्रमी चिह्नित किए। जोन-5 उपायुक्त ने हाईकोर्ट में दुबारा शपथ पत्र देकर अंतिम छोर यानि द्रव्यवती से मिलने वाले पॉइंट पर चौड़ाई 25 मीटर की बताई है। इस आधार पर 20 मीटर मुख्य बहाव क्षेत्र और 5-5 मीटर सेफ्टी कोरिडोर रखा जाएगा।

### 10 साल से नाले को चौड़ा करने की कवायद, विधानसभा में उठा था मुद्दा

करतारपुरा नाले को पक्का करने की कवायद पिछले 10 साल से चल रही है। जेडीए तीन बार योजना बन चुका, पूर्व में भी एमएनआईटी से इसका ड्रोन सर्वे करवाया गया था। जनवरी में जेडीए ने अतिक्रमियों नोटिस थमाए, तो विधायक कालीचरण सराफ ने मामला सदन में उठाया। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने नए सिरे से सर्वे करने का आश्वासन दिया था। 50 मीटर चौड़ाई में ज्यादा मकान जद में आने के बाद जेडीए अब कुल 30 मीटर चौड़ाई के अनुसार डिजाइन बनवा रहा है।

## आवासन मंडल की पांच नई योजनाओं से आमजन में उत्साह

- 667 आवासों वाली 5 नवीन योजनाओं में आवेदन के 6 दिन शेष
- उदयपुर की योजना को मिला जबर्दस्त उत्साह, 17 गुना से अधिक आवेदन प्राप्त
- आर्थिक दृष्टि से कमजोर व अल्प आय वर्ग का आवास का सपना हो रहा साकार




महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल द्वारा लॉन्च पांच नई योजनाओं को लेकर आमजन में उत्साह देखने को मिल रहा है।

हाउसिंग बोर्ड अगस्त माह में विशेष तौर पर आर्थिक रूप से कमजोर और अल्प आय वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाओं को लाया है। यही कारण है कि 667 में से कुल 608 फ्लैट्स या आवास केवल ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के लिए है। बूंदी जिले की नैनवां आवासीय योजना, पॉकेट-ए एवं पॉकेट-बी में विभिन्न आय वर्ग के लिए 72 स्वतंत्र आवास, कीमत 7 लाख 80 हजार से प्रारम्भ है। बारां जिले की अटरू आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के लिए 189 स्वतंत्र आवास, कीमत 7 लाख 60 हजार से प्रारंभ है।

बाड़मेर की लंगेरा आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी आय वर्ग के लिए 200 स्वतंत्र आवास, कीमत 8 लाख 61 हजार से प्रारंभ है। धौलपुर की बाड़ी रोड योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 64 फ्लैट्स, लागत 12 लाख 45 हजार से प्रारम्भ। उदयपुर की पानेरिया की मादड़ी में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 142 फ्लैट्स, लागत 11 लाख 68 हजार से प्रारम्भ है।

उल्लेखनीय है कि केवल उदयपुर में ही पनेरियो की मादड़ी योजना में लगभग 18 गुना से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी के साथ ही नैनवां और धौलपुर में भी कुल उपलब्ध आवासों से ज्यादा संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन सभी योजनाओं में मूलभूत सुविधाएं जैसे सुव्यवस्थित सड़कें, सीवरेज प्रणाली, पानी एवं बिजली की माकूल व्यवस्था, ग्रीन पार्क एवं ओपन स्पेस, पार्किंग की सुविधा, आदि शामिल है।

## बकाया लीज राशि एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज में मिलेगी 100 फीसदी छूट

**फ्री होल्ड पट्टा लेने या लीज राशि जमा कराने पर 60 प्रतिशत की मिलेगी छूट**

महानगर संवाददाता

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा 17 सितम्बर से शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 17 अक्टूबर तक चलेगा। शिविर में आमजन को बकाया लीज राशि एकमुश्त जमा कराने पर सरकार की ओर से ब्याज में शत प्रतिशत छूट मिलेगी। वहीं फ्री होल्ड पट्टा लेने या बकाया लीज राशि जमा कराने पर 60 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस सम्बंध में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग ने रविवार को आदेश जारी कर दिए है। इसके अलावा पट्टों या लॉटरी के माध्यम से लिए गए भूखंड पर तय समयावधि में निर्माण नहीं करने वालों से पुर्नग्रहण शुल्क में छूट दी जाएगी।

## विश्वमांगल्य सभा की अखिल भारतीय बैठक सम्पन्न




- 15 प्रान्तों की 130 प्रतिनिधि हुई सहभागी
- संस्कार, सामर्थ्य, सदाचार और सेवा के चार सूत्रों से महिलाओं को सशक्त बनाने का आह्वान

महानगर संवाददाता

जयपुर। विश्वमांगल्य सभा की अखिल भारतीय अर्धवार्षिक दो दिवसीय बैठक रविवार को न्यू सांगानेर रोड स्थित रूद्र विलास में सम्पन्न हुई। बैठक में उत्तर भारत के 15 प्रान्तों की लगभग 130 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें संगठन को और मजबूत बनाने, नई पदाधिकारी नियुक्तियों और भावी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर सांसद डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार परिवार में माता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, उसी प्रकार विश्वमांगल्य सभा मातृत्व की शक्ति को समाज निर्माण में केंद्रित कर रही है। सभा के सिद्धांत भविष्य के भारत निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

सभा के संस्थापक आचार्य स्वामी जितेन्द्रनाथ महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीगोविन्ददेव जी की पावन नगरी में यह आयोजन संगठन को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने का आशीर्वाद लेकर आया है।

उन्होंने महिलाओं को 'संस्कार, सामर्थ्य, सदाचार और सेवा' के मार्ग पर चलकर समाज को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा देवी खंडेलवाल, राष्ट्रीय सचिव डॉ. वर्षाली जोशी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। समापन पर जयपुर प्रान्त अध्यक्ष सुनीता राजोरिया ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 सफलता पूर्वक संपन्न

# दो दिनों में 3.76 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आजमाया भाग्य

**बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़**

**जयपुर में पकड़ा डमी कैंडिडेट, भतीजे की जगह देने आया था एग्जाम**

महानगर संवाददाता

जयपुर। पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर दो दिन राजधानी में अभ्यर्थियों की गहमागहमी रही। 10 हजार रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस परीक्षा के लिए कुल 5 लाख 24 हजार 740 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 3 लाख 76 हजार 902 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। दोनों दिनों में करीब 72 फीसदी अभ्यर्थियों ने इसमें हिस्सा लिया। हालांकि भर्ती परीक्षा में जयपुर में एक डमी अभ्यर्थी पकड़ा गया। भतीजे की जगह चाचा एग्जाम देने आया था। उधर एग्जाम खत्म होने के बाद बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भीड़ उमड़ पड़ी।



### श्रीगंगानगर में प्रश्न बक्सों की हुई अदला-बदली

पुलिस के अनुसार तकनीकी गलती के कारण गुरुनानक खालसा स्कूल का बॉक्स एसजीएन खालसा कॉलेज में और एसजीएन का बॉक्स गुरुनानक स्कूल में पहुंच गया। स्कूल में 408 और कॉलेज में 600 परीक्षार्थी थे। कम पेपर मिले तो प्रश्न-पत्रों की कमी को पूरा करने के लिए पहले रिजर्व प्रश्न-पत्रों का उपयोग किया गया। इसके बाद स्कूल से अतिरिक्त प्रश्न-पत्रों को नियमानुसार सील कर, वीडियोग्राफी के साथ एसपी की मौजूदगी में दूसरे केंद्र पर भेजा गया। इन केंद्रों पर स्टूडेंट्स को 20 मिनट का अतिरिक्त समय मिला।

### जयपुर में एआई ने दिखाया कमाल, पकड़ा गया मुन्नाभाई



राजधानी जयपुर में भूपेंद्र गुर्जर और धर्मवीर गुर्जर को डिटेन किया गया। मुरलीपुरा के शहीद हिम्मत सिंह सीनियर सेकंडरी स्कूल में सेंटर था, जिसमें भूपेंद्र गुर्जर का रोल नंबर, सेंटर कोड, सेंटर का नाम सहित बायोमेट्रिक कैप्चर, फोटो पाया गया। बायोमेट्रिक में पाया गया कि वह महावीर वर्धमान ओपन यूनिवर्सिटी की परीक्षा में अन्य नाम से सम्मिलित हुआ है। बायोमेट्रिक जांच सामने आने पर भूपेंद्र से पूछताछ की गई। तकनीकी सहायता से 1 जून 2025 को अपनी बायोमेट्रिक भतीजे धर्मवीर के नाम पर प्री डीएलएड एग्जाम में यूज ली थी। भतीजे की जगह डमी कैंडिडेट के रूप में बैठकर उसको कॉम्पीटिशन एग्जाम पास करवाया था, जिससे धर्मवीर बिना परीक्षा के ही केबीएम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज बौंली सवाईमाधोपुर से बीएसटीएसी कर रहा है। इस प्रकार बायोमेट्रिक के चलते मुन्ना भाई को पकड़ा गया है। एआई तकनीक के चलते ही बायोमेट्रिक लेने पर पुरानी दी गई एग्जाम की डिटेल शो कर गई।

इससे पहले परीक्षा में श्रीगंगानगर में गड़बड़ी सामने आई है। रविवार को पहली पारी में दो सेंटर्स के प्रश्न-पत्र की अदला-बदली हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। एसपी अमृता दुहन ने बताया कि पेपर्स बदले जरूर थे, लेकिन इनकी गोपनीयता बनी रही थी। उन्होंने बताया कि प्रश्न-पत्र बॉक्स पर लेबल कोड में तकनीकी गलती के कारण ऐसा हुआ था। भीलवाड़ा में दूसरे जिलों से पहुंचे कैंडिडेट्स ने परीक्षा इंतजामों को नाकाफी बताया। उन्होंने कहा कि काफी दूर-दूर सेंटर दिए गए।

# अलवर में खेल और शिक्षा का संगम, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने दी सौगातें

**69वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता से ई-लाइब्रेरी तक, अलवर सांसद ने दिए विकास और खेलों को नए आयाम**

महानगर संवाददाता



जयपुर/अलवर। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को जिले में एक साथ खेल और शिक्षा की बड़ी सौगातें दीं। इंदिरा गांधी स्टेडियम में 69वीं जिला स्तरीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ कर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई, वहीं भिवाड़ी के आलमपुर क्षेत्र में अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण कर ग्रामीण युवाओं के लिए डिजिटल शिक्षा के नए द्वार खोले।

अपने संबोधन में यादव ने हिंदी दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी के उस फैसले का जिक्र किया, जिसमें मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में शुरू की गई। उन्होंने बताया कि जिले में 106 से अधिक ई-लाइब्रेरी बनाई जा रही हैं। वहीं, आलमपुर भिवाड़ी में शुरू हुई नई ई-लाइब्रेरी में 42 आधुनिक कंप्यूटर लगाए गए हैं। इन लाइब्रेरियों के जरिए छात्रों को डिजिटल कोर्सेज, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और कॅरियर बिल्डिंग में मदद मिलेगी।

भिवाड़ी क्षेत्र के समग्र विकास पर मंत्री ने कहा कि जलभराव और गंदे पानी की समस्या का समाधान 34 एमएलडी एसटीपी संयंत्र से होगा।



### 10 करोड़ से हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान की स्वीकृति

मंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे अभियान देश को स्वस्थ और सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि इस बार अलवर टाइगर मैराथन अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी, जिसमें दुनिया के नामचीन धावक भाग लेंगे। इंदिरा गांधी स्टेडियम में 7 करोड़ की लागत से एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक और 10 करोड़ से हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान की स्वीकृति मिल चुकी है। सांसद खेल उत्सव का रजिस्ट्रेशन भी युवाओं में जोश भर रहा है।

## समाज में राष्ट्रभावना जागृत करने का सशक्त माध्यम बनेगा सेवा पखवाड़ा : लखावत



- भाजपा जयपुर देहात दक्षिण की कार्यशाला सम्पन्न
- सेवा पखवाड़ा के लिए बनी रूपरेखा
- जिलाध्यक्ष गुर्जर ने जताया अव्वल बनने का संकल्प

महानगर संवाददाता

जयपुर। भाजपा जयपुर देहात दक्षिण की जिला कार्यशाला रविवार को प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर-2 अक्टूबर) को लेकर व्यापक रणनीति तय की गई।

बैठक में मुख्य वक्ता राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत ने कहा कि सेवा ही संगठन का सार है और सेवा पखवाड़ा समाज में राष्ट्रभावना जागृत करने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने की। उन्होंने कहा कि जयपुर देहात दक्षिण सेवा कार्यों में प्रदेशभर में अव्वल रहेगा। गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश 'सेवा ही संगठन' हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायी है।

बैठक में निर्णय हुआ कि सेवा पखवाड़ा के दौरान जिलेभर में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, 'वोकल फॉर लोकल' कार्यक्रम, दिव्यांग सम्मान समारोह, सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं और गांधी जयंती पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अपूर्व सिंह, प्रदेश मंत्री अजीत मांडल, स्टेफी चौहान, विधायक डॉ. कैलाश वर्मा, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## अंग्रेजी व हिंदी माध्यम के लिए अलग-अलग शिक्षक लगाने की मांग

**शिक्षकों पर दोहरा भार स्वीकार नहीं, अरस्तु ने भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन**

महानगर संवाददाता

जयपुर। अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ अरस्तु ने स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 98 अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में ही हिंदी माध्यम से शिक्षण व्यवस्था करने के आदेश जारी किए हैं, जबकि दोनों माध्यम के लिए अलग-अलग स्टाफ होना चाहिए। बिना स्टाफ दोनों माध्यम जारी रखने से तो खिचड़ी व्यवस्था हो जाएगी। इस विषय पर शिक्षक संघ अरस्तु की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने बताया कि यदि ऐसा करना सही है, तो अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अलग से स्टाफ लगाने की क्या आवश्यकता हुई है। अग्रवाल ने बताया कि निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट ही नहीं है कि इन स्कूलों में हिंदी माध्यम की कक्षाएं कौन सी पारी में चलेंगी या एक ही पारी में दोनों माध्यम की कक्षाएं चलेंगी।

बल्कि आदेश में कहा गया है कि अंग्रेजी माध्यम कक्षाओं में अध्यापन कार्य हिंदी माध्यम के अध्यापकों द्वारा ही किया जा रहा है, हिंदी माध्यम की कक्षाओं में अध्यापन का कार्य उपलब्ध अध्यापकों से ही कराया जाएगा।

अग्रवाल ने बताया कि इससे साफ है कि हिंदी माध्यम के लिए अलग से शिक्षक उपलब्ध नहीं करवाए जाएंगे। अंग्रेजी माध्यम के लिए नियुक्त शिक्षक ही हिंदी माध्यम के छात्रों का शिक्षण कार्य करेंगे, इससे तो इन हाईब्रिड स्कूलों में शिक्षकों पर दोहरा भार आ जाएगा।

संगठन ने इस अव्यावहारिक आदेश पर तीव्र प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छात्रों के लिए दोनों माध्यम उपलब्ध कराना अच्छी बात है, परन्तु दोनों माध्यमों के लिए स्टाफ भी अलग-अलग होना चाहिए। जहां बिल्डिंग कम है, वहां दो पारी में स्कूलों के संचालन की व्यवस्था की जाए। संगठन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 98 अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को हाइब्रिड में बदलने से प्रदेश की होने वाली किरकिरी से बचने के लिए ऐसी स्कूलों में अलग अलग स्टाफ लगाया जाए, अन्यथा जारी आदेश पर रोक लगाई जाए।

शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक्स्ट्रा कैमरे लगाने के मामले में दिया बयान

# भंवरी कांड करने वाले भी कांग्रेसी ही थेः दिलावर

महानगर संवाददाता

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि कैमरे तो कांग्रेस कार्यालय में भी लगे है, तो क्या वहां प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने महिला कांग्रेस नेताओं को देखने के लिए कैमरे लगाए हैं। राजस्थान विधानसभा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुचिता वाले अध्यक्ष हैं, उनके बारे में ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए।



दिलावर रविवार को राजधानी में अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में डोटासरा के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पर एक्स्ट्रा कैमरे लगाने के मामले पर बयान दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि नैतिकता की बातें करने वालों के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी तो महिलाओं को किस करते हैं। उनके कंधों पर हाथ रखकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि भंवरी कांड हो या अजमेर ब्लैकमेल कांड, करने वाले भी कांग्रेसी ही थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि डोटासरा ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पर महिलाओं की निजता भंग करने के गलत आरोप लगाए हैं। चरित्रहीन व्यक्ति ही इस तरह की बात कर सकता है।

### कांग्रेस कार्यालय में भी लगे हैं कैमरे

मदन दिलावर ने कहा कि कैमरे तो लोकसभा में भी लगे हुए हैं। विधानसभा की हां पक्ष और ना पक्ष लॉबी में भी लगे हुए हैं। यहां तक कि कांग्रेस के कार्यालय में भी लगे हुए हैं। क्या गोविंद सिंह डोटासरा ने वहां कैमरे महिला विधायक और कार्यकर्ताओं को देखने के लिए लगवाए हुए हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष की छवि बेदाग

मदन दिलावर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की छवि बेदाग है। कांग्रेसी नेता उनको लेकर अनर्गल और झूठी बयानबाजी कर सकते हैं। उनकी छवि पर कोई दाग नहीं लगा सकते हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के शुचिता वाले लोगों में से एक हैं। उनका चरित्र भी श्रेष्ठतम लोगों जैसा ही है।

### कांग्रेसी तो हलाला के भी पक्षधर

मदन दिलावर ने कहा कि कांग्रेस के लोग तो हलाला के भी पक्षधर हैं। मुस्लिम महिला और पुरुष में अगर किसी तरह की अनबन हो तो मुस्लिम पुरुष तीन बार तलाक बोल कर तलाक ले लेता था। इन सब के बावजूद अगर महिला और पुरुष के बीच समझौता होता है, तो महिला को पवित्र होने के लिए कई पुरुषों के पास रात बितानी पड़ती है। इसे यह लोग पवित्रता मानते हैं। कांग्रेस के लोग इस सोच के हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को तो आप अच्छी तरह जानते ही हैं। वह किस तरह मीटिंग और पब्लिक रैली में व्यवहार करते हैं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter
www.mahanagartimes.com

### राज्यस्तरीय हिंदी दिवस समारोह में लेखकों और विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# हिंदी बोलने में संकोच नहीं, बल्कि गर्व करना चाहिए : डॉ. प्रेमचंद बैरवा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों की अविरल धारा को जीवंत एवं सुरक्षित रखने में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी बोलने में संकोच नहीं, बल्कि गर्व का अनुभव करना चाहिए। हिंदी संवाद की भाषा ही नहीं, बल्कि भारतीयता का गौरव और हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। हिंदी दिवस पर जयपुर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सभी से हिंदी के विकास और पहचान के लिए प्रत्येक कार्य, व्यवहार और प्रशासनिक गतिविधियों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का आह्वान किया।



मुख्य वक्ता यूनिवर्सल एम्बेसडर आइकैन डॉ. बालेंदु शर्मा दाधीच ने एआई के इस्तेमाल में हिंदी के प्रचार-प्रसार में कृत्रिम बुद्धिमता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई का उपयोग और उसकी उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और सरकारी सेवाओं में हिंदी को बढ़ावा देने में एआई बड़ी भूमिका निभा सकता है। कार्मिक विभाग के शासन सचिव केके पाठक ने भी हिंदी भाषा की साहित्यिक एवं समृद्ध संस्कृति पर प्रकाश डाला।

स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से हिंदी भाषा के प्रचार, उपयोग और सुविधाओं के विस्तार के लिए मंडल, जिला एवं पंचायत समिति स्तर के 264 पुस्तकालयों के नवीन भवनों का निर्माण करवाया जा चुका है।

इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने हिंदी साहित्य में योगदान के लिए विभिन्न उपन्यास और निबंध संग्रह का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक परीक्षा में हिंदी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 342 विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स लंदन की ओर राज्य के शिक्षा विभाग को 5 दुर्लभ प्रजातियों के 17 लाख से अधिक पेड़ लगाने पर प्रमाण पत्र भी दिया गया।

## सांगानेर अग्रवाल समाज की महाआरती 22 को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अग्रसेन सेवा समिति सांगानेर द्वारा महाराज अग्रसेन जयंती महोत्सव पर 22 सितंबर को शाम 5:30 बजे टोंक रोड सीताबाड़ी स्थित जमुना गार्डन में महाआरती का आयोजन होगा। इसमें क्षेत्र के समस्त अग्र बंधु शामिल होंगे।

समिति अध्यक्ष मुकुट बिहारी गोयल, सचिव योगेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर 23 सितंबर को शाम 5:30 बजे से राम मंदिर माथुर वैश्य नगर सीताबाड़ी के सामने विख्यात कलाकारों द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन रखा गया है, जिसमें गायक कलाकारों द्वारा महाराज अग्रसेन से संबंधित भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

### सिविल लाइंस विधायक के नेतृत्व में 'विजन सिविल लाइंस समिट' का आयोजन

# जनसहयोग से क्षेत्र में लिखी जाएगी विकास की नई कहानी : गोपाल शर्मा





### प्रबुद्धजनों ने रखा विकास का विजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में रविवार को 22 गोदाम स्थित होटल होलीडे इन में सिविल लाइंस विजन समिट का आयोजन हुआ। समिट में जयपुर के प्रमुख व्यापारी, उद्योगपति, सामाजिक संगठनों और शिक्षा जगत की जानी-मानी हस्तियां बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान और सतत विकास के लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देना था। विधायक गोपाल शर्मा ने समिट में उपस्थित प्रबुद्धजनों को विस्तृत प्रजेंटेशन के माध्यम से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार और आधारभूत संरचना की चुनौतियों से भी अवगत कराया। शर्मा ने बताया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) से बड़े पैमाने पर संसाधन जुटाए जा सकते हैं। विधायक शर्मा ने आश्वासन दिया कि जनसहयोग से क्षेत्र में विकास की नई कहानी लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जहां जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और व्यापारिक समुदाय सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति के लिए एकजुट हैं।

**सहयोग की अपील**

विधायक शर्मा ने व्यापारिक समुदाय से अपील की कि वे अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने सिविल लाइंस को मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाने के अपने विजन को साझा करते हुए प्रबुद्धजनों से नियमित फीडबैक और सुझाव देने आह्वान किया।

**प्रबुद्धजनों का समर्थन**

कार्यक्रम में शामिल सामाजिक-व्यापारिक संगठनों और शिक्षा जगत की हस्तियों ने विधायक की इस पहल की सराहना की और सिविल लाइंस को प्राथमिकता देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने इस समिट को सामाजिक विकास और क्षेत्र को समृद्ध बनाने की दिशा में एक अभिनव कदम बताते हुए सिविल लाइंस को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत बताया।

### 87 कॉलोनियों के अस्तित्व पर संकट, प्रेरणा नगर में नियमन संघर्ष समिति की बैठक

# 'हाईकोर्ट में सरकार रखे दमदार पक्ष, कॉलोनियों को अवैध ठहराना अन्याय'

**मांग उठी: लिखित प्रमाण पेश करे सरकार, अगली बैठक 17 को**



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर स्थित प्रेरणा नगर की 87 कॉलोनियों को बचाने की जंग अब तेज हो गई है। रविवार को नियमन संघर्ष समिति ने विशेष बैठक बुलाकर साफ कहा कि हाईकोर्ट में सरकार को मजबूती से पक्ष रखना होगा। समिति ने कहा कि यदि पैरवी कमजोर रही तो हजारों परिवारों का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से मांग रखी गई कि राज्य सरकार अदालत में कॉलोनियों के विकास कार्य और सहकारी समितियों के पंजीकरण की पूरी हकीकत दस्तावेजी सबूतों के साथ पेश करे। साथ ही कॉलोनियों की ओर से एक वरिष्ठ अधिवक्ता नियुक्त करने पर भी जोर दिया गया। समिति ने फैसला किया कि अगली बैठक 17 सितंबर को होगी। निवासियों ने समिति को समर्थन देने का भरोसा दिलाया और कहा कि यह लड़ाई उनके घर-आंगन और भविष्य की सुरक्षा की है।

**निवासियों ने कहा : विकास में बहाया खून-पसीना**



बैठक में पहुंचे सैकड़ों निवासियों ने भावुक अंदाज में कहा कि 30-40 साल से बसी कॉलोनियों को अब अवैध करार देना सरासर अन्याय है। समिति अध्यक्ष रघुनंदन सिंह ने कहा कि पानी, बिजली, सड़क, सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं और ये कॉलोनियां पंजीकृत सहकारी समितियों से विकसित हुई थीं। ऐसे में इन्हें अवैध कहना न्याय और मानवीयता दोनों के खिलाफ है।

**नेताओं ने भी दिया साथ**

बैठक में सांगानेर नगर परिषद अध्यक्ष रामसिंह सैनी, पार्षद वशिष्ठ सिंह जाटव (वार्ड 95), महेंद्र मीणा (वार्ड 101), घनश्याम शर्मा (वार्ड 102) और भूपेंद्र शर्मा (वार्ड 115) मौजूद रहे। सभी ने समिति की पहल की सराहना की और कहा कि अदालत में दमदार पैरवी ही अब एकमात्र रास्ता है।

### आत्महत्या के प्रति धारणा में बदलाव के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियां

## स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों में आउटरीच सत्र एवं आईईसी गतिविधियों का आयोजन

महानगर संवाददाता

जयपुर। आत्महत्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जो विद्यार्थियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को प्रभावित करती है। इस समस्या के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं रोकथाम को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गत 10 सितंबर से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की ओर से विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। इसके तहत इस सप्ताह जिले में स्कूल, कॉलेज व कोचिंग संस्थानों में आउटरीच सत्र एवं आईईसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ये विभिन्न सत्र 10 अक्टूबर से चलेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इन सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह अवसर प्रदान करना है कि वे अपने शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों से पढ़ाई, कॅरियर एवं व्यक्तिगत समस्याओं पर खुले मन से संवाद स्थापित कर सकें। जिला नोडल अधिकारी (डीएमएचपी) डॉ. गजानंद वर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 से प्रारंभ किए गए चलो बात करें अभियान को भी सतत रूप से आगे बढ़ाया जाएगा, जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों, किशोरों एवं युवा वयस्कों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए सकारात्मक संवाद और सहयोगात्मक वातावरण निर्मित किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित इन गतिविधियों की रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित की जाएगी।

## माहेश्वरी समाज ने महेश मेले में 'जूठन नहीं छोड़ने' का दिया संदेश



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री माहेश्वरी समाज की ओर से विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को आयोजित 59वीं सामूहिक गोठ एवं महेश मेला हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन में भोजन को मां अन्नपूर्णा का प्रसाद मानकर ग्रहण किया गया।

परिणामस्वरूप किसी ने आवश्यकता से अधिक भोजन नहीं लिया और न ही थाली में जूठन छोड़ा। समाजबंधुओं ने संकल्प लिया कि वे घर और हर आयोजन में 'जूठन नहीं छोड़ेंगे' की सीख को जीवन में अपनाएंगे तथा बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

समाज अध्यक्ष उमेश सोनी एवं महामंत्री सीए रोहित परवाल ने बताया कि आयोजन का उद्घाटन प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी नरेश अजमेरा ने किया। मुख्य अतिथि राकेश राठी, विशेष अतिथि घनश्याम दास मूंदड़ा, विशिष्ट अतिथि सुधीर जाजू एवं स्वागताध्यक्ष कैलाश कालानी ने भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज के छह गौरवों को उनके कार्य, कौशल एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। युवाओं और बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। हजारों समाजबंधुओं ने सामूहिक गोठ में प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया और 'उतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में' का संदेश आत्मसात किया। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के कई पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री एवं विभिन्न पूर्व पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विश्वस्तरीय डेंटल इम्प्लांट कॉन्फ्रेंस के पोस्टर का विमोचन



### 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आमेर में होगी आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आमेर स्थित एक होटल में विश्वस्तरीय डेंटल इम्प्लांट कॉन्फ्रेंस ऑसिकॉन-2025 का आयोजन 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस के एडवाइजर व चेयरमैन मीडिया डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के पोस्टर का विमोचन जयपुर क्लब में कॉन्फ्रेंस ऑर्गेनाइजिंग कमेटी एवं राजस्थान के वरिष्ठ दंत चिकित्सकों द्वारा किया गया। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. गौरव पाल सिंह ने बताया कि डेंटल इम्प्लांटोलॉजी के क्षेत्र में नवाचार, ज्ञान-विस्तार और अनुभव साझा करने का सबसे प्रभावशाली मंच ऑसिकॉन-2025 इस वर्ष आयोजित किया जा रहा है। इसमें 1200 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय डेलिगेट्स इम्प्लांट, जायगोमैटिक इम्प्लांट, प्टेराइगोइड इम्प्लांट, बोन ग्राफ्टिंग, साइनस लिफ्टिंग, मैक्सिलोफेशियल रीकंस्ट्रक्शन, ओक्लूजन एवं फुल माउथ रिहैबिलिटेशन (टी-स्कैन और ऑल ऑन फोर) जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर ज्ञान प्राप्त करेंगे। आयोजन सचिव डॉ. संकल्प मित्तल ने बताया कि इस मंच पर देश-विदेश के श्रेष्ठ वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और शोधकर्ता अपने अनुभव साझा करेंगे। कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. सतीश भारद्वाज ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में साइंटिफिक पेपर्स, रिसर्च पेपर्स के साथ ही दंत चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक व नवीनतम तकनीक की जानकारी दी जाएगी। चेयरमैन डॉ. एचएल गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. धवल गोयल, डॉ. आलोक भारद्वाज एवं एडवाइजर डॉ. विनोद बिहानी, डॉ. पवन अग्रवाल, डॉ. डीके गुप्ता, डॉ. प्रदीप जैन, डॉ. धर्मेंद्र शर्मा, डॉ. जेएस वालिया, डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. रिम्मी शेखावत, डॉ. नीलम माहेश्वरी, डॉ. राम थानवी, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. नीरज सारस्वत का सहयोग रहेगा।

## एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। हर नागरिक को अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए जिम्मेदारी निभानी चाहिए। विशेष अतिथि डॉ. अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि युवा पौधारोपण को उत्सव की तरह मनाएं और पेड़ों की देखभाल भी सुनिश्चित करें। इस अवसर डॉ. शाहनवाज, डॉ. परेश जैन, डॉ. श्रीकृष्णा मिश्रा सहित ट्रस्ट एवं विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कौशल सत्यार्थी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक सार्थक पहल हुई, बल्कि मातृत्व के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण का संदेश भी दिया गया।



### मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई

# आमजन को मौके पर ही समस्या का समाधान कर दी राहत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से जन कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई में जनसमस्याओं का निस्तारण मौके पर ही हो रहा है और आमजन को त्वरित राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री शर्मा हर सोमवार मुख्यमंत्री निवास पर जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और परिवेदनाएं सुनते हैं और संबंधित विभागों को तत्काल समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित करते हैं। इससे प्रशासनिक तंत्र में संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान की परंपरा विकसित हुई है।



बाड़मेर जिले के शहीद उगम सिंह की वीरांगना किरण कंवर को मुख्यमंत्री के निर्देश पर बड़ी राहत मिली। उनकी पुत्री ज्योति राठौड़ को शहीद आश्रित कोटे से केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड बाड़मेर में निरीक्षक ग्रेड द्वितीय के पद पर नियुक्ति दी गई। इसी प्रकार अलवर जिले की सुनीता सैनी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पंजीकरण नहीं हो पाने के कारण अपने पुत्र रिनित का अपेंडिक्स का इलाज नहीं करवा पा रही थी। जनसुनवाई के दौरान उनकी समस्या सामने आने पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए और सुनीता के पुत्र का इलाज मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत हो पाया। एक अन्य प्रकरण में जोधपुर जिले की दिव्यांग संजू ने जब आवागमन में होने वाली परेशानी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया तो उन्होंने जिला कलेक्टर को निर्देशित कर संजू को स्कूटी उपलब्ध करवाई। अब दिव्यांग महिला की राह सुगम हो गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचने वाले लोगों के चेहरे पर समस्या का समाधान होने की खुशी नजर आती है।

## बैनाड़ा धाम में प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक



महानगर संवाददाता

**बस्सी।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से 5 अक्टूबर को हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला, श्री सिद्धीपीठ बैनाड़ा धाम में होने वाली सामूहिक गोठ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर रविवार को बैनाड़ा धाम में बैठक हुई।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचन्द शर्मा ने बताया कि समारोह में 2025 में सेकण्डरी, सीनियर सेकण्डरी, स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में चयनित प्रतिभाओं तथा राजकीय सेवाओं में चयनित युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक सुभाष गोगोरिया, राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा, कोषाध्यक्ष शम्भू कुईवाला, प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण कांजला, सह कोषाध्यक्ष गोपाललाल गोविन्दपुरा सहित समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव के पत्रक एवं पोस्टर का किया विमोचन



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** अग्रसेन भवन श्रीमाधोपुर में अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, उपाध्यक्ष हरि गोकुलका, नवयुवक मंडल एवं कार्यकारिणी महिला सदस्य द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के पत्रक एवं पोस्टर का विमोचन किया गया।

अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी ने बताया कि श्रीमाधोपुर अग्रवाल समाज समिति एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल और महिला सदस्यों द्वारा 22 सितंबर को श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के तहत 18 से 22 सितंबर तक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, अग्रवाल महिला डांडिया महोत्सव एवं छोटे बच्चों के लिए अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 22 सितंबर को श्री अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी और उसके बाद शाम 7 बजे मुख्य समारोह होगा। इस अवसर पर अग्रवाल समाज समिति बजरंगलाल केडिया, प्रियाशरण पटवारी, सुरेश पटवारी, बजरंगलाल अमरसरिया, महिला कार्यकारिणी सदस्य पूजा चौधरी, तृप्ति चौधरी, प्रियंका चौधरी, भूमिका चौधरी, बबीता गोपालका, उषा नारेडी, नवयुवक मंडल सदस्य मुकेश अग्रवाल, योगेश चौधरी, आशीष चौधरी, आयुष बजाज, अमित अग्रवाल, अमित गोपालका, अनूप अमरसरिया एवं समाज के गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

## प्रज्ञा लाइब्रेरी में सहयोग करने वाले भामाशाहों का किया सामान

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को सिद्ध पीठ गायत्री शक्तिपीठ में निशुल्क संचालित प्रज्ञा पुस्तकालय में सहयोग करने वाले दानदाताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



गायत्री परिवार नवलगढ़ के ब्लॉक प्रभारी कृष्ण कुमार दायमा ने बताया कि प्रज्ञा लाइब्रेरी में 10000 रुपए की प्रतियोगिता पुस्तकें खरीद कर देने वाले श्रीमती श्रृंगारी देवी कन्हैयालाल पाटोदिया चैरिटेबल ट्रस्ट के अवधेश श्राफ, 40000 रुपए की टेबल्स देने वाले भामाशाह जगदीश जागिड़, गायत्री परिवार द्वारा भामाशाहों के प्रेरित करने वाले अलायंस क्लब के डॉक्टर दयाशंकर जांगिड़, ट्रस्ट के अवधेश श्राफ, भामाशाह जगदीश जागिड़ का माला, गायत्री मंत्र का दुपट्टा तथा साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि एलाइंस इंटरनेशनल क्लब के डॉ. दयाशंकर जांगिड़ रहे। विशिष्ट अतिथि मोहनलाल चूड़ीवाल, समाज सेवी कैलाश चोटिया, ठाकुर आनंद सिंह शेखावत रहे। अध्यक्षता गायत्री परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी के भास्कर बी रावल ने की। मुख्य अतिथि डॉ. जांगिड़ ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा किए जा रहे शिक्षा, साधना, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति आंदोलन के कार्य सराहनीय हैं।

### नगर परिषद ने वार्डवार कार्यक्रम किया निर्धारित

# सीकर में शहरी सेवा अभियान का द्वितीय चरण 17 सितम्बर से

महानगर संवाददाता



**सीकर।** नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शहरी नागरिकों को प्रदत्त सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान तथा शहरी क्षेत्र को सुन्दर व सुव्यवस्थित बनाए जाने के लिए जनहित में 'शहरी सेवा अभियान-2025' के द्वितीय चरण का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। नगर परिषद सीकर द्वारा प्रातः 9.30 से सायं 6 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिविर में सम्पूर्ण शहर की वृहद स्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था, सीसी, डामर सड़क मरम्मत एवं पेचवर्क के कार्य, स्ट्रीट लाइट को दुरस्त करना, अन्धेरी व सुनसान सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाना, प्रमुख चौराहों, डिवाइडरों, पार्कों, सामुदायिक केन्द्र, रैन बसेरा व अन्य सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव एवं सौन्दर्यीकरण, आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही, जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेन्स, साइनेज लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, ओ.एफ.सी., मोबाइल टावर एनओसी, इंडेव्यूएस प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य किए जाएंगे।

इसी प्रकार अनुमादित योजना के पट्टे, धारा 69-ए. 54 ई. 50 बी, 60-सी के अंतर्गत पट्टे, उपविभाजन पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण, खांचा भूमि, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना, यूडी टैक्स जमा करवाना, फ्लैगशिप योजनाओं के तहत स्वीकृति जारी करना, सार्वजनिक योजनाओं के तहत स्वीकृति जारी करना, वृद्धावस्था, विकलांग, विधवा पेंशन का कार्य, पी.एम. स्वनिधि एवं सीएम स्वनिधि के अनुरूप लक्ष्य व लम्बित आवेदन पत्रों का ऋण वितरण, निस्तारण नगर परिषद द्वारा किए जाएंगे।

नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि शिविर 17 सितम्बर को वार्ड संख्या 1 से 3, 18 सितम्बर को 4 से 6, 19 सितम्बर को 7 से 9, 20 सितम्बर को 10 से 12, 23 सितम्बर को 13 से 15 में, 24 सितम्बर को 16 से 18, 25 सितम्बर को 19 से 21, 26 सितम्बर को 22 से 24, 27 सितम्बर को 25 से 27, 29 सितम्बर को 28 से 30, एक अक्टूबर को 31 से 33, तीन अक्टूबर को 34 से 36, 4 अक्टूबर को 37 से 39, 6 अक्टूबर को 40 से 42, 7 अक्टूबर को 43 से 45, 8 अक्टूबर 46 से 48, 9 अक्टूबर को 49 से 51, 10 अक्टूबर को 52 व 53, 11 अक्टूबर को 54 व 55, 13 अक्टूबर को 56 व 57, 14 अक्टूबर को 58 व 59, 15 अक्टूबर को 60 व 61, 16 अक्टूबर को 62 व 63, 17 अक्टूबर को वार्ड नम्बर 64 व 65 के शिविर कार्यालय नगर परिषद सीकर में आयोजित किए जाएंगे।

### दूध पीकर खाया मिडडे मील, 49 बच्चों को उल्टी व पेट दर्द की शिकायत पर कराया था भर्ती

# शिक्षक को किया निलंबित, जांच के लिए भिजवाए सैंपल

**राउमावि चूड़ियावास का मामला, कैबिनेट मंत्री व कलेक्टर ने अस्पताल पहुंच पूछी कुशलक्षेम, विभागीय स्तर पर दिए जांच के आदेश**

महानगर संवाददाता

**दौसा।** जिले के नांगल राजावतान क्षेत्र के राउमावि चूड़ियावास में शनिवार को मिडडे मील खाने के बाद 49 बच्चों को उल्टी व पेटदर्द की शिकायत के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अशोक कुमार शर्मा ने स्कूल के शिक्षक रामजीलाल मीणा को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। वहीं उपचाराधीन कई बच्चों को छुट्टी दे दी गई है।



**दोषी के खिलाफ होगी कार्रवाई**

कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि मिडडे मील में करीब 200 बच्चों ने खाना खाया था। इनमें से जिन बच्चों की तबीयत खराब हुई, उनकी स्थिति स्थिर व सामान्य है। स्कूल शिक्षा विभाग और चिकित्सा विभाग की टीम को स्कूल भेजा गया है, जहां से सैंपल लेकर जांच की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि जिले के चूड़ियावास गांव स्थित राउमावि में शनिवार को 49 बच्चों ने पहले दूध पीया और मिडडे मील में आलू की सब्जी और चपाती खाई तो उनके उल्टी और पेट दर्द होने लगा। हालत बिगड़ने पर बच्चों को नांगल राजवातन के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से 19 बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में सभी 49 बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की गंभीरता को समझते हुए कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा तथा कलेक्टर देवेंद्र कुमार जिला अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी लेकर विभागीय स्तर पर जांच के आदेश दिए। वहीं फूड पॉइजनिंग के कारणों का पता लगाने के लिए सैंपल जांच के लिए भिजवाए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीताराम मीणा ने बताया कि राउमावि चूड़ियावास में शुक्रवार सुबह बच्चों ने दूध पीया था और मिडडे मील में आलू की सब्जी और चपाती खाने के बाद दोपहर करीब 12 बजे बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी और उल्टी व पेटदर्द की शिकायत सामने आई। इस पर आनन फानन में स्कूल स्टाफ ने बच्चों को पहले तो स्कूल में ही फर्श पर लेटा दिया, लेकिन हालत बिगड़ने पर नांगल राजावतान अस्पताल पहुंचाया। यहां से 19 बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में अन्य बच्चों के परिजनों ने भी अपने बच्चों को जिला अस्पताल भर्ती कराया।

मिडडेमील खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना पर कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल और कलेक्टर जिला अस्पताल पहुंचे। पीएमओ डॉ. आरके मीणा ने बताया कि इमरजेंसी यूनिट में 49 बच्चों को भर्ती कर चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है।

## 'राष्ट्रीय हिन्दी दिवस' पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन



महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितम्बर को 'राष्ट्रीय हिन्दी दिवस' मनाया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि एक भाषा के रूप में हिन्दी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन के मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की रक्षक और संवाहक भी है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने बताया कि भाषा हमारे व्यक्तित्व की पहचान होती है। भाषा के माध्यम से ही अपनी पहचान और संस्कृति को संरक्षित रख सकते हैं। हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं एन.एस.एस. प्रभारी अंजू सैनी ने छात्राओं को 'राष्ट्रीय हिन्दी दिवस-2025' पर 'हिन्दीः राष्ट्रीय एकता और वैश्विक पहचान की ताकत' के विषय में बताते हुए दैनिक जीवन में हिन्दी भाषा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। चंचल, ग्रेसी, स्नेहा, नाजिया, तनिष्का, अनिशा, कोमल, जीया, लक्षिता, सिया तथा नंदनी आदि छात्राओं ने भाषण व कविता के माध्य से विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी पिकेश सहित समस्त स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## लोहार्गल मेले में चौबीस कोसीय मालकेतु पर्वत परिक्रमा पर लगाए गए भंडारे की समीक्षा



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** नेताजी भोलाराम सैनी स्मृति सेवा संस्थान जिला झुंझुनूं की बैठक रविवार को राधेश्याम सैनी की अध्यक्षता में नेताजी भवन पोद्दार कॉलेज के पास वार्ड नं. 4 में हुई। बैठक में लोहार्गल मेला में चौबीस कोसीय मालकेतु पर्वत परिक्रमा पर शाकम्भरी रोड पर लगाए गए भंडारे की समीक्षा की गई। संरक्षक मूलचंद सैनी सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता ने सभी सम्मानित सदस्यों और कार्यकर्ताओं को मानव सेवा में किए गए योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजस्थान के जिला झुंझुनूं कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट आनन्दीलाल सैनी और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मूलचन्द सैनी ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजस्थान के 21 सितम्बर को गोपाल सदन सीकर में होने वाले अधिवेशन के लिए आमंत्रित किया। बैठक में दुर्गाप्रसाद सैनी पूर्व अध्यक्ष सैनी समाज संस्था नवलगढ़, रमेशचंद्र सैनी महामंत्री, राजेश जमालपुरिया कोषाध्यक्ष, मदनलाल नांगलिया, बृजलाल सैनी, बंशीधर सिंगोदिया, मनोहरलाल पापटवान, विजयकुमार सैनी, चन्द्रशेखर सैनी, रामनिवास सिंगोदिया, सुखदेव सैनी, सुरेश वर्मा, नवरंगलाल मिंटावा, शंकर लाल जमालपुरिया, दिनेश सैनी मोहब्बतसर आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) आज कलेक्टर को सौंपेगा ज्ञापन

**सीकर (मसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेशव्यापी आह्वान पर 15 सोमवार दोपहर 3 बजे जिला मुख्यालय सीकर में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष हमीर सिंह और जिला मंत्री कल्याण सिंह ने बताया कि ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य तृतीय श्रेणी अध्यापकों के लिए टेट परीक्षा की बाध्यता को समाप्त करवाना है। उनका कहना है कि यह मुद्दा अत्यंत गंभीर है, क्योंकि प्रदेश में लगभग एक लाख शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। पदाधिकारियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर किसी भी गफलत में न रहें। लोकतंत्र में संख्या बल और विरोध की शक्ति से निर्णय बदले जा सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि अब समय आ गया है, जब उन्हें तय करना होगा कि घर बैठे टेट परीक्षा देंगे या फिर शक्ति प्रदर्शन में शामिल होकर निर्णय बदलवाने में योगदान देंगे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



महानगर संवादाता

**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज एवं पंजाबी समाज श्रीमाधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में चौधरी नाथुराम भामु रोटरी भवन में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक 'स्वैच्छिक रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया।

क्लब के गिरिराज कयाल के अनुसार शिविर में सीकर के मुंशीराम मित्तल ब्लड बैंक द्वारा 36 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में सचिव रोटेरियन अमित गिनोडिया ने पत्नी निधि व भाई सुमित के साथ रक्तदान किया, रोटेरियन पंकज सोनी ने अपने छोटे भाई हेमंत सोनी के साथ रक्तदान किया। सुरेश कुमार सैनी ने पत्नी माया के साथ तथा संजय वधवा ने अपने भाई हरीश वधवा व पुत्र दिशांत के साथ रक्तदान किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कसेरा, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ. माधव सिंह, गिरिराज कयाल, दिलीपसिंह शेखावत, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, शांतिलाल सोनी, मनोजकुमार चोटिया, प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन दीनदयाल सतीजा, को-चेयरमैन रोटेरियन सागरमल शर्मा व रोटेरियन मुकेश व्यास, पूर्व सचिव सुशिल सैनी, रींगस से डॉ. एच.एस. धायल, पार्षद श्रवण आचार्य सहित कई लोग मौजूद थे। जे.के. लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी जयपुर के प्रोफेसर व एकेडेमिक डीन डॉ. उमेश गुप्ता भी सपत्नीक उपस्थित रहे। डॉ. गुप्ता ने रक्तदान के महत्व पर चर्चा की। शिविर के चेयरमैन रोटेरियन दीनदयाल सतीजा, को-चेयरमैन रोटेरियन सागरमल शर्मा व रोटेरियन मुकेश व्यास ने रक्तदान करने वालों व सहयोग करने वाले सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## डॉ. शर्मा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम भारतीय रत्न-2025 से सम्मानित

महानगर संवाददाता



**सीकर।** नीति आयोग भारत सरकार से संबद्ध रजिस्टर्ड संस्था वर्धी वैलनेस फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा, आयुर्वेद सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता लेख, योग, हेल्थ एवं वेलनेस, कोविड-19, लम्पी, पर्यावरण, गौ सेवा, राष्ट्रीय कार्यक्रमों आदि क्षेत्रों में किए जा रहे उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए राजकीय आयुर्वेद औषधालय गणेश्वर के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं आयुर्वेद विभाग के पूर्व जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा को 'डॉ एपीजे अब्दुल कलाम भारतीय रत्न सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया है।

## भाजपा के सेवा पखवाड़ा के लिए मोर्चों के जिला संयोजक नियुक्त

**सवाई माधोपुर (मसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की सहमति से मोर्चा जिला संयोजक जमनालाल वैष्णव ने कार्यक्रमों में सहयोग के लिए विकास सैनी को युवा मोर्चा, एडवोकेट उर्मिला शर्मा को महिला मोर्चा, रघुनाथ वैष्णव को किसान मोर्चा, अंसार खलीफा को अल्पसंख्यक मोर्चा, केदार मीणा को एसटी मोर्चा, खेमराज महावर को एससी मोर्चा, गिरधारी सोनी को ओबीसी मोर्चा का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

### इस बार मस्ती के साथ-साथ डायमंड-गोल्ड के महंगे इनाम भी

# झुंझुनूं का सबसे बड़ा डांडिया और गरबा फेस्टिवल 23 से

महानगर संवादाता

**झुंझुनूं।** स्त्री शक्ति महिला समूह की ओर से इस बार भी नवरात्र में झुंझुनूं जिले का सबसे बड़ा डांडिया और गरबा फेस्टिवल का आयोजन 23 से 25 सितंबर तक किया जा रहा है। सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला कॉलेज के पास स्थित राजघराना रिसॉर्ट में यह तीन दिवसीय आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है।



डांडिया नाइट्स में हिस्सा लेने वाली महिलाओं के लिए इंदिरा नगर स्थित सामुदायिक भवन में वर्कशॉप का शुभारंभ महालक्ष्मी ज्वैलर्स के महासिंह मांठ के आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर स्त्री शक्ति महिला समूह की डॉ. मीना शेखावत, ललित राठौड़ व सुमन मील ने बताया कि यह वर्कशॉप 10 दिन की रखी गई है, जिसमें गुजरात के प्रसिद्ध कोरियाग्राफर मीत गोरिया को बुलाया गया है, जो अलग-अलग सेशन में महिलाओं को उनके समय की सुविधानुसार गरबा और डांडिया डांस की ट्रेनिंग देंगे। रविता चौधरी को वर्कशॉप के कुशल संचालन के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। जो भी महिला और युवती रजिस्ट्रेशन करवाएंगी, उन्हें ही एंट्री दी जाएगी। इसके अलावा वे ही महिलाएं और युवतियां विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकेंगी। इस बार लक्की ड्रॉ में डायमंड रिंग तक जीतने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं में धीरे-धीरे गरबा और डांडिया का प्रचलन बढ़ रहा है। ऐसे में महिलाएं बेहतर तरीके से मंच पर परफॉर्म कर सकें, इसके लिए विशेष वर्कशॉप का आयोजन हो रहा हैं। कोरियोग्राफर महिलाओं को पारंपरिक स्टेप्स के साथ-साथ नए मूव्स भी सिखा रहे हैं। महिलाएं बड़ी संख्या में रिहर्सल में भाग ले रही हैं। इस मौके पर डॉ. मीना शेखावत, ललित राठौड़, सुमन मील, रविता चौधरी, डॉ. शालू टीबड़ा, सुनिता टीबड़ा, सुनिता चौधरी, प्रियंका भार्गव, ज्योति मांजू, आकांक्षा लोयल, डॉ. कीर्ति, डॉ. संगीता उदयपुरिया, डॉ. शशि मोरीलिया, दीपिका आबूसरिया, डॉ. नीरमा चाहर, अंजू शर्मा, शशि नूनियां, संतोष तंवर व डॉ. तनुश्री आदि मौजूद रहे।

**हर वर्ग के लिए होगा कुछ खास**

रविता चौधरी व सुमन मील ने बताया कि हर बार रावीरा डांडिया नाइट्स में कुछ नया होता है। इस बार हर वर्ग की युवतियों और महिलाओं के लिए कंपीटिशन रखे गए हैं। इस बार मिस डांडिया, मिसेज डांडिया के अलावा 50 साल से ऊपर की महिलाओं के लिए ओल्डी गोल्डी कंपीटिशन होगा, जिसमें ना केवल डांस और कॉस्ट्यूम्स, बल्कि अनुशासन को ध्यान में रखते हुए विजेताओं की घोषणा निर्णायकों की ओर से की जाएगी।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# 'सर्व धर्म सामूहिक क्षमा याचना' कार्यक्रम 'हम सब एक हैं' का दिया संदेश

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** घाटगेट स्थित सेंट एंजिला सोफिया सीनियर सैकंडरी स्कूल में सर्व धर्म मैत्री संघ अजमेर व विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'सर्व धर्म सामूहिक क्षमा याचना' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'क्षमा एक संस्कार' विषय पर आधारित इस आयोजन में विभिन्न धर्मों के गुरुओं, विद्वानों, संतों और समाजसेवियों ने भाग लेकर 'हम सब एक हैं' का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिस्टर सिंथिया एवं सभी धर्मगुरुओं द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

ईशवंदना के बाद सभा को संबोधित करते हुए गालव आश्रम के स्वामी राघवेन्द्र महाराज ने क्षमा गुण को सज्जनों का स्वभाव बताया। सरस निकुंज के प्रवीण बड़े भैया ने क्षमा से मानसिक शांति की प्राप्ति का संदेश दिया। वहीं टोडरमल जैन सिद्धांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शांति कुमार पाटिल ने क्षमा को वीरता बताया। मुस्लिम धर्म विशेषज्ञ इमरान व प्रिंस रूबी ने इंसानियत की हिफाजत के लिए क्षमा को आवश्यक बताया, सिख धर्म प्रतिनिधि सरदार जसवीर सिंह ने क्षमा को स्वस्थ समाज निर्माण का अस्त्र व ईसाई धर्म के बिशप जोसफ कलरिकल ने ईश्वर प्रेम का प्रतीक बताया। बौद्ध धर्माचार्य प्रज्ञामित्र ने क्षमा करने और मांगने से मन और वाणी में करुणा के निवास की बात कही। अंत में सभी धर्म गुरुओं व प्रतिनिधियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सौहार्द और एकता का मार्मिक संदेश दिया। इस अवसर पर बिशप औस्वॉल्ड जे. लुईस, फादर एडवर्ड ऑलिवीरा, फादर मैल्विन जोबार्ड, पाठक महाराज, महमूद खान, डॉ. सतीश अरोड़ा सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

## 'जयपुर ध्रुवपद फेस्टिवल' का यादगार समापन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति विभाग और जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित दो दिवसीय जयपुर ध्रुवपद फेस्टिवल का रविवार को यादगार समापन हुआ। इस मौके पर मॉर्निंग रागा कार्यक्रम में कोलकाता की युवा ध्रुवपद गायिका अपराजिता चक्रवर्ती का सुरीला ध्रुवपद गायन हुआ। उन्होंने शिव स्तुति को अपने सुरों में पिरोया। 'शिव आदि मद शिव...' बंदिश को पूरी तन्मयता से प्रस्तुत किया। उनके साथ पखावज पर ऐश्वर्य आर्य ने संगत की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में संवाद प्रवाह के तहत ध्रुवपद गायिकी और उसके संरक्षण को लेकर चर्चा हुई। जिसमें पद्मश्री पंडित ऋत्विक सान्याल, कला समीक्षक डॉ.राजेश व्यास, डॉ.गौरव यादव और संगीतज्ञ पंडित आलोक भट्ट ने ध्रुवपद गायिकी के परिदृश्य पर अपने विचार रखे।

# जयपुरवासियों को मिलेगा श्रीकृष्ण लीलाओं का अलौकिक अनुभव

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर में भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम होने जा रहा है। संगीतमय श्रीमद्भगवद् कथा का आयोजन 15 से 21 सितम्बर तक मेट्रो एन्क्लेव पार्क (फार्म), बी.एस. बाईपास, तरूक्षधाम नगर में होगा।

कथा का वाचन कथा प्रवक्ता एवं गोल्डमेडलिस्ट वैदिक अमिताचार्य द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान भक्तगण भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का रसपान कर सकेंगे।

कथा में भागवत महात्म्य, श्रीकृष्ण जन्म, शुकदेव आगमन, ध्रुव-प्रहलाद चरित्र, अजामिलोपाख्यान, नृसिंह एवं वामन अवतार, रामावतार, श्रीकृष्णावतार, नन्दोत्सव, बाललीलाएं, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह, महारास व रासलीला सहित शुकदेव-परिक्षित संवाद एवं अवसान का विवेचन होगा। कथा के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी रहेगा। कथा का शुभारंभ 15 सितम्बर को सुबह 8:15 बजे कलश-यात्रा से होगा, जो बिल्डरायश्वर मंदिर कांटोली से कथा स्थल तक जाएगी।

सेवा व्यवस्था संयोजक रमेश भारद्वाज ने बताया कि इस सात दिवसीय आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं शामिल होंगे। कथा का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी किया जाएगा। कथा का पोस्टर विमोचन शहर के गणमान्यजनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, महापौर सौम्या गुर्जर, रमेश भारद्वाज, प्रेम बाबू गुप्ता, संजय पथरिया, लोकेश शर्मा, रमाकांत कटरा और कैलाश नारायण शर्मा उपस्थित रहे।

## एयू जयपुर मैराथन : मोमेंटम रन ने जयपुर में बढ़ाई फिटनेस की लहर




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विद्याधर नगर में रविवार को एयू जयपुर मैराथनः मोमेंटम रन का आयोजन हुआ। जयपुर रनर्स क्लब की मंथली रन पहल के तहत आयोजित इस रन में सैकड़ों धावकों और फिटनेस प्रेमियों ने भाग लिया।

जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया और उपाध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि रन का फ्लैग ऑफ भाजपा नेता एवं आयोजक पं. सुरेश मिश्रा और इम्पीरियल ग्रुप डायरेक्टर्स विकास अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल एवं सुभाष अग्रवाल ने किया। इस रन का आयोजन जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर रवि गोयंका और एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। विद्याधर नगर जोनल टीम के डायरेक्टर्स रूपेन्द्र गुप्ता, राजेश शर्मा एवं राहुल बंसल ने कहा कि लोगों का उत्साह दिखाता है कि यह इलाका हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाने में सबसे आगे है। जयपुर रनर्स मंथली रन कोऑर्डिनेटर्स ऋषभ दुगर एवं सचिन भाटिया ने बताया कि रन की शुरुआत फ्यूजन ग्रुप से शाहरुख खान एवं टीम ने जुम्बा और वार्मअप सेशन के साथ की। इसके बाद इम्पीरियल गार्डन से पापड़ के हनुमान जी तक रनर्स ने 10 किमी और 5 किमी की दौड़ लगाई। जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर रवि गोयनका ने कहा कि यह मोमेंटम रन 1 फरवरी 2026 को होने वाली एयू जयपुर मैराथन का कर्टेन-रेजर था।

### जैन समाज का सामूहिक क्षमावाणी समारोह संपन्न

# बग्घियों में विराजमान कर 151 त्यागी व्रतियों की निकाली शोभायात्रा






महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में रविवार को रामलीला मैदान में सकल दिगम्बर जैन समाज का सामूहिक क्षमावाणी समारोह अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

बड़ी चौपड़ से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 151 त्यागी व्रती शामिल रहे। शोभायात्रा में 32 दिन तक कठिन उपवास साधना करने वाले चार व्रतियों सहित 16 दिन और 10 दिन तक उपवास करने वाले कुल 151 तपस्वियों को 26 बग्घियों में विराजमान कर बैंड बाजों, हाथी, घोड़े, ऊंट और आकर्षक लवाजमे के साथ जौहरी बाजार, बापू बाजार होते हुए रामलीला मैदान तक लाया गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर त्यागी व्रतियों का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में महिला मंडल, युवा मंडल, जैन सोशल ग्रुप्स और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

रामलीला मैदान में मुनि अरह सागर महाराज और क्षुल्लक ध्यान सागर के सान्निध्य में धर्मसभा का शुभारंभ युवा समाजसेवी अनिल शोभी पाटनी काशीपुरा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। समाजश्रेष्ठी शांति कुमार ममता सोगानी जापान वाले ने पुण्यार्जक के रूप में सभी तपस्वियों को चांदी की माला पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि समाजश्रेष्ठी वीर चंद गजेन्द्र बडजात्या कामां वाले थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता समाजश्रेष्ठी विवेक-आशा काला ने की।

### मंत्री खर्रा ने की छात्रावास के लिए भूमि आवंटन की घोषणा

इस अवसर पर स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने राजस्थान जैन सभा को छात्रावास के लिए शीघ्र भूमि आवंटन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जैन समाज देश की प्रगति में निरंतर योगदान देने वाला सभ्य और शांतिप्रिय समाज है। समारोह में सांसद मंजू शर्मा, नगर निगम ग्रेटर के उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सभा अध्यक्ष सुभाष चंद जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री यशकमल अजमेरा, संयुक्त मंत्री आर.के. जैन, कोषाध्यक्ष अमर चंद दीवान, कार्यकारिणी सदस्य कमल बाबू जैन, मुकेश सोगानी, राजीव पाटनी, भानू छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, राकेश गोधा, सुभाष बज, जिनेंद्र जैन जीतू, राखी जैन, चेतन जैन निमोडिया, दर्शन बाकलीवाल, मनीष सोगानी, भारत भूषण जैन, प्रिया बडजात्या, पूनम चांदवाड़ आदि ने किया।

## राम निवास गार्डन में गुजराती गानों पर किया डांडिया का अभ्यास



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अग्रवाल महिला संगठन की ओर से डांडिया अभ्यास अल्बर्ट हॉल राम निवास गार्डन में करवाया गया।

कार्यक्रम में सभी ट्रेनिंग ले रहे प्रतिभागी शामिल हुए। सभी ने गुजराती पोशाक पहनकर गुजराती गानों पर डांडिया का अभ्यास किया। कार्यक्रम में संरक्षक सुनीता बंसल, अध्यक्ष रीमा गर्ग, महामंत्री अनीता पोद्दार, कोषाध्यक्ष किरण अग्रवाल, सुरेखा अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेखा गर्ग, मीनू अग्रवाल, उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री विधि अग्रवाल, अंजू जाखलिया, रितिका अग्रवाल, प्रचार प्रसार मंत्री गीता खेतान, सरोज बैराठी, अग्रवाल समाज शास्त्री नगर के अध्यक्ष सुभाष गोयल, उपाध्यक्ष पृथ्वी राज गुप्ता, मुरारी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे।

## विधायक सराफ ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अग्रसेन नगर पार्क में जिम, रंगमंच के जीर्णोद्धार और महेश नगर एफ ब्लॉक में रविवार को क्षेत्रीय विधायक कालीचरण ने सीसी रोड के कार्यों का लोकार्पण किया। वार्ड नंबर 136 की पार्षद उषा टाटीवाल ने बताया कि इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष जी.एल.जोपट एवं वार्ड के सभी बूथ अध्यक्ष तथा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शेखावाटी विकास परिषद में विशाल रक्तदान शिविर का समापन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को अग्रवाल समाज की विभिन्न संस्थाओं की ओर से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 300 अग्रबन्धुओं रक्तदान किया। मुख्य संयोजक विश्वास गोयल ने बताया कि यह आयोजन विद्याधर नगर स्थित शेखावाटी विकास परिषद में आयोजित किया गया। अग्रवाल समाज की 13 समितियों के सहयोग से अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में यह प्रथम रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि प्रतिष्ठा ब्लड बैंक, अग्रसेन ब्लड बैंक, जेएनयू ब्लड बैंक, महात्मा गांधी ब्लड बैंक, जनाना हास्पिटल ब्लड बैंक द्वारा कैंप लगाया गया। संयोजक हितेश अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज सेवा समिति झोटवाड़ा, अग्रवाल समाज सेवा समिति विद्याधर नगर, प्रदेश अग्रवाल महासभा, शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था, अग्रवाल समाज समिति मुरलीपुरा, अग्रवाल समाज समिति विश्वकर्मा, राजस्थान प्रदेश वैश्य महासभा, अग्रवाल समाज समिति हरमाड़ा, अग्रवाल परिवार जयपुर सोशल ग्रुप, अग्रवाल समाज सेवा समिति सनसिटी, महाराजा अग्रसेन प्रादेशिक महासभा, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, अग्रवाल युवा संगठन के सहयोग से यह रक्तदान शिविर आयोजित गया।

शिविर में अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष ओ.पी. अग्रवाल, समाजसेवी सीताराम अग्रवाल मंगला सरिया, भाजपा के विद्याधर नगर मण्डल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, समाज सेवी राधेश्याम अग्रवाल, सहित हजारों अग्रबन्धु उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति जन जागरूकता पदयात्रा 16 को होगी रवाना

**जयपुर(मसं)।** नशा मुक्ति जन जागरूकता पदयात्रा 16 सितंबर को सिविल लाइन से रवाना होगी। इस पदयात्रा को कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रवाना करेंगे। रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान ने बताया कि यह पदयात्रा जयपुर शहर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई जयपुर ग्रामीण में प्रवेश करेगी। जहां जयपुर ग्रामीण के विभिन्न राजकीय व निजी विद्यालय और महाविद्यालय में नशा मुक्ति को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। चौहान ने बताया कि पदयात्रा का समापन शाहपुरा के श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा। पदयात्रा जयपुर ग्रामीण पहुंचने पर काफी संख्या में लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में रथ के माध्यम से जागरूक करते हुए पदयात्रा निकालेंगे।

## घूमंतु जाति उत्थान न्यास के पुजारी प्रशिक्षण से पूर्व आयोजित हुई बैठक



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अम्बाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में 21 सितम्बर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घूमंतु जाति उत्थान न्यास की ओर से विशेष पुजारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम से पूर्व हुई बैठक में घूमंतु जाति कार्य के अखिल भारतीय प्रमुख दुर्गादास की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय संयोजक महावीर ने शर्मा ने की। संचालन महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने किया। पूरे प्रदेश की घूमंतु जातियों व बस्तियों में स्थित मंदिरों में पूजा-अर्चना का संचालन करने के लिए 125 चयनित लोगों को पुजारी बनने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुजारियों को हनुमान जी की प्रतिमा, फोटो, दीपक, घंटी, फूल-बत्ती, देशी घी व अन्य आवश्यक सामग्री भी भेंट की जाएगी, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित पूजा कर सकें। यह प्रशिक्षण महानगर टोली के सर्वेश्वर शर्मा, महानगर महिला संयोजक रजनी शर्मा एवं धर्म-आस्था प्रांत महिला संयोजक डॉ. अल्का गौड़ द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में धर्म-आस्था प्रांत प्रमुख, सालासर बालाजी धाम के महंत डॉ. विष्णु दत्त शर्मा और चौथमल चेरिटेबल ट्रस्ट की विशेष भूमिका रहेगी। घूमंतु जाति कार्य के मीडिया प्रभारी हर्ष शर्मा ने आभार जताया।

## वृक्ष का पूजन कर लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर के विजया राजे सिंधिया पार्क में रविवार को प्रकृति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन हिंदू आध्यात्मिक, सेवा संस्थान और वार्ड 70 मानसरोवर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जिसमें एचएसएसएफ के जयपुर महानगर संयोजक अरविंद शर्मा ने प्रकृति के संरक्षण व वंदन के भाव को उपस्थित जनों में स्थापित किया। इस अवसर पर मातृशक्ति व बच्चों ने समूह में वृक्ष का पूजन किया और प्रकृति के मित्र बनकर उसका संतुलन और सह-अस्तित्व भाव के साथ संरक्षण करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय गतिविधि सह प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा ने किया।

इस मौके पर बीके गुप्ता विशेषाधिकारी शिक्षा विभाग, सीए विपिन सिंघल मंडल अध्यक्ष मानसरोवर, रामावतार गुप्ता पार्षद वार्ड 70, नवल सिंह चौहान पर्यावरण प्रमुख, सुरेश मीणा, पुष्पा महेश्वरी वार्ड महिला संयोजक व वार्ड की प्रथम महिला मालती देवी गुप्ता सहित अनेक प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### रघुनाथंजलि संगीत समारोह का सुरमई आयोजन

# पाथेय भवन में सुरों और सम्मान से सजी अविस्मरणीय शाम

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन के देवर्षि नारद सभागार में रघुनाथंजलि सुर सुगंध संगीत समारोह का आयोजन हुआ। यह आयोजन रघुनाथ तलेगांवकर फाउंडेशन ट्रस्ट, आगरा एवं संगीत कला केंद्र, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में संस्थापक संगीताचार्य पं. रघुनाथ तलेगांवकर और संगीत नक्षत्र पं. केशव रघुनाथ तलेगांवकर की स्मृति को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुर बहार वादक डॉ. अश्विन महेश दलवी, ध्रुवपद गायिका विदुषी प्रो. मधु भट्ट तैलंग और प्रबंध न्यासी प्रतिभा केशव तलेगांवकर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। छात्र प्रिया, आरोही, तनिष्क, मेधांश, जतिन, आशुतोष और अभिनव ने प्रतिभा तलेगांवकर द्वारा रचित राग यमन आधारित सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद पं. रघुनाथ के जीवन पर प्रदीप भारद्वाज द्वारा रचित और डॉ. गिरेंद्र तलेगांवकर द्वारा राग मालकौंस में स्वरबद्ध रघुनाथंजलि पर्व गीत प्रस्तुत किया गया।

### सम्मान समारोह

इस अवसर पर संगीत जगत में विशिष्ट योगदान के लिए विदुषी प्रो. मधु भट्ट तैलंग को आदर्श संगीत प्रसारक, पं. आलोक भट्ट को सुर तन्त्री विलास, कला समीक्षक सर्वेश भट्ट को जन संचार शिल्पी, रोहित कटारिया को सुर आलोक तथा मुख्य अतिथि डॉ. अश्विन महेश दलवी को नारायण राव अत्रे स्मृति संस्कृति संवाहक सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही संस्था की प्रबंधन्यासी प्रतिभा केशव तलेगांवकर को सुर सन्निधि मानद सम्मान से अलंकृत किया गया।

### मल्हार के रंग में सजी सुरधारा

'मल्हार के रंग, सुरों के संग' शीर्षक प्रस्तुति में साधकों ने पं. रघुनाथ तलेगांवकर की विशिष्ट रचनाओं को मल्हार के विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया। आरोही तलेगांवकर, डॉ. उमा विजय, शिखा माथुर, पियास, तनिष्क और मेधांश ने अपनी मधुर आवाज से सभागार को सुरों की सरिता में डुबो दिया। इनके साथ हारमोनियम पर गौरव भट्ट और तबले पर फारुख हुसैन ने संगत की। इसके बाद रोहित कटारिया ने राग मधुवंती में पं. रघुनाथ की रचनाओं को प्रस्तुत किया। उनके साथ हारमोनियम पर पं. रविन्द्र तलेगांवकर और तबले पर सोमनाथ जी ने संगत की। मोहन वीणा वादक पं. आलोक भट्ट ने राग मियां मल्हार में विलंबित और द्रुत तीन ताल, राग मिश्र किरवानी धुन राजस्थानी लोक संगीत के साथ और राग जयजैवन्ती मध्य लय तीनताल में प्रस्तुत किया। तबले पर उनके साथ उस्ताद अकबर हुसैन ने संगत की।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

# एंटीबायोटिक दुरुपयोग

## प्रतिरोध की जानलेवा मौन महामारी

**एंटीबायोटिक** प्रतिरोध वर्तमान में जीवाणु संक्रमण के प्रभावी उपचार के लिए सबसे गंभीर वैश्विक खतरा है। यह स्थापित हो चुका है कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध नैदानिक और चिकित्सीय दोनों परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जिसके परिणाम उपचार विफलताओं और महंगी व सुरक्षित वैकल्पिक दवाओं की आवश्यकता से लेकर रुग्णता व मृत्यु दर में वृद्धि, लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना और उच्च स्वास्थ्य देखभाल लागत तक हो सकते हैं। यह सर्वविदित है कि भारत में डॉक्टरी सलाह और बिना परामर्श के एंटीबायोटिक दवाएं लेना आम बात है। यह जानते हुए भी कि लगातार इन दवाओं के सेवन से उनकी रोगप्रतिरोधक क्षमता गहरे तक प्रभावित होती है। एक समय ऐसा आ जाता है कि रोगों पर ये एंटीबायोटिक दवाएं काम करना बंद कर देती हैं। इस चिंता को हाल में हुए एक अध्ययन ने बढ़ाया है। नए अध्ययन ने एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर किया है, जो बताता है कि भारत में एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के पीछे मरीजों की सोच एक प्रमुख कारक है।

अधिकांश लोगों की धारणा है कि इन दवाओं के सेवन से वे स्वतः ही ठीक हो जाएंगे। उन्हें डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर निजी क्षेत्र के कुछ डॉक्टर भी अक्सर अपने मरीजों को बनाए रखने के लिए ऐसा करते हैं। वास्तव में इस प्रवृत्ति के परिणाम खासे चौंकाने वाले हैं। अध्ययन के मुताबिक भारत में अकेले निजी क्षेत्र में ही सालाना आधे अरब से ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं लिखी जाती हैं, जिनमें बड़ी संख्या में ऐसी दवाइयां होती हैं, जिनकी वास्तव में जरूरत ही नहीं होती। आमतौर पर बच्चों में होने वाले दस्त के मामले में यह दुरुपयोग सबसे ज्यादा है। हालांकि, ज्यादातर मामले वायरल का प्रभाव होते हैं। ऐसी स्थिति में ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट और जिंक सकारात्मक परिणाम देते हैं। अध्ययन से पता चला है कि इसके बावजूद 70 फीसदी मामलों में अभी भी एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज किया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि अतार्किक मांग, कड़े कानूनों का अभाव और डॉक्टरों द्वारा जरूरत से ज्यादा दवाइयां लिखने के कारण एंटीबायोटिक दवाइयों पर मरीजों की निर्भरता बढ़ती चली गई है।



**कालांतर एंटीबायोटिक दवाइयों पर लगातार बढ़ती निर्भरता के चलते एक घातक चक्र का निर्माण होता है, जो मरीज के शरीर में तमाम तरह के साइड इफेक्ट भी पैदा करता है। वास्तव में इससे बड़ा संकट यह है कि एक समय के बाद ये दवाइयां रोग के खिलाफ काम करना बंद कर देती हैं। कई तरह के रोग बढ़ाने वाले रोगाणु इनके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते हैं। बहुत संभव है कि किसी महामारी के वक्त व्यक्ति का शरीर एंटीबायोटिक के इस्तेमाल के बावजूद सुरक्षा कवच न दे। निश्चित रूप से इस संकट से बचने का सरल उपचार यही है कि इसका उपयोग कम से कम किया जाए। सरकारों को भी कानून के जरिए इसका नियमन करना चाहिए। हमें इससे जुड़े आसन्न संकट को महसूस करना चाहिए। यह खतरा मरीज की व्यक्तिगत सुरक्षा से कहीं आगे तक विस्तारित है। गंभीर चिंता का विषय यह है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध यानी एएमआर दुनिया में सबसे घातक संकटों में से एक के रूप में उभर रहा है।**

कालांतर एंटीबायोटिक दवाइयों पर लगातार बढ़ती निर्भरता के चलते एक घातक चक्र का निर्माण होता है, जो मरीज के शरीर में तमाम तरह के साइड इफेक्ट भी पैदा करता है। वास्तव में इससे बड़ा संकट यह है कि एक समय के बाद ये दवाइयां रोग के खिलाफ काम करना बंद कर देती हैं। कई तरह के रोग बढ़ाने वाले रोगाणु इनके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते हैं। बहुत संभव है कि किसी महामारी के वक्त व्यक्ति का शरीर एंटीबायोटिक के इस्तेमाल के बावजूद सुरक्षा कवच न दे। निश्चित रूप से इस संकट से बचने का सरल उपचार यही है कि इसका उपयोग कम से कम किया जाए। सरकारों को भी कानून के जरिए इसका नियमन करना चाहिए। हमें इससे जुड़े आसन्न संकट को महसूस करना चाहिए। यह खतरा मरीज की व्यक्तिगत सुरक्षा से कहीं आगे तक विस्तारित है। गंभीर चिंता का विषय यह है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध यानी एएमआर दुनिया में सबसे घातक संकटों में से एक के रूप में उभर रहा है।

डराने वाला आंकड़ा यह है कि वैश्विक स्तर पर यह पहले से ही हर साल लगभग 50 लाख मौतों का कारण बनता है। अकेले भारत में वर्ष 2021 में 2.5 लाख से ज्यादा मौतें सीधे तौर पर एएमआर से जुड़ी थीं और लगभग 10 लाख से ज्यादा मौतें दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों से जुड़ी थी। जीवाणु संक्रमण के विरुद्ध मानवता की लड़ाई में नए एंटीबायोटिक और अन्य रोगाणुरोधी दवाओं की खोज एक अत्यावश्यक आवश्यकता बनी हुई है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध अपरिहार्य प्रतीत होता है और दवा उद्योगों द्वारा नए एंटीबायोटिक अनुसंधान में निवेश करने में निरंतर कमी देखी जा रही है।

खासतौर पर चिंताजनक तथ्य यह है कि वर्ष 2019 में गंभीर दवा-प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण वाले केवल 7.8 भारतीयों को ही प्रभावी एंटीबायोटिक्स मिले, जो इस उपचार की एक बड़ी कमी को उजागर करता है, जिसके चलते प्रतिरोधी रोगाणु आसानी से फैलते हैं और एक बार ठीक हो सकने वाले संक्रमणों को घातक बना देते हैं। इसके चलते सर्जरी, कैंसर के इलाज और नियमित देखभाल को कहीं ज्यादा जोखिमभरा बना देते हैं। निश्चित रूप से इस दिशा में जनजागरण अभियान की जरूरत है कि हर छोटे-मोटे रोग के लिए एंटीबायोटिक दवाइयां लेने की जरूरत नहीं है। जन अभियानों के जरिए एंटीबायोटिक्स से जुड़ी भ्रांतियों को सरकार व सामाजिक स्तर पर दूर करने की जरूरत होगी। इनके अंधाधुंध उपयोग रोकने के लिए कानून से नियमन जरूरी है। साथ ही तर्कसंगत उपचार के लिए किफायती नैदानिक विकल्प व्यापक रूप से उपलब्ध कराने होंगे। साथ ही सरकार सुनिश्चित करें कि जिनको वास्तव में एंटीबायोटिक्स दवाओं की जरूरत है, उन्हें ये समय पर सहज रूप से मिल सकें, अन्यथा प्रतिरोध की यह मौन महामारी अनगिनत लोगों की जान ले लेगी।

# रेल नक्शे पर मिजोरम : फ्रंटियर से फ्रंट-रनर

**अश्विनी वैष्णव**

**कई** दशकों तक उत्तर-पूर्व को एक दूरस्थ इलाका माना जाता था, जहां विकास की राह देखी जाती रही। हमारे भाई-बहन उम्मीदों के साथ जीते थे, लेकिन उन्हें वे बुनियादी ढांचा और अवसर नहीं मिल पाए, जिसके वे हकदार थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह तस्वीर बदली है। जो इलाका कभी दूर का फ्रंटियर कहा जाता था, वह आज भारत की तरक्की का फ्रंट-रनर बनकर उभरा है। यह बदलाव रेलवे, सड़कें, हवाई अड्डे और डिजिटल कनेक्टिविटी में रिकॉर्ड निवेश की वजह से संभव हुआ है। शांति समझौते स्थिरता ला रहे हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। आजादी के बाद पहली बार उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को भारत की विकास यात्रा का केंद्र माना जा रहा है। रेलवे में किए गए निवेश को ही देख लीजिए। वर्ष 2009 से 2014 की तुलना में क्षेत्र के लिए रेलवे बजट पांच गुना बढ़ा है। इस वित्त वर्ष में ही 10,440 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2014 से 2025 तक कुल बजट आवंटन 62,477 करोड़ रुपए रहा है। आज यहां 77 हजार करोड़ रुपए की रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं।

मिजोरम की पहली रेल लाइन भी इसी बदलाव का हिस्सा है। यह राज्य अपनी समृद्ध संस्कृति, खेल प्रेम और खूबसूरत पहाड़ियों के लिए जाना जाता है। फिर भी दशकों तक यह संपर्क की मुख्यधारा से दूर रहा। सड़क और हवाई संपर्क सीमित था। रेल राजधानी तक नहीं पहुंच पाई थी। लोगों के सपने थे, लेकिन विकास की राहें अधूरी थीं। अब ऐसा नहीं है। हालात बदल चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन मिजोरम के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। कुल 51 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 8 हजार करोड़ से अधिक की लागत से बनी है और पहली बार आइजोल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सैरांग से दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, कोलकाता-मिजोरम एक्सप्रेस और गुवाहाटी-आइजोल इंटरसिटी के लिए तीन नई ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह रेलवे लाइन कठिन पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है। रेल इंजीनियरों ने मिजोरम को जोड़ने के लिए 143 पुल और 45 सुरंगें बनाई हैं, इनमें से एक पुल कुतुब मीनार से भी ऊंचा है। जैसे अन्य हिमालयी रेल परियोजनाओं में होता है। इस इलाके में रेलवे लाइन लगभग पूरी तरह पुल और सुरंगों के क्रम से बनी है। एक पुल, फिर एक सुरंग, फिर दोबारा पुल और इसी तरह आगे।

### हिमालय सुरंग निर्माण विधि

उत्तर-पूर्व हिमालय युवा और नाजुक पहाड़ हैं। यहां जमीन कठोर चट्टानों की जगह मुलायम मिट्टी और जैविक सामग्री से बनी है। ऐसी स्थिति में सुरंग और पुल बनाना बेहद चुनौतीपूर्ण था। पारंपरिक तरीके यहां काम नहीं कर सकते थे, क्योंकि ढीली मिट्टी निर्माण का भार सहन नहीं कर पाती। इस समस्या को दूर करने के लिए हमारे इंजीनियरों ने एक नया और अनोखा तरीका विकसित किया, जिसे अब हिमालयन टनलिंग विधि कहा जाता है। इस तकनीक में पहले मिट्टी को स्थिर और मजबूत किया



जाता है, फिर सुरंग और निर्माण का काम किया जाता है। इससे क्षेत्र की सबसे कठिन परियोजनाओं में से एक को पूरा करना संभव हुआ है। एक और बड़ी चुनौती ऊंचाई पर पुलों को टिकाऊ बनाना था, क्योंकि यह क्षेत्र भूकंप प्रभावित है। इसके लिए भी विशेष डिजाइन और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया गया, जिससे पुल सुरक्षित और मजबूत बन सके। यह स्वदेशी नवाचार दुनियाभर में ऐसे ही भौगोलिक इलाकों के लिए एक मॉडल है। हजारों इंजीनियरों, मजदूरों और स्थानीय लोगों ने मिलकर इसे संभव बनाया।

### लोगों का जीवन स्तर सुधारेगा

रेलवे को विकास का इंजन माना जाता है। यह नए बाजारों को करीब लाता है और व्यापार के अवसर पैदा करता है। नई रेल लाइन मिजोरम के लोगों का जीवन स्तर सुधारेगी। राजधानी एक्सप्रेस की शुरुआत के साथ ही आइजोल और दिल्ली के बीच सफर का समय आठ घंटे कम हो जाएगा। नई एक्सप्रेस ट्रेनें आइजोल, कोलकाता और गुवाहाटी के बीच यात्रा को भी तेज और आसान बनाएंगी। बांस की खेती और बागवानी से जुड़े किसान अपनी उपज को तेजी से और कम लागत पर बड़े बाजारों तक पहुंचा पाएंगे। अनाज और खाद जैसे जरूरी सामान की ढुलाई आसान होगी। पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता तक पहुंचना और सुविधाजनक हो जाएगा। इससे स्थानीय कारोबार और युवाओं के लिए नये अवसर बनेंगे। यह परियोजना लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार तक बेहतर पहुंच भी देगी।

### रेलवे में रिकॉर्ड स्तर पर बदलाव

देशभर में रेलवे में रिकॉर्ड स्तर पर बदलाव हो रहा है। हाल ही में 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन किया गया। साथ ही 1,200 और स्टेशन तैयार हो रहे हैं, जो यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देंगे और शहरों को नए विकास केंद्र बनाएंगे। डेढ़ सौ से ज्यादा हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनें यात्री सुविधा के नए मानक स्थापित कर रही हैं। साथ ही लगभग पूरे नेटवर्क का विद्युतीकरण रेलवे को और हरित बना रहा है। वर्ष 2014 से अब तक 35,000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। यह उपलब्धि पिछले छह दशकों के कुल काम से भी अधिक है। पिछले साल ही 3,200 किलोमीटर नई रेल लाइनें जोड़ी गई। विकास की यह गति और बदलाव उत्तर-पूर्व में भी साफ दिखाई दे रहे हैं।

### पूर्वोत्तर के प्रति प्रधानमंत्री का विजन

प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमारे लिए पूर्व (ईएएसटी) का मतलब है एम्पॉवर (सशक्त बनाना), एक्ट (कार्य करना), स्ट्रेंथन (मजबूत बनाना) एंड ट्रांसफॉर्म (बदलना)। ये शब्द पूर्वोत्तर के प्रति उनके दृष्टिकोण का सार प्रस्तुत करते हैं। कई क्षेत्रों में निर्णायक कदमों ने इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव सुनिश्चित किया है। असम में टाटा का सेमीकंडक्टर प्लांट, अरुणाचल प्रदेश में टाटा जैसी जलविद्युत परियोजनाएं और बोगीबील रेल-सह-सड़क पुल जैसी ऐतिहासिक संरचनाएं, इस क्षेत्र का रूप बदल रही हैं। गुवाहाटी में एम्स की स्थापना और 10 नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों ने स्वास्थ्य सुविधाओं और संपर्क को मजबूत किया है। कई दशकों तक मिजोरम के लोगों ने सड़कों, स्कूलों और रेलवे के लिए इंतजार किया। वह इंतजार अब खत्म हुआ। ये परियोजनाएं पूर्वोत्तर के प्रति प्रधानमंत्री के विजन का प्रमाण हैं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे कभी फ्रंटियर (सीमांत) माना गया, अब फ्रंट-रनर (अग्रणी) के रूप में उभरा है।

# रफ्तार क्यों नहीं पकड़ रहा राहुल गांधी का 'मिशन गुजरात'

**मृगांक शेखर**

**बिहार** में वोटर अधिकार यात्रा पूरी करके राहुल गांधी ने वाया उत्तर प्रदेश व गुजरात का रुख किया है, लेकिन बिहार से शुरू किया गया स्लोगन वो नहीं भूल पा रहे हैं और जब भी, जहां कहीं भी मौका मिल रहा है बार-बार दौहराते जा रहे हैं, बोलना नहीं भूलते 'वोट चोर, गद्दी छोड़'। अब इस नारे में निशाने पर मीडिया भी नजर आता है। बहाना तो मोदी ही हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टार्गेट करने के लिए चुनाव आयोग तो पहले से ही बहाना बना हुआ है। वोट-चोरी के इल्जाम को हवा देने के लिए बिहार का चुनावी माहौल उपजाऊ जमीन साबित हुआ है। बिहार में एसआईक्र के नाम पर यात्रा निकाली और पूरे रास्ते महाराष्ट्र और कर्नाटक की केस स्टडी के बारे में बताते रहे। राहुल गांधी गुजरात के भी ताबड़तोड़ दौरे कर रहे हैं। बीते 7 महीने में 5वीं बार गुजरात पहुंचे। बिहार व रायबरेली के दौरे भी ऐसे ही चल रहे हैं। रायबरेली के रास्ते में भी बीजेपी से वैसा ही टकराव दिखा जैसा दिल्ली में रहता है। कभी रायबरेली में कांग्रेस के कर्ताधर्ता रहे दिनेश प्रताप सिंह रास्ते में ही धरने पर बैठ गए थे और असर बनारस तक नजर आने लगा। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मोदी के बनारस दौरे में विरोध की बात कही तो लखनऊ में ही नजरबंद कर दिए गए।

रायबरेली में दिशा की मीटिंग में तो दिनेश प्रताप सिंह विरोधी नेता की तरह ही कांग्रेस नेता से भिड़े हुए थे, लेकिन उसके बाद की एक अलग ही तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है। तस्वीर में बेटे को राहुल गांधी से हाथ मिलाते देख दिनेश प्रताप सिंह मुस्कुरा रहे हैं और बॉडी लैंग्वेज से लेकर चेहरे तक विनम्रता का भाव आच्छादित है। लोगों के मन में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' वाला भाव लोगों के मन में भर जाए, यही तो राजनीति है। गुजरात में शहर और जिला अध्यक्षों के लिए ट्रेनिंग कैंप लगा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 10 दिन के ट्रेनिंग कैंप का उद्घाटन कर चुके हैं और अब राहुल गांधी उनका मार्गदर्शन करने पहुंचे हैं। उद्घाटन के मौके पर मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना था कि कांग्रेस में ही कहीं कमी रही, जिसकी वजह से आज गुजरात के वे लोग देश पर राज कर रहे हैं, जो देश को कमजोर कर रहे हैं।

कांग्रेस में नेतृत्व के स्तर पर कमी की बात राहुल गांधी भी स्वीकार कर चुके हैं। राहुल गांधी ने छह महीने पहले मार्च में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की थी। उसी अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मजबूत नेताओं को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। साल 2027 के गुजरात विधानसभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे में अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। संगठन सृजन अभियान शुरू करते वक्त राहुल गांधी ने गुजरात में पार्टी को मजबूत करने को लेकर कई गंभीर बातें की थी। नेतृत्व में कमी की जिम्मेदारी लेने के साथ ही राहुल गांधी ने तब ही कहा था कि गुजरात में कांग्रेस की लीडरशिप में दो तरह के लोग हैं, उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं, जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे वे हैं, जो जनता से कटे हुए हैं, दूर बैठते हैं और उनमें से आधे भाजपा से मिले हुए हैं। तब राहुल गांधी ने रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिए जाने का किस्सा भी



सुनाया था, जिसे मध्य प्रदेश में भी दौहराया था। राहुल गांधी के दिशा-निर्देशों पर ही नए सिरे से शहर और जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं और अब राहुल गांधी उनका मार्गदर्शन करने पहुंचे हैं। तब राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी ऐसे कांग्रेस नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की थी, जो उनके मुताबिक भाजपा से मिले हुए हैं, लेकिन कार्रवाई किस स्तर पर हुई और उसका नतीजा क्या रहा, ये अब तक नहीं बताया गया।

बदलाव का फर्क तो आने वाले चुनाव के नतीजे ही बता पाएंगे। अब तक एक बात जो सामने आई है, वो है संगठन में महिलाओं की भागीदारी पर राहुल गांधी की सलाहियत पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जाना। राहुल गांधी ने तब उम्मीद जताई थी कि शहर और जिलाध्यक्षों की नई फेहरिस्त में महिलाओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिलेगी, लेकिन जब कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से पदाधिकारियों की नियुक्ति वाली लिस्ट सामने आई तो वो बेहद निराश करने वाली थी। शहर और जिला अध्यक्षों की 40 लोगों की लिस्ट में जगह पाने वाली सोनल पटेल अकेली महिला हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ गांधीनगर से चुनाव मैदान में उतर चुकीं और क्राउड-फंडिंग के जरिए अपना चुनाव कैंपेन चलाने के लिए चर्चित रहीं सोनल पटेल को अहमदाबाद शहर का कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद से राहुल गांधी आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। बीच-बीच में विपक्ष के साथ छोड़ देने या नेतृत्व पर सवाल उठा देने से निराशा भी होती होगी, लेकिन वोटर अधिकार यात्रा के बाद जोश हाई लग रहा है। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने संसद में ही कहा था कि वो भाजपा को गुजरात जाकर भी हराएंगे।

राहुल गांधी का मानना है कि भाजपा को अगर देशभर में हराना है तो शुरुआत गुजरात से ही करनी होगी और यही वजह है कि वो गुजरात में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर पूरा जोर दे रहे हैं। मुश्किल यह है कि राहुल गांधी का जोर देना तो समझ में भी आता है, लेकिन नतीजा भी निकल रहा हो, ऐसा अब तक नहीं लगा। हौसलाअफजाई के लिए राहुल गांधी गुजरात कांग्रेस को तेलंगाना की मिसाल देते हैं। तेलंगाना की मिसाल तो राहुल गांधी यूपी कांग्रेस को भी दे चुके हैं। भाजपा की तरफ इशारा करते हुए करीब छह महीने पहले ही राहुल गांधी ने कहा था, अगर गुजरात में हमारा वोट पांच फीसदी बढ़ जाएगा तो भाजपा वहीं खत्म हो जाएगी। तेलंगाना में हमने 22 फीसदी वोट बढ़ाया है, यहां तो सिर्फ पांच फीसदी की जरूरत है। राहुल गांधी ने तभी माना भी था, गुजरात नया विकल्प चाह रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी उसे दिशा नहीं दिखा पा रही है। जनता वोट देने से पहले किसी और नाम पर विचार तो तभी करेगी, जब सामने कोई विकल्प भी हो।

कांग्रेस की नई मुश्किल यह है कि पंजाब की तरह अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में भी धावा बोल दिया है। विसावदर उपचुनाव जीत लेने के बाद अरविंद केजरीवाल को गुजरात में भी 2017 वाले पंजाब की तरह संभावना नजर आ रही है। पंजाब में अरविंद केजरीवाल ने पहले कांग्रेस को पछाड़कर आम आदमी पार्टी को सबसे बड़ा विपक्षी दल बना दिया था और 2022 में सरकार भी बना ली। सरकार बनाने वाली स्थिति अभी भले न हो, लेकिन कांग्रेस की जगह लेने की कोशिश में तो अरविंद केजरीवाल जुट ही गए हैं। गुजरात कांग्रेस के नेताओं को अब राहुल गांधी को यह भी सिखाना पड़ेगा कि भाजपा से मुकाबले के साथ-साथ आम आदमी पार्टी को काउंटर कैसे करें? ठीक वैसे ही जैसे 2022 के गुजरात चुनाव में अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी को रोकने का मंत्र दिया था, क्योंकि ये 'वोट चोर-गद्दी छोड़' के नारे लगाने भर से हासिल नहीं होने वाला है।

## राशिफल

**आज दिनांक 15 सितंबर, 2025, सोमवार, विक्रम संवत् 2082, आश्विन माह कृष्ण पक्ष नवमी, मृगशिरा नक्षत्र, तैतिल करण, व्यातिपात योग, राहुकालः सुबह 7:48 से 9.19 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:17 बजे, सूर्यास्त सायं 6:26 बजे, चंद्रोदय रात 12:43 बजे, चंद्रास्त दोपहर 2:02 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:57 बजे से 12:46 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:40 से 5:28 बजे तक, चंद्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।**


मेष

आज आप अपने आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता से दूसरों को प्रभावित करेंगे। कार्यक्षेत्र में लीडरशिप की भूमिका मिल सकती है। आर्थिक रूप से उन्नति के संकेत हैं। प्रेम जीवन में सामंजस्य रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन नियमित व्यायाम को न भूलें। आज आपको अचानक लंबी यात्रा करनी पड़ सकती है।


वृषभ

आज किसी पुराने परिचित से मुलाकात हो सकती है, जो आपको व्यावसायिक रूप से लाभ पहुंचाए। पैसों को लेकर कोई नई योजना बनेगी। दांपत्य जीवन में मिठास बनी रहेगी। नींद की कमी थकान दे सकती है। आराम को प्राथमिकता दें।


मिथुन

आज आप अपनी बुद्धिमत्ता और संवाद शैली से दूसरों को प्रभावित करेंगे। नौकरी में नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। प्रेम संबंधों में ईमानदारी से बातचीत करें। गले या वाणी से जुड़ी समस्या हो सकती है। यह दिन आपको सिखाएगा कि सोच को खुलकर व्यक्त करते हैं तो परिस्थितिया बदलने लगती हैं।


कर्क

भावनात्मक रूप से थोड़े अस्थिर रह सकते हैं। महत्वपूर्ण निर्णय स्थगित करें। पारिवारिक माहौल में हल्की कहासुनी हो सकती है। पैसों के लेन-देन में सतर्क रहें। प्रेम में धैर्य बनाए रखें। मानसिक थकान से बचने के लिए प्रकृति के पास समय बिताएं।


सिम्हा

आज आपके साहस और ऊर्जा से बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। बिजनेस में विस्तार की संभावनाएं बनेंगी। फाइनेंशियली ग्रोथ का समय है। लव लाइफ में रोमांस बना रहेगा। स्वास्थ्य में जोश रहेगा, लेकिन रक्तचाप को नियंत्रित रखें। मित्रों और सहकर्मियों के साथ समय बिताने से आपको खुशी और संतोष मिलेगा।


कन्या

आज आपके तार्किक निर्णय आपको आगे बढ़ाएंगे। कार्यस्थल पर किसी प्रोजेक्ट में योगदान मिलेगा। धन को लेकर नई संभावनाएं खुलेंगी। प्रेम में साथी से कुछ असहमति हो सकती है। पाचन से जुड़ी समस्या हो सकती है। आपका मिलनसार स्वभाव और स्पष्ट विचार लोगों को आकर्षित करेंगे।


तुला

आज संतुलन बनाकर चलना जरूरी होगा। निजी और पेशेवर जीवन दोनों में। ऑफिस में आपकी कूटनीतिक शैली सराही जाएगी। आर्थिक मामलों में लाभ संभव है। प्रेम में भावनात्मक जुड़ाव रहेगा। थकान या माइग्रेन की समस्या हो सकती है।


वृश्चिक

आज रहस्यमय या शोध कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी पुराने कार्य का परिणाम मिल सकता है। निवेश के लिए दिन अच्छा है। प्रेम में ईर्ष्या से बचें। स्वास्थ्य में प्राइवेट समस्याओं को नजरअंदाज न करें। यह समय आपकी कल्पनाशक्ति और दूरदर्शिता को सही दिशा देने का है।


धनु

नई योजनाएं आज गति पकड़ेंगी। विदेश से जुड़े कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक रूप से सावधानी बरतना आवश्यक है। प्रेम जीवन में सकारात्मक मोड़ आ सकता है। जोड़ों या कमर में दर्द रह सकता है, सावधान रहें।


मकर

आपकी मेहनत आज रंग लाएगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। पैसों को लेकर कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है। प्रेम जीवन में संतुलन बना रहेगा। गर्दन या पीठ में जकड़न हो सकती है। योग लाभदायक होगा।


कुंभ

आज आपकी सोच में नवीनता और प्रयोगधर्मिता रहेगी। नौकरी में रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। धन की स्थिति सुधर सकती है। प्रेम में मित्रवत व्यवहार करें। आंखों में थकान या जलन हो सकती है। आराम करें। आत्मविश्वास से भरा हुआ रहेगा।


मीन

आपकी संवेदनशीलता और कल्पनाशक्ति आज चरम पर रहेगी। आर्टिस्टिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। प्रेम संबंधों में भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। पाचन तंत्र थोड़ा कमजोर हो सकता है। आप अपनी रचनात्मकता और नए विचारों से हर किसी को प्रभावित करेंगे।

## सच्ची लगन ही है सफलता पाने की पहली शर्त

**प्रेरक प्रसंग**

मैक्समूलर की मां की हार्दिक इच्छा थी कि उसका बेटा देश का कोई बड़ा अधिकारी बने। एक विधवा होते हुए भी उसने मैक्समूलर की पढ़ाई में कोई कमी नहीं छोड़ी, लेकिन मैक्समूलर को तो दूसरी ही धुन थी। वह कहता था कि नहीं, मा मुझे संस्कृत पढ़ना है, पढ़ने दो। इसके बाद मैक्समूलर संस्कृत के अध्ययन में जुट गए। लिपजिग कॉलेज में अध्ययन के दौरान मैक्समूलर को यह आश्चर्य हुआ कि अंग्रेजी के अनेक शब्द संस्कृत से निकले हैं यथा डॉक्टर-दुहित्र से, फादर-पितर से, मदर-मातृ से, वाइफ-वधु से और ब्रदर-भ्रातर से। इसके लिए मैक्समूलर को गुरू की खोज में पेरिस जाना पड़ा। पेरिस में बर्नूफ को पाकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। जब मैक्समूलर ने वेद अध्ययन की इच्छा व्यक्त की तो गुरू ने कहा कि तुम में प्रतिभा है, लगन है, एकनिष्ठता है। तुम हिन्दू धर्म या वेद दोनों में से किसी एक को अपना जीवन अर्पित कर दो। गुरू के कहने पर मैक्समूलर ने वेद पढ़ने की जब इच्छा व्यक्त की तो गुरू ने दो हिदायतें दीं। वेद का भाष्य करते समय तुम धूम्रपान नहीं करोगे। मूल और भाष्य का एक शब्द एक अक्षर भी नहीं छोड़ोगे नहीं। उन्होंने इन वचनों का दृढ़ता से पालन किया और अपने 27 वर्षों के कठोर श्रम से ऋग्वेद का उद्धार किया, जो ईस्ट इण्डिया कंपनी के संग्रहालय में कैद थे। हिन्दू धर्म के इस पवित्र ग्रन्थ के जीर्णोद्धार का श्रेय इन्हीं विद्वानों को जाता है, जिन्होंने अपने जीवन के लगभग पचास वर्ष भारतीय वांगमय में विचरते हुए बिताया।



## सुडोकु 2030

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 3 | 5 | | | | |
| | | 2 | | | 4 | 9 | | |
| | | 3 | | | 6 | 7 | | 5 |
| | 9 | | | | | | | |
| | 2 | | 5 | 1 | | | | |
| | | 8 | | 6 | | | | |
| | 6 | | | | 5 | | | 8 |
| 3 | | | 8 | | | | | 1 |
| | | | | | 9 | | 2 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2029 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 8 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |

# सिंध शैली की हस्तशिल्प कला सूफ की विदेशों तक बढ़ी मांग

महानगर संवाददाता



**बाड़मेर।** एक जमीन के दो रंगों और दो मुल्कों में बंट जाने के बाद, सरहद के उस पार से इस पार आए लोगों के हाथों के हुनर की मांग आज सात समंदर पार तक है। बाड़मेर, जैसलमेर और कच्छ की महिलाओं के हाथों के हुनर 'सूफ' से बने उत्पादों की मांग विदेशी बाजारों में लगातार बढ़ रही है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत से आई सदियों पुरानी 'सूफ' कढ़ाई को पश्चिम राजस्थान के सरहदी बाड़मेर की महिलाएं अपनी कला और मेहनत से आज भी जीवंत रखे हुए हैं।

चुन्नी परिहार जैसी सैकड़ों महिलाएं अपने कुशल हाथों से इतने बारीक डिजाइन तैयार करती हैं कि देखने वाला हैरान रह जाता है। रंग-बिरंगे धागों से कपड़ों पर बनने वाले ज्यामितीय पैटर्न और बारीक आकृतियां सिर्फ सजावट नहीं हैं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और सरहदी रिश्तों की पहचान हैं। चुन्नी परिहार जैसी सैकड़ों महिलाएं अपने कुशल हाथों से ऐसे-ऐसे डिजाइन बनाती हैं कि देखने वाला दंग रह जाए। घरेलू स्तर पर तैयार किए गए दुपट्टे, ओढ़निया, कुशन कवर, बेडशीट और पारंपरिक परिधान अब देश-विदेश के बाजारों में अपनी जगह बना रहे हैं। यह कढ़ाई न सिर्फ इनकी आजीविका का साधन है, बल्कि भारत-पाक की साझा सांस्कृतिक धरोहर का जीता-जागता सबूत भी है।

चुन्नी परिहार बताती हैं कि वह 6 साल से एक संस्थान के साथ जुड़कर 'सूफ' कढ़ाई का काम कर रही हैं। वह कहती हैं कि उन्होंने यह कला दादी-नानी से सीखी और फिर इसे अपनी आजीविका का साधन बना लिया। 'सूफ' कढ़ाई से वह शर्ट, कुशन कवर, बेडशीट, दुपट्टा, बैग सहित कई उत्पाद बनाती हैं, जिनकी मांग विदेशों में भी रहती है।

'सूफ' कढ़ाई एक प्रकार की गिने हुए धागों से की जाने वाली बुनाई है, जो बाड़मेर-जैसलमेर और गुजरात के कच्छ जिले और उसके आस-पास की महिलाएं करती हैं। इसकी विशेषता कपड़े के पीछे से की जाने वाली बारीक सिलाई है। इसके नमूने आम तौर पर त्रिभुज या 'सूफ' पर आधारित होते हैं। इसमें अक्सर कांच के छोटे-छोटे टुकड़ों को भी पैटर्न में शामिल किया जाता है।

## अमृतवाणी संघ ने हनुमान चालीसा अमृतवाणी का किया पाठ



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** अमृतवाणी संघ की ओर से रविवार सुबह 7 से 8 बजे तक राणीशक्ति मंदिर में सामूहिक संगीतमय श्री राम अमृत वाणी सत्संग किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना की गई। तत्पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ कर अमृतवाणी की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विश्वनाथ शर्मा, भारत स्काउट गाइड के प्रधान मुरली मनोहर चौबदार, डॉ. आनंदीलाल अग्रवाल, प्रो. गिरधारीलाल वर्मा, जयपालसिंह शेखावत, श्यामसुंदर मोदी, संजय सिंगरोदिया, कैलाश बिरोलिया, रामकरण सैनी सहित नवलगढ़ के धर्म प्रेमियों ने अमृतवाणी का पाठ किया।

## चुनावी दौर में साथ देने वाले समाज के लोगों का किया सम्मान



महानगर संवाददाता

**सवाईमाधोपुर।** श्याम जी गौतम हाड़ोती वाले व ट्रस्ट के सह मंत्री अनुपम गौतम की और से जिला गौतम आश्रम ट्रस्ट के चुनावी दौर के दौरान प्रत्याशी के प्रति आत्मीयता का भाव रखने वाले, कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने वाले समाज के सभी लोगों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा पत्रकार, प्रहलाद गौतम, अखिलेश शर्मा, विनोद गौतम वकील, धर्मेंद्र गौतम, लेखराज गौतम, दुर्गाशंकर गौतम, रमेशगौतम खाट, दीपू गौतम, केशव गौतम, मुरली गौतम, अजय शर्मा, बल्लू किला वाले, उमेश गौतम आदि का सम्मान किया गया।

## छावनी आदर्श रामलीला मंडल ने किया मंच स्तंभ का पूजन

### संयोजक समिति के सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्र के कई लोग रहे मौजूद



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** शहर के छावनी क्षेत्र में स्थित आदर्श रामलीला मंडल के संयोजन में कई वर्षों से चले आ रहे रामलीला मंचन को लेकर रविवार को शुभ मुहूर्त में विधि विधान पूर्वक पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार कर रामलीला स्तंभ रोपण कर भूमि पूजन किया गया। संयोजक समिति आदर्श रामलीला मंडल छावनी अध्यक्ष नंदलाल सैनी ने जानकारी दी कि 18 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नियमित संचालित होने वाले रामलीला मंचन में सभी किरदार पूरी तैयारी के साथ प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप देने में समिति कार्यकर्ता- पदाधिकारी कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। भूमि पूजन के अवसर पर कमेटी के मंत्री एडवोकेट श्रवण कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष राजू पंच, सतीश खंडेलवाल, डायरेक्टर रवि करोटवान, नवल सैनी, बबलू लोहिया, संगठन मंत्री बालमुकुंद शर्मा, संरक्षक प्रहलाद चंचल, पूर्व अध्यक्ष महावीर कुंभावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सीकर में अमरचंद झुंझार महाराज की निकाली निशान पदयात्रा



आज होगा ध्वजारोहण, भरेगा मेला

महानगर संवाददाता

**सीकर।** चांदपोल गेट के बाहर, सुंदरिया धर्मशाला के पास, धोद रोड स्थित श्री बालाजी झुंझार जी शहीद श्री अमरचन्द धाम में वीर शहीद अमरचंद झुंझार महाराज के 60वें शहीद दिवस के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम जारी हैं। धाम के सदस्य रामावतार कलावटिया ने बताया कि धाम के महंत अनिल पारीक के सान्निध्य में रविवार को निशान पदयात्रा शाही लवाजमे व सजीव झांकियों के साथ निशान पूजन कर रामलीला मैदान से रवाना होकर विभिन्न स्थानों से होते हुए धोद रोड स्थित शहीद श्री अमरचन्द झुंझार धाम पहुंची। यात्रा का जगह-जगह ड्रोन, क्रेन व कम्प्रेसर मशीनों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में शेखावाटी के अनेक सन्त महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त हुआ। मुख्य कार्यक्रम 15 सितम्बर को होगा। इस दौरान झुंझार जी का मेला भरेगा। प्रातः 11.15 बजे धाम के महंत अनिल पुजारी के सान्निध्य में ध्वजारोहण कर सलामी दी जाएगी।

# युवाओं को 'विकसित भारत' की दिशा में किया प्रेरित



### बहरावण्डा खुर्द में हिंदी दिवस समारोह आयोजित

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत केंद्र एवं जिला युवा बोर्ड के निर्देशानुसार माय भारत स्वयंसेवक अनुभव सेन द्वारा खंडार पंचायत समिति के बहरावण्डा खुर्द में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षाविद् श्यामसिंह मेरोठा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। यह कार्यक्रम हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करने और युवाओं को रचनात्मक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था।

प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के महत्व, राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका और 'विकसित भारत' की कल्पना जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन एवं नारा लेखन की प्रतियोगिता भी हुई।

नारा लेखन में युवाओं ने हिंदी के सम्मान और भारत के विकास से संबंधित आकर्षक और प्रेरणादायक नारे लिखे। निबंध प्रतियोगिता में भी युवाओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कीर्ति शर्मा, द्वितीय स्थान संगीता मीना, तृतीया स्थान पर संयुक्त रूप से नरेंद्र बैरवा तथा रामकेश रहे। विजेताओं को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र पत्र देकर सम्मान दिया गया। अनुभव सेन ने युवाओं को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया तथा युवाओं को 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' के तहत आयोजित होने वाली ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के बारे में भी बताया गया।

### ज्ञान विहार पी.जी. कॉलेज में मनाया हिन्दी दिवस

**नवलगढ़।** साइंस पार्करोड स्थित ज्ञान विहार पी.जी. कॉलेज में एनएसएस इकाई प्रथम के माध्यम से हिन्दी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज निदेशक अनिल जाखड़ ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।



इस अवसर पर 'वर्तमान में युवाओं में आ रही है अनुशासन में कमी' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्ञान विहार पी.जी. कॉलेज के निदेशक अनिल जाखड़ ने सेमिनार में उपस्थित कॉलेज के युवा विद्यार्थियों को वर्तमान समय में युवाओं के अनुशासन में आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर इसी गति से युवाओं के अनुशासन में कमी आती गई, तो आने वाला समय हमारे देश व समाज के लिए बहुत बुरा होगा। क्योंकि अनुशासन में गिरावट से व्यक्ति को अपनों से ही खतरा लगने लगेगा। अनुशासन में गिरावट के लिए मुख्य रूप से घर के मुखिया ही जिम्मेदार हैं, क्योंकि मुखिया जीवन की भागदौड़ में इतने व्यस्त हैं कि उनके पास अपने बच्चों पर ध्यान देने का समय ही नहीं है, जिससे नादान बच्चे माता-पिता के जीवन के शुरुआती अच्छे संस्कार प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। अच्छाई और बुराई में भेद नहीं कर पाते हैं और बुराई के रास्ते पर चल पड़ते हैं। प्रत्येक माता पिता की सबसे बड़ी कमाई उसकी संतान ही होती है। इसलिए कमाई करने के साथ साथ प्रत्येक माता पिता को अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए। अपने बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार देने चाहिए। हिन्दी दिवस पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए कहा। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों ने भी माता-पिता को अपने बच्चों को पर्याप्त समय देकर सुसंस्कार देने पर बल दिया। अंत में प्राचार्य शीलारानी ने सभी विद्यार्थियों को सदैव अनुशासन में रहकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक खंडार के ओमप्रकाश अध्यक्ष निर्वाचित

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक खंडार के चुनाव पर्यवेक्षक अर्जुनलाल बैरवा, भुवनेश्वर शर्मा व निर्वाचन अधिकारी पिंकेश बैरागी, मोहसिन खान की देखरेख में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त ओमप्रकाश मीना ब्लॉक अध्यक्ष खंडार व रणवीर बैरवा सभाध्यक्ष ब्लॉक खंडार के पद पर निर्वाचित घोषित किए गए।

नव निर्वाचित अध्यक्ष ने संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ब्लॉक मंत्री रामअवतार जाट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदरूपसिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष प्रमोद योगी, यादवेंद्र गौतम, उप सभाध्यक्ष हरिमोहन मीना, कोषाध्यक्ष पारसचंद जैन, संयुक्त मंत्री रामसहाय बैरवा, गोपाललाल गुर्जर, संगठन मंत्री विनोद कुमार बबेरवाल, संरक्षक रामकिशन बैरवा, गुरुदयाल बैरवा, महिला उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, महिला मंत्री अमृता यादव आदि पदाधिकारियों को नियुक्त किया।

## हाइफा हीरो थे मेजर दलपत सिंहः डोटासरा

### शिक्षा मंत्री रहते हुए पाठ्यक्रम में शामिल किया

### बलिदान दिवस पर 23 को सीकर में होंगे कार्यक्रम

महानगर संवाददाता

**सीकर।** हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत के 107वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में 23 सितंबर को सीकर के प्रधानजी का जाव में रावणा राजपूत समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा, शहीद वीरांगना सम्मान और सामाजिक जन जागृति सम्मेलन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन रविवार को पीसीसी



चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, सीकर विधायक राजेंद्र पारीक और पूर्व विधायक रतन जलधारी ने किया।

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मेजर दलपतसिंह शेखावत ने इजराइल के हाइफा शहर को तुर्की और जर्मन सेनाओं के कब्जे से मुक्त कराया था। दलपत सिंह ने जोधपुर सेना की टुकड़ी के साथ साहस का परिचय दिया था। डोटासरा ने कहा कि उन्होंने शिक्षा मंत्री रहते हुए मेजर साहब की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करवाया, ताकि युवा और बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। डोटासरा ने सभी समाजों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे वीर योद्धा किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव हैं।

### 22 को देंगे शहीदों को श्रद्धांजलि

आयोजन समिति के एडवोकेट हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि 22 सितंबर को बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर रोड स्थित शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। अगले दिन 23 सितंबर को श्रद्धांजलि सभा, शहीद वीरांगना सम्मान और सामाजिक जन जागृति सम्मेलन का आयोजन होगा।

# स्पोर्ट्स

### राज्य स्तरीय अंडर-19 ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में जयपुर, बीकानेर, सवाईमाधोपुर और जोधपुर ने दर्ज की जीत

## जयपुर ने नागौर को 7 विकेट से हराया

महानगर संवाददाता







**जयपुर।** बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 के लिए संभावित खिलाड़ियों के चयन के लिए आरसीए के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में जयपुर, बीकानेर, जोधपुर और सवाईमाधोपुर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। के.एल. सैनी स्टेडियम में जयपुर ने नागौर को आसानी से मात दी। नागौर की टीम 153 रन पर सिमट गई। विहान जैन ने 30 रन बनाए। जयपुर की ओर से कार्तिक ने 25 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए जयपुर ने 154/3 रन बनाए। शिफॉन खान ने 64 और अभय शर्मा ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। इन मुकाबलों में शिफॉन खान, कार्तिक बदलानी, अभय शर्मा, शोएब खान, साहिब अबिचंदानी, जगदीश चौधरी, अभिषेक मूंड, नमन शर्मा, भव्य राज और रोहित का प्रदर्शन जबरदस्त रहा।

### बीकानेर का दबदबा, कोटा 9 विकेट से परास्त

नारायणा ग्राउंड पर बीकानेर ने कोटा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। कोटा की पूरी टीम मात्र 79 रन पर ढेर हो गई। रोहित और सचिन ने 3-3 विकेट हासिल किए। जवाब में बीकानेर ने 80/1 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दर्ज की। सचिन लखेसर ने नाबाद 51 रन बनाए।

### जोधपुर की भीलवाड़ा पर 28 रन से जीत

सोनी ग्राउंड पर जोधपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाए। ऋषभ (39) और आर्यन (35) ने योगदान दिया। जवाब में भीलवाड़ा 172 रन पर ऑलआउट हो गई। जोधपुर के जगदीश चौधरी ने 4 विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।

### सवाईमाधोपुर की कड़ी जीत, सीकर 10 रन से हारा

पीएस ग्राउंड पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में सवाईमाधोपुर ने सीकर को 10 रन से हराया। सवाईमाधोपुर ने 257/7 रन बनाए, जिसमें शोएब खान (71) और साहिब अबिचंदानी (59) ने शानदार पारियां खेलीं। जवाब में सीकर 247 रन तक ही पहुंच सका। अभिषेक मूंड ने 54 और अनित राज ने 41 रन बनाए, लेकिन टीम जीत नहीं सकी।

## मीनाक्षी और जैस्मीन ने विश्व मुक्केबाजी में जीते स्वर्ण

विशेष संवाददाता




**लिवरपूल।** जैस्मीन (57 किग्रा) और मीनाक्षी (48 किग्रा) ने लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीत लिए। जैस्मीन ने पोलैंड की स्जेरमेटा जूलिया (पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता) को 4-1 से हराकर स्वर्ण जीता और यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय बन गईं।

वहीं मीनाक्षी (48 किग्रा) ने कजाकिस्तान की नाजिम काइजेबे (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता) के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गईं। नुपुर (80 किग्रा) ने रजत पदक जीता, जबकि पूजा रानी (80 किग्रा) ने कांस्य पदक के साथ समापन किया।

## प्रथम स्थान पर रहकर लौटी दत्तवास टीम का किया स्वागत

### स्कूल में खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

महानगर संवाददाता



**दत्तवास।** जिला स्तरीय अंडर-17 हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दत्तवास के खिलाड़ियों ने टोंक जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीत कर आए खिलाड़ियों के लिए दतवास के ग्रामीणों ने मुख्य बाजार में डीजे के साथ स्कूल तक जुलूस निकाला।

प्रतियोगिता संयोजक शारीरिक शिक्षक महावीर मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-17 छात्रा में फाइनल मुकाबला दत्तवास व मालेड़ा के बीच हुआ, जिसमें दत्तवास टीम मालेड़ा को 7-5 से हराकर चैंपियन बनी।

अंडर- 17 तीसरे स्थान के लिए देवल व इमामुल टोंक के बीच में खेले गए मैच में 4-0 से देवल विजेता रहा। शारीरिक शिक्षक का माला, साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य सुविज्ञया चौहान ने जीतकर आए खिलाड़ियों का दतवास विद्यालय में पहुंचने पर माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उमाशंकर गुप्ता, प्रभुलाल मीणा, राजकुमार जारवाल, ब्रजबाला जैन, कोमल धाकड़, हेमलता गुर्जर, मनप्रीत कोर, सुशीला यादव, श्रीलता स्वामी, सुषमा वर्मा सहित विद्यालय की बालिकाएं मौजूद रहीं।

## करौली जिला अंडर 23 (पुरुष) टीम की ओपन चयन ट्रायल कल

**जयपुर (मसं.)।** आरसीए के तत्वाधान में आयोजित होने वाली आगामी राज्य स्तरीय अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली करौली जिला क्रिकेट संघ टीम के चयन के लिए आरसीए द्वारा ओपन चयन ट्रायल 16 सितम्बर को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी पर होगी। चयन ट्रायल में रेड बॉल इस्तेमाल की जाएगी। चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों को सफेद कपड़ों में आना आवश्यक है। ओपन चयन ट्रायल में वो ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म दिनांक 1 सितम्बर 2002 या उसके पश्चात हो।

## बिजली बंद




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दीपावली पर्व को लेकर जयपुर शहर में 15 सितंबर को बिजली लाइनों का आवश्यक सुधार किया जाएगा। इस कारण शहर के कई इलाकों में बिजली बंद रखी जाएगी।

**सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक :** जगदंबा नगर ए,बी, विकास नगर, निंबार्क नगर, धावास रोड, विष्णु विहार के आसपास क्षेत्र।

**सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक :** स्वर्णकार कॉलोनी, संजय कॉलोनी एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

**सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक :** प्रतापनगर क्षेत्र में प्रतापनगर सेक्टर-28, डॉल्फिन स्कूल एवं आसपास का क्षेत्र। जगतपुरा क्षेत्र में- गुलमोहर पार्क कॉलोनी, विनायक एनक्लेव, ग्रीन पार्क, शॉप-17 एवं आसपास का क्षेत्र। मुरलीपुरा क्षेत्र के अंतर्गत आर्य नगर, माताजी का मंदिर, विजय नगर, सरदारजी का फार्म, एन.के. पब्लिक स्कूल, शंकर विहार व आसपास का क्षेत्र। लोहामंडी क्षेत्र के अंतर्गत बालाजी कॉलेज, गणेश नगर, बृजवाल स्कूल, ग्रीन नगर, पंडित जी का चौराहा व आसपास का क्षेत्र। झोटवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत बाढ़ पीतावास, शेखावटी नगर, ग्रीन सिटी-16, किरण विहार-एफ व आसपास का क्षेत्र। वैशाली एस्टेट, कनक वृंदावन ए, जी, ई ब्लॉक, नाइयों की ढाणी, कनक वृंदावन रेजीडेंसी, सी, के, डी, चित्रकूट सेक्टर 2, 3 मेपल गार्डन, गांधी पथ, गिरधारीपुरा, शाकंभरी नगर, वैशाली अलीगंज, कच्ची बस्ती, गोविंद नगर, आम्रपाली नगर, श्याम विहार एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

**दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक :** प्रतापनगर क्षेत्र में कृष्णा अपार्टमेंट एवं आसपास का क्षेत्र। जगतपुरा क्षेत्र में बुध विहार, शिवनगर-द्वितीय, रामनगरिया गांव एवं आसपास का क्षेत्र। मुरलीपुरा क्षेत्र के अंतर्गत भवानी निकेतन बीड़, मैना सदन, साकेत कॉलोनी, पथ नं. 6, 7, विजयबाड़ी, बंधुनगर, प्रताप नगर चौराहा व आसपास का क्षेत्र। लोहामंडी क्षेत्र के अंतर्गत कृष्णा नगर, सीतावाली फाटक, राजेंद्र नगर व आसपास का क्षेत्र। झोटवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत श्याम सरोवर, सुंदर विहार, गोविंद वाटिका, कल्याण वाटिका व आसपास का क्षेत्र। गोकुल वाटिका, वर्धमान संपदा, राधा स्वामी सत्संग, रॉयल सिटी, आर केडिया ग्रीन, जगदंबा नगर, चित्रकूट से 1, 3 कुबेर काम्प्लेक्स, गांधी पथ, एकता नगर, अवधपुरी, गोविंद नगर, गोविंद विहार, अरिहंत वाटिका, एकता नगर सरकारी स्कूल एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र। स्वर्णकार कॉलोनी, आरपीए रोड एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

आवारा श्वानों पर देशभर में विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनिमल लवर्स पर ली चुटकी

# 'हमारे देश में कुछ लोग गाय को नहीं मानते जानवर'

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश भर में आवारा कुत्तों पर विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनिमल लवर्स पर चुटकी ली। उन्होंने दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं पिछले दिनों कुछ एनिमल लवर्स से मिला। हमारे देश में ऐसे बहुत एनिमल लवर्स हैं और विशेषता है कि वे गाय को एनिमल नहीं मानते। पीएम मोदी की बातों पर कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और हॉल में बैठे लोग ठहाके लगाकर हंसने लगे। प्रधानमंत्री भी मुस्कुराने लगे और लोगों से उन्होंने पूछा कि क्यों, आपको हंसी आ गई? इस पूरे वाकिये का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह टिप्पणी दिल्ली-एनसीआर से आवारा श्वानों को हटाने वाले सुप्रीम कोर्ट आदेश के बाद आई है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की एक अन्य बैंच ने इस आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उस फैसले पर रोक लगा दी थी।

दरअसल, गत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय इलाकों से सभी आवारा श्वानों को 8 हफ्तों में हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। इस आदेश का देशभर में डॉग लवर्स ने सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक विरोध किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना आदेश पलट दिया। कोर्ट ने फैसले में संशोधन करते हुए आक्रामक या पागल श्वानों को छोड़कर सभी आवारा श्वानों को नसबंदी और टीका लगाने के बाद वापस वहीं छोड़ने का आदेश दिया, जहां से उन्हें पकड़ा गया था।

### अपने सरकारी आवास में गाय पालते हैं पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी खुद एक गौ प्रेमी हैं। वे अक्सर गाय के साथ नजर आते हैं। हाल के वर्षों में उनकी कई ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह गाय को चारा खिलाते व दुलारते हुए दिखाई दे रहे हैं। वे दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास में भी गाय पालते हैं। उन्होंने कई बार अपने आवास पर गायों के साथ समय बिताते पलों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। पीएम मोदी ने जनवरी 2024 में मकर संक्रांति पर पुंगनूर (गाय का ब्रीड) गायों को चारा खिलाते हुए अपना एक वीडियो साझा किया था। पुंगनूर छोटी कद की, बैलों की तरह दिखने वाली गायों की एक भारतीय नस्ल है। इनकी ऊंचाई औसतन 3 से 5 फीट और वजन 115 से 200 किलोग्राम तक होता है।

### पीएम बनने के बाद गौ संरक्षण के लिए शुरू की कई पहल

प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2024 में एक्स पर बताया था कि उनके आवास पर एक गाय ने एक बछिया को जन्म दिया है, जिसके माथे पर प्रकाश का प्रतीक है। पीएम ने बछड़े का नाम दीपज्योति रखा था, जिसका मतलब है दीपक की रोशनी। मोदी सरकार ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद गौ संरक्षण के लिए कई पहल शुरू की हैं। उन्होंने 2019 में राष्ट्रीय कामधेनु आयोग (आरकेए) की स्थापना की थी। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले राष्ट्रीय कामधेनु आयोग की स्थापना गायों और उनकी संतानों के संरक्षण, सुरक्षा और विकास के लिए की गई थी।

# जम्मू-कश्मीर में फिर मौसम खराब उत्तर प्रदेश में नदियां उफान पर

## इस सीजन उप्र में 4 फीसदी कम तो हिमाचल में 133 फीसदी ज्यादा बारिश

महानगर संवाददाता

**लखनऊ/शिमला/जम्मू/दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते वैष्णो देवी यात्रा को फिर से रोका गया। 19 दिन स्थगित रहने के बाद यात्रा रविवार से शुरू होनी थी, लेकिन तेज बारिश के चलते इसे अगले आदेश तक स्थगित किया गया। गत 26 अगस्त को मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी। वहीं उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश के बाद गंगा, यमुना समेत नदियों का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। बलिया में चक्की नौरंगा गांव में 5 मकान और 5 दुकानें नदी में समा गईं। इस मानसून सीजन राज्य में 654.2 एमएम बारिश हुई जो औसत 679.3 एमएम बारिश से 4 फीसदी कम है।

इधर हिमाचल के मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में लैंडस्लाइड हुई। कई घरों तक मलबा पहुंच गया। 8 घर खाली भी कराए गए हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में 12 सितंबर तक 133 फीसदी ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है। इस पीरियड में 64.6 एमएम बारिश की तुलना में 150.4 एमएम बारिश हो चुकी है।



छत्तीसगढ़

### उप्र के बलिया में 6 मकान और 5 दुकानें गंगा में समाईं

उत्तर प्रदेश के बलिया में गंगा नदी उफान पर है। कटान भी तेज हो रही है। चक्की नौरंगा गांव में दो मंजिला मकान 10 सेकंड में नदी में समा गया। साथ ही 5 मकान और पांच दुकानें भी नदी में समा गईं। गंगा नदी की कटान देख ग्रामीण दहशत में हैं। प्रशासन को सूचना दी है। राहत-बचाव में तेजी लाने की मांग की है। वहीं सीतापुर में तालाब में मछली पकड़ने जा रहे मछुआरों के जाल में मगरमच्छ फंस गया। ग्रामीणों ने जाल से बाहर निकालकर मगरमच्छ को घर के बाहर रस्सी से बांध दिया। सूचना मिलने पर वन रक्षक ने मगरमच्छ को शारदा नदी में छोड़ा। मामला थाना तंबौर क्षेत्र के डेयोढ़ेडीह गांव का है।

वहीं राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से रविवार से मानसून विदाई की शुरुआत हो गई है, लेकिन मध्यप्रदेश को अभी दो हफ्ते और लग सकते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में मालवा-निमाड़ इलाके में बारिश का एक और दौर 16 से 22 सितंबर के बीच शुरू होने की संभावना है।

### अरुणाचल में रेड और छत्तीसगढ़ में यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, नामसाई, लोहित, तिरप, लोंगडिंग व लोअर सुबनसिरी जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अपर सुबनसिरी, सियांग बेल्ट, वेस्ट कामेंग, तवांग, लोहित, अंजॉ व लोअर दिबांग वैली में रेड अलर्ट है। वहीं छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों में ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 52.2 एमएम बारिश भोपालपटनम में हुई है। अगले 3 दिनों तक यही स्थिति बनी रहेगी। राज्य में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 28 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### सिक्किम में लैंडस्लाइड से पंचायत अध्यक्ष की मौत

सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में तेज बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुई। इसकी चपेट में आने से सरडुंग लुंगजिक ग्राम पंचायत के अध्यक्ष राजेन गुरुंग की मौत हो गई। उनकी मौत पर राज्य के सीएम प्रेम सिंह तमांग ने दुख जताया। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन बाढ़-बारिश से अब तक 386 लोगों की मौत हो चुकी है। इस 4500 करोड़ की सरकारी व निजी संपत्ति को नुकसान हो चुका है।

## ओडिशा में 8 बच्चों की आंखों में डाला इंस्टैंट ग्लू, पलकें चिपकीं

### हॉस्टल में सोते समय प्रैंक कर रहे थे दोस्त



महानगर संवाददाता

**ओडिशा।** कंधमाल जिले के एक स्कूल के हॉस्टल में कुछ बच्चों ने शरारत करने के इरादे से 8 बच्चों की आंखों में सोते समय इंस्टेंट ग्लू (तुरंत चिपकाने वाला गोंद) डाल दिया। इससे बच्चों की पलकें चिपक गईं। सुबह जब बच्चे उठे, तो अपनी आंखें नहीं खोल पा रहे थे। उनकी आंखों में दर्द और जलन भी थी। वे रोने-चिल्लाने लगे। उनकी चीखें सुनकर हॉस्टल के प्रशासन को घटना की जानकारी मिली। अधिकारियों ने बच्चों को तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। बाद में उन्हें फूलबनी के जिला अस्पताल में रैफर कर दिया गया।

मामला जिले के सेवाश्रम स्कूल के हॉस्टल का है। पीड़ित छात्र कक्षा 3, 4 व 5 के हैं। एक बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया है। बाकी 7 बच्चे अभी भी भर्ती हैं। पीड़ित बच्चों की कई तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें उनकी आंखें बंद हैं, उनमें से कुछ रोते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि वे बच्चों की चिपकी हुई पलकों को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। इंस्टेंट ग्लू से बच्चों की कॉर्निया और पलकों को काफी नुकसान पहुंचा है। डॉक्टरों ने कहा कि सही इलाज मिलने से आंखों की रोशनी जाने से रोका जा सकता है।

### हैडमास्टर निलंबित, जांच के आदेश

इधर, जिला प्रशासन ने घटना का पता चलने के बाद स्कूल के हैडमास्टर मनोरंजन साहू को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही हाई लेवल जांच के आदेश भी दिए हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों की स्थिति का जायजा लिया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## कुख्यात माओवादी कमांडर की पत्नी ने किया सरेंडर

महानगर संवाददाता

**जगदलपुर/सुकमा।** नक्सली संगठन को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। कुख्यात नक्सली कमांडर किशन की पत्नी सुजाता ने तेलंगाना में आत्म समर्पण किया है। सुजाता पर कई राज्यों की सरकार ने एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। उसके सरेंडर को सुरक्षा एजेंसियां नक्सली मोर्चे पर बड़ी कामयाबी मान रही हैं। बताया जाता है कि सुजाता नक्सली संगठन के सेंट्रल कमेटी की मेंबर है। वह नक्सलियों के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो इंचार्ज के साथ ही जनताना सरकार की भी इंचार्ज रह चुकी है। लंबे समय से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में कई नक्सली वारदातों में सक्रिय रही है। उसके नाम पर कई बड़ी नक्सली वारदातें दर्ज हैं। इतना ही नहीं उसकी तुलना चंदन तस्कर वीरप्पन से की जाती थी। एक समय में वो वीरप्पन की तरह बस्तर के जंगल में एकछत्र राज किया करती थी। कम उम्र में ही सुजाता ने हिंसा का रास्ता अख्तियार कर लिया था। इतना ही नहीं माना जाता है कि वह खूंखार नक्सली हिड़मा को ट्रेनिंग दे चुकी है। उसने हिड़मा को बंदूक और दूसरे हथियार चलाना सिखाया था।



## मायावती ने समधी को सौंपा चार राज्यों का जिम्मा

महानगर संवाददाता

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने अपने समधी अशोक सिद्धार्थ के माफी मांगने के बाद हाल ही में पार्टी में उनकी वापसी कराई थी। अब उन्होंने अशोक सिद्धार्थ को केंद्रीय कोऑर्डिनेटर बनाकर चार राज्यों का जिम्मा सौंप दिया है। अशोक सिद्धार्थ को हिमाचल, छत्तीसगढ़, गुजरात और जम्मू-कश्मीर में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि इसके पहले बसपा में इस सेक्टर का काम रणधीर सिंह बेनीवाल देख रहे थे। अब उन्हें सेक्टर-चार का केंद्रीय कोऑडिनेटर बनाया गया है। अब तक सेक्टर चार का काम देख रहे डॉ.लालजी मेधांकर को अब सेक्टर पांच का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं पूर्व विधायक अतर सिंह राव को सेक्टर छह की जिम्मेदारी मिली है। इसकी जिम्मेदारी पहले पूर्व विधायक धर्मवीर सिंह के पास थी। इन बदलावों के बीच सेक्टर एक में पूर्व सांसद रामजी गौतम और सेक्टर दो में पूर्व सांसद राजाराम पहले की तरह काम करते रहेंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने संगठन की दृष्टि से देश भर में छह सेक्टर बनाए हैं।



## पद्म विभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

### साल 2014 में बने थे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक

महानगर संवाददाता

**वाराणसी।** शास्त्रीय संगीत के जाने माने कलाकार और पद्मविभूषण पंडित छन्नू लाल मिश्र की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन फानन में उन्हें मिर्जापुर के रामकृष्ण सेवाआश्रम हॉस्पिटल से बीएचयू सर सुंदरलाल अस्पताल भेजा गया है। पंडित छन्नू लाल मिश्र को ब्लड प्रेशर की समस्या के साथ अन्य कई समस्याएं भी है।

उनकी बेटी नम्रता मिश्रा ने कहा- अलग अलग एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम उनकी देख रेख कर रही है। फिलहाल डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें बीएचयू ले जाने का सलाह दिया गया है। उन्होंने बताया बीते करीब दो सालों से पंडित छन्नू लाल मिश्र मिर्जापुर में अपने बेटी के साथ रह रहे हैं। आईएमएस निदेशक प्रो. एसएन संखवार ने इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों के साथ ही हृदय रोग विभाग, चेस्ट विभाग सहित अन्य विभागों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की टीम को अलर्ट कर दिया। निदेशक ने बताया कि बीएचयू आने के बाद छन्नूलाल मिश्र को तत्काल आईसीयू में शिफ्ट करवाकर इलाज किया जाएगा। यहां उनके इलाज की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



आजमगढ़ के रहने वाले पंडित छन्नूलाल मिश्र ने धर्म नगरी काशी को अपना कर्मभूमि बनाया। उन्होंने यहीं रहकर शास्त्रीय संगीत में महारथ हासिल की। 2010 में उन्हें पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। फिर 2014 में वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक बने। वहीं, 2020 में उन्हें पद्म विभूषण सम्मान से नवाजा गया।

## पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रांची (मसं)।** झारखंड के पलामू में रविवार अलसुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पांच लाख का इनामी नक्सली मुखदेव यादव मारा गया। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ मनातू जंगल में हुई, जहां झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से कांबिंग ऑपरेशन चलाया। मारे गए नक्सली मुखदेव यादव का संबंध टीपीसी संगठन से था और वह लंबे समय से पलामू इलाके में सक्रिय था। राज्य सरकार ने उस पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। सुरक्षाबलों को मुखदेव के ठिकानों की कई बार गुप्त सूचना मिली थी, लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। इस बार विशेष अभियान में पुलिस ने उसे ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन में कोबरा, झारखंड जगुआर और अन्य बलों के जवान शामिल थे।

## 'मेरा दिमाग 200 करोड़ प्रतिमाह का, मुझे पैसों की कोई कमी नहीं'

### गडकरी ने एथेनॉल मिले पेट्रोल को लेकर आलोचनाओं का दिया जवाब

महानगर संवाददाता

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर के एक कार्यक्रम में एथेनॉल मिले पेट्रोल को लेकर आलोचनाओं का जवाब दिया। गडकरी ने कहा कि मेरा दिमाग 200 करोड़ रुपए प्रति माह का है। मेरे पास पैसे की कोई कमी नहीं है। मुझे पता है कि पैसे कहां से ईमानदारी से कमाना है।

गडकरी की यह टिप्पणी केंद्र सरकार की तरफ से एथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के प्रचार की आलोचना के बीच आई है। सरकार ने कहा है कि 20 फीसदी एथेनॉल लेंड पेट्रोल एक स्वच्छ ईंधन है और इससे किसानों को गन्ना और मक्का जैसी अपनी फसलों के लिए बेहतर दाम मिल रहे हैं।



आलोचकों का आरोप है कि इस स्कीम से पानी की कमी होगी और गाड़ियों को नुकसान होगा। गडकरी पर आरोप लगाया जा रहा है कि उनके बेटे दो बड़ी एथेनॉल कंपनियों के मालिक हैं। उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए एथेनॉल मिले पेट्रोल बेचे जा रहे हैं। गडकरी ने सीधे तौर पर विवाद का जिक्र किए बिना कहा कि मेरा बेटा आयात-निर्यात का काम करता है। हाल ही में मेरे बेटे ने ईरान से 800 कंटेनर सेब आयात किए और भारत से ईरान को 1,000 कंटेनर केले निर्यात किए। ईरान के साथ कोई मौद्रिक लेन-देन नहीं है। मेरे पास एक चीनी मिल, एक डिस्टलरी और एक बिजली संयंत्र भी है। मैं निजी लाभ के लिए कृषि में कोई प्रयोग नहीं कर रहा हूं। मैं अपने बेटों को विचार देता हूं, लेकिन मैं धोखाधड़ी का सहारा नहीं लेता। भारत में हाल के हफ्तों में एथेनॉल मिले पेट्रोल की अनिवार्य बिक्री को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर इसकी खूब आलोचना की थी।

हीरक जयंती समारोह | पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर बोले- 1965 युद्ध में सीखने को मिलीं तालमेल के साथ बचाव और हमले की योजना जैसी कई बातें

# 'ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी, अब हिमाकत की तो देंगे कड़ा जवाब'

महानगर संवाददाता

**चंडीगढ़।** पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा कि 1965 का युद्ध हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने बताया कि नई पीढ़ी को 1965 की लड़ाई के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उस युद्ध से हमें कई बातें सीखने को मिलीं, जैसे सेना और वायुसेना का सही समन्वय कैसे रखा जाए, बचाव और हमले की योजना कैसे बनती है।

आर्मी कमांडर ने यह भी कहा कि मशीनें और तकनीक जरूरी हैं, लेकिन उन मशीनों के पीछे खड़े इंसान की महत्ता भी उतनी ही ज्यादा है।

जनरल कटियार ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान या उसके समर्थन वाले कोई आतंकी फिर हमला करते हैं तो इस बार हमारा जवाब पहले से भी ज्यादा कड़ा होगा। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल एक लड़ाई थी, बल्कि पाकिस्तान की किसी भी शत्रुतापूर्ण कोशिश का मुकाबला करने की हमारी तैयारी भी थी। हमारी तैयारी अब भी जारी है। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में विजय की हीरक जयंती समारोह के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि 10 मई को संघर्ष विराम के बाद जमीनी स्तर पर स्थिति शांत है। सीनियर सैन्य ऑफिसर ने आशा व्यक्त की कि पाकिस्तान फिर से कोई दुस्साहस नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन हमें इस पर पूरा भरोसा नहीं है।





### पाकिस्तान पर भरोसा नहीं, फिर से कर सकता है हमला

पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा कि हमें लगता है कि पाकिस्तान या आतंकी संगठन फिर से कोई आतंकवादी हमला कर सकते हैं, ऐसे में हमारे पास करारा जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस बार हमारा जवाब पहले से भी ज्यादा कड़ा होगा। इसके लिए हमारा ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है।

### भारत में सांप्रदायिकता भड़काना पाक का उद्देश्य

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में हालात बिगाड़ना था। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह आतंकवादी हमला हुआ, चुन-चुन कर हत्याएं हुईं, उसका एक और मकसद भारत में सांप्रदायिकता को भड़काना था। यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता रहेगा।

facebook YouTube
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# पश्चिमी राजस्थान से आज हो सकती है मानसून की विदाई

## दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बारिश को लेकर अलर्ट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां सोमवार को पश्चिम राजस्थान से मानसून की विदाई शुरू होने की संभावना बन रही है, वहीं पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में आगामी दिनों में बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने 17 सितंबर को 9 जिलों बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर में मानसून की विदाई को लेकर परिस्थितियां अनुकूल बन रही है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ने और पूर्वी हवाएं कमजोर होने से राजस्थान के पश्चिमी जिलों में लगातार मौसम शुष्क हो रहा है। वातावरण से नमी का लेवल कम हो रहा है। बारिश की बेरुखी के चलते प्रदेश के शहरों के पारे में उछाल देखने को मिल रहा है। राजस्थान के अधिकांश शहरों में रविवार को मौसम शुष्क रहा और दिनभर धूप रही। रविवार को श्रीगंगानगर सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 37.6 और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य में पूर्वी हवाओं के कमजोर होने और पश्चिमी हवाएं प्रभावी होने से कई शहरों में अब दिन में नमी का लेवल भी 50 से नीचे आ गया।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को राज्य के अलवर, जयपुर, जालोर, सवाई माधोपुर में 2 मिमी बारिश दर्ज की गई। दक्षिण-पश्चिम मानसून की रविवार को पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों से विदाई हो गई है, जबकि मानसून वापसी की सामान्य तिथि 17 सितंबर है। पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में भी आगामी 2-3 दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने व 16 सितंबर से दक्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है।



### जयपुर में हल्की बूंदाबांदी, पारा चढ़ा

जयपुर में दोपहर बाद आसमान पर काले घने बादल नजर आए और हवा के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। जयपुर के पारे में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जयपुर में दिन में उमस ने आमजन को परेशान किया। जयपुर का अधिकतम तापमान 34.8 और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर के दिन के तापमान में 0.1 और रात के तापमान में 1.3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### बीसलपुर में घटी पानी की आवक

बारिश का दौर थमने से बीसलपुर बांध में पानी की आवक लगातार घटती जा रही है। रविवार को बीसलपुर बांध का एक गेट डेढ़ मीटर खोलकर 9015 क्यूसेक पानी की निकासी की गई। वर्तमान में त्रिवेणी नदी 3.60 मीटर पर बह रही है।

# मोदी की कार्यकर्ता से प्रधानमंत्री बनने की यात्रा प्रेरणादायीः मेवाती



## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा को लेकर टोंक में अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक

महानगर संवाददाता

**जयपुर/टोंक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के जन्मदिवस 17 सितम्बर से भाजपा पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इसी कड़ी में टोंक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हामिद खान मेवाती ने की।

मेवाती ने कहा कि पीएम की यात्रा यात्रा हमें सिखाती है कि राष्ट्र प्रथम की भावना, परिश्रम और सेवाभाव से असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए मोदी सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं, हर गरीब को पक्का घर, शौचालय, गांव-गांव में बिजली और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी दूरदर्शिता का परिचायक है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत 2047 का सपना सेवा पखवाड़े से साकार होगा। स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने में मोदी का योगदान ऐतिहासिक है। सेवा पखवाड़े के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा बूथ स्तर पर पौधरोपण करेगा।

# सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टीअडल्ट जैसी गतिविधियों का हो रहा संचालन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए जिले में स्वास्थ्य दल-आपके द्वार अभियान का द्वितीय चरण आयोजित किया जा रहा है। अभियान में विभिन्न गतिविधियों द्वारा मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है। ये अभियान 30 सितंबर तक चलेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार बारिश के मौसम मे मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों का अंदेशा रहता है। मच्छरों के फैलाव को रोकने व बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान का द्वितीय चरण आयोजित किया जा रहा है। गौरतलब है कि 4 से 30 अगस्त तक स्वास्थ्य दल-आपके द्वार अभियान आयोजित किया गया था। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. इंद्रा



गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य दल-आपके द्वार अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टीअडल्ट गतिविधियां की जा रही हैं। इस दौरान पानी से भरे कंटेनरों और जल-भराव वाले स्थानों पर मच्छरों की व्युत्पत्ति को रोकने के लिए दवा डाली जा रही है।

बुखार के मरीजों को चिह्नित करने के साथ ही निकटतम चिकित्सा संस्थान में उपचार के लिए भेजा जा रहा है तथा आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

## जयपुर में पायलट नहीं करवा पाया फ्लाइट की लैंडिंग

# क्रू मेंबर्स समेत 150 लोगों की जान 17 मिनट सांसत में रही

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में रविवार शाम इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-394 टच डाउन के बाद फिर से टेक-ऑफ कर गई। फ्लाइट 17 मिनट तक जयपुर के एयर स्पेस में ही चक्कर काटती रही। इस दौरान फ्लाइट में क्रू मेंबर्स समेत करीब 150 पैसेंजर की जान सांसत में रही। करीब 17 मिनट जयपुर के आसमान में चक्कर काटने के बाद शाम 6:31 बजे फ्लाइट की सफल लैंडिंग हो पाई। तीन दिन में जयपुर एयरपोर्ट पर यह दूसरी घटना है, जब फ्लाइट टच डाउन करके भी सफल लैंड नहीं हो पाई।



दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस के प्लेन 6ई- 394 ने कोलकाता से शाम 4:05 बजे जयपुर के लिए उड़ान भरी थी। उसका शाम 6:25 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने का समय है। लेकिन, रविवार को फ्लाइट 12 मिनट पहले 6:13 बजे ही जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंच गई। इस दौरान पायलट ने जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया। फ्लाइट रनवे को टच डाउन करने के बावजूद लैंड नहीं हो पाई। पायलट ने तुरंत फ्लाइट को फिर से टेक-ऑफ कर लिया। 17 मिनट तक जयपुर एयर स्पेस में ही फिर से लैंडिंग का इंतजार करता रहा। इसके बाद पायलट ने 6 बजकर 31 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट की सफल लैंडिंग की।

### पहले भी टच डाउन कर करना पड़ा था टेक-ऑफ

इससे पहले 11 सितंबर को एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-2870 हैदराबाद से जयपुर आ रही थी। सुबह 8:05 बजे फ्लाइट जयपुर एयर स्पेस में पहुंची थी। पायलट ने 8:08 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट की लैंडिंग की कोशिश की थी। पायलट सफल नहीं हो पाया। हवाई पट्टी पर टच डाउन होने के कुछ ही सेकेंड में पायलट ने टेक-ऑफ कर लिया। इसके बाद सुबह 8:35 बजे पायलट ने एक बार फिर लैंडिंग का प्रयास किया। 8:40 बजे फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड हो पाई थी। इस दौरान लगभग 30 मिनट तक फ्लाइट जयपुर एयर स्पेस में ही घूमती रही। फ्लाइट में मौजूद करीब 140 पैसेंजर की जान सांसत में रही।

# सिंगरौली-भोपाल, सिंगरौली-निजामुद्दीन ट्रेन प्रतिदिन चलाने की मांग



## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले नमो नमो मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल साहू

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नमो नमो मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल साहू ने नई दिल्ली स्थित भाजपा केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सिंगरौली से भोपाल और सिंगरौली से निजामुद्दीन के बीच चलने वाली ट्रेनों को प्रतिदिन संचालित करने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा।

साहू ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में ये ट्रेनें सीमित दिनों में ही चलाई जाती हैं, जिससे छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि यदि इन ट्रेनों का संचालन प्रतिदिन हो तो हजारों यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और सिंगरौली से राजधानी भोपाल व दिल्ली के लिए बेहतर रेल संपर्क स्थापित होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मांग पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर साहू ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल लगातार सुविधाओं का विस्तार कर रही है और शीघ्र ही यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी।

# रक्तदान शिविर में 2256 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वैशाली नगर स्थित केसर बाग मैरिज गार्डन में रविवार को रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया गया।

शौर्य फाउंडेशन की ओर से यह चौथा रक्तदान शिविर था, इसमें 2256 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस दौरान निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने निशुल्क ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी सहित कई जांचे करवाई। शिविर में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विधायक बालमुकुंदाचार्य, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़, मकराणा विधायक जाकिर हुसैन गैसावत, झोटवाड़ा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक चौधरी, महापौर सौम्या गुर्जर, गाडोदा धाम से महावीर जती, फतेहपुर संत शिवदान जती, बाबा रामदास गौशाला के सूर्यनाथ महाराज, मौजूद रहे। रक्तदान महोत्सव में बड़ी संख्या में मातृशक्ति और प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवा भी शामिल हुए। रक्तदान महोत्सव में जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल, ट्रोमा, संतोकबा दुर्लभ जी, जनाना, जेके लोन, ईएचसीसी, महावीर कैंसर, महात्मा गांधी, जीवन ज्योति, यूनिवर्सल, चिरायु,शेखावाटी एवं जय दुर्गा ब्लड बैंक शामिल हुए।

**व्यापार मंडलों का रहा विशेष सहयोगः** रक्तदान शिविर में माल रोड, सेंट्रल स्पाईन, जयपुर व्यापार मंडल, वैशाली नगर, खातीपुरा, पांचावाला, झोटवाड़ा सहित कई व्यापार मंडलों का विशेष सहयोग रहा।

# सड़कों पर घूमते 10 गौवंश को निगम ने पहुंचाया हिंगोनिया गौशाला





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर की सड़कों पर लगातार गौवंश नजर आ रहे हैं। निगम की लापरवाही के चलते आमजन रोजाना हादसों का शिकार हो रहे हैं। निगम प्रशासन कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी की इतिश्री कर लेता है। रविवार को हेरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 10 गौवंश को पकड़ कर हिंगोनिया गौशाला पहुंचाया है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि निगम लगातार बेसहारा गौवंश को पकड़ने की कार्रवाई कर रहा है। रविवार को सोडाला, सिविल लाइंस, जमना नगर सहित कुछ अन्य स्थानों पर कार्रवाई की गई।

# बनीपार्क मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** झोटवाड़ा रोड पर बनीपार्क स्थिति एक होटल में रविवार को 'सेवा पखवाड़ा' की मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का आयोजन सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।



जिसमें बनीपार्क मंडल महामंत्री रोहित शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्यशाला में मुख्य वक्ता अजय यादव पूर्व पार्षद एवं वार्ड 34 के स्थानीय पार्षद, सुभाष व्यास चेयरमैन, रवि प्रकाश सैनी, मनोज मुदगल, मंडल अध्यक्ष निखिल वर्मा, संयोजक आलोक जैन, सहसंयोजक धीरेंद्र शर्मा एवं बनीपार्क मंडल के पदाधिकारी एवं वार्ड संयोजक, मोर्चा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रमुख अनीता अग्रवाल एवं दीप चंद जांगिड़, इंद्र रावत ने दी।

**खोया पाया**

भूखण्ड संख्या जे-227, क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर, जेडीए स्कीम अभिनव विहार विस्तार, तीतरिया, तह. चाकसू, जिला जयपुर का जेडीए द्वारा जारी ओरिजीनल पट्टा मय स्टाम्प पेपर व साईट प्लान कही गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। प्रकाश चन्द गुप्ता-9982085934

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांकः जविप्रा/उपा/पी.आर.एन.(दक्षिण-द्वितीय)/2025/डी-973 दिनांकः 09.09.25

**सूचना** (Online. No. 244964)

पृथ्वीराज नगर में निम्न योजनाओं के निम्न भूखण्डधारियों/भूखण्डधारी ने नियमन /भू-आवंटन हेतु पी.आर.एन. (दक्षिण-द्वितीय), जविप्रा, जयपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। जो नाम लीजडीड/हस्तानान्तरण/प्रतिस्थापन हेतु कार्यालय को प्राप्त हुये हैं:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखंड संख्या | भूखंड का क्षेत्र -फल | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी जविप्रा/ योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंघल बिल्डहोम प्रा.लि. जरिये डायरेक्टर श्री अभिषेक सिंघल पुत्र श्री मुरारी लाल सिंघल | श्रीमती पुष्पा कुमारी यादव पत्नी स्व.श्री भूपेंद्र कुमार, श्री कार्तिकेय सिंह श्री अभिषेक सिंह एवं श्री नितिन सिंह पुत्रानं स्व. श्री भूपेंद्र कुमार | 50 | 183.33 वर्ग -गज | बाबा आर. एन. गौड गृहनिर्माण सहकारी समिति लि. | कमल विहार | नाम हस्तानां -तरण | जारी लीज-डीड रजिस्टर्ड विक्रय पत्र आदि |

उपायुक्त, जोन-पी.आर.एन.(दक्षिण-द्वितीय) जविप्रा, जयपुर।

# सैन्य बल और सिविल प्रशासन के बीच मजबूत हो तालमेल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कोणार्क कोर की ओर से 1 से 12 सितंबर तक जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में 'दक्षिणी कमान सीमांत जिला मिलिट्री सिविल फ्यूजन संगोष्ठी' का आयोजन किया।

पीआरओ (रक्षा) लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर जैसी स्थिति से निपटने के लिए सैन्य बलों एवं सिविल प्रशासन के बीच तालमेल को और मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की गई। संगोष्ठी का उद्देश्य विचार-विमर्श और सर्वश्रेष्ठ सेवाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से



राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के लिए मजबूत ढांचे का निर्माण करना और एक समग्र एवं समावेशी राष्ट्रीय दृष्टिकोण को समाहित करना था।उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में प्रमुख रूप से सीमा क्षेत्र के विकास, प्रयासों का केंद्रीकरण और सुरक्षा को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। सभी स्टेक होल्डरों ने इस बात पर सहमति जताई कि सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास व सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ मिलिट्री ऑपरेशनों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करना आवश्यक है। संभागियों ने संसाधनों के कुशल उपयोग और सामूहिक समस्या-समाधान के लिए समन्वय के महत्व पर जोर दिया। वहीं अधिकारियों ने इस बात पर सहमति जताई कि सड़कें, उनकी उपयोगिताएं, संचार प्रणालियां और कल्याणकारी उपाय सीधे तौर पर परिचालन, रसद व सैन्य गतिशीलता को पुख्ता बनाती है।

# टेरा कोटा क्राफ्ट की मास्टर ट्रेनिंग के लिए दल रवाना

## उत्तरप्रदेश के खुर्जा में चयनित ट्रेनर्स लेंगे विशेष प्रशिक्षण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कौशल विकास को साकार रूप देते हुए श्रीयादे माटी कला बोर्ड, राजस्थान सरकार अपने ट्रेनर्स को और अधिक पारंगत कर रहा है। इसी दिशा में चयनित माटी कलाकारों को प्रशिक्षण देने वाले ट्रेनर्स के हुनर को तराशने के लिए बोर्ड ने उत्तरप्रदेश के खुर्जा स्थित सेंट्रल ग्लास एंड सेरामिक्स रिसर्च इंस्टीट्यूट भेजा है। 25 सदस्यीय दल के वाहन को बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने उद्योग भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल खुर्जा में 15 से 21



सितंबर तक खासकर टेरा कोटा पॉटरी का प्रशिक्षण लेगा। इस दल में प्रदेश के छह जिलों जयपुर, टोंक, अजमेर, जैसलमेर, करौली व श्रीगंगानगर के प्रशिक्षक खुर्जा गए हैं। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने बताया कि इन ट्रेनर्स को सात दिवसीय कैंप में टेराकोटा प्रससंकरण एवं लक्षण वर्णन की मास्टर ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह संस्थान वैज्ञानिक एवं अनुसंधान परिषद से मान्यता प्राप्त है। इस दौरान कलाकृति निर्माण के लिए मिट्टी तैयार करने, गूंथने, कलाकृति बनाने, पकाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद जल्द ही एक और ग्रुप को ट्रेनिंग के लिए खुर्जा भेजा जाएगा। प्रशिक्षण के बाद ये ट्रेनर्स प्रदेशभर में चयनित 2000 मिट्टी कलाकारों को कैंपों में प्रशिक्षित करेंगे। इसके लिए सभी जिलों में 100 कैंप लगाए जाएंगे।

पपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**राजस्थान सार्वजनिक पून्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**

कार्यालय सहायक आयुक्त (पूथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बरः DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/579

चूंकि प्रार्थी श्री Sh. DILEEP BAID, 12 Takht-E-Shahi Road, Kanota Bagh, Near Birla Mandir, Lal Kothi, Jaipur Rajasthan 302015 ने राजस्थान सार्वजनिक पून्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत पून्यास PITTARJI MAHARAJ SHRI BHANWAR LAL BAID TRUST, 618, Mahaveer Nagar, tonk Road, Jaipur के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पतू दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त पून्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त पून्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच गुसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 03-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 11/11/2025

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम**

# एनीमिया मुक्त भारत-राजस्थान अभियान के तहत हीमोग्लोबिन परीक्षण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम व महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जिले में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के तहत एनीमिया की रोकथाम के लिए हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। यह अभियान 11 अक्टूबर तक चलेगा।

इस अवसर पर जिलेभर में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि इस वर्ष पोषण माह का मुख्य फोकस शिशु एवं छोटे बच्चों का आहार पर रहेगा। आशा सहयोगिनियों को मां का पूर्ण स्नेह (मा) कार्यक्रम के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा पोषण माह के दौरान अनीमिया मुक्त भारत-राजस्थान अभियान को भी गति प्रदान की जाएगी। इसके तहत 20 से 49 वर्ष की महिलाओं, 6 से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया जा रहा है। जिनका वर्तमान वित्तीय वर्ष में परीक्षण नहीं हुआ है, उन्हें परीक्षण, उपचार, संवाद और ट्रैक रणनीति के तहत जांच, उपचार और परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए सभी आरबीएसके टीमों एवं एएनएम को डिजिटल एच.बी. मीटर एवं स्ट्रिप उपलब्ध करा दी गई हैं। जिले में पोषण माह के दौरान वीएचएसएनडी सत्र, शक्ति दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पोषण पुनर्वास केंद्र एवं कुपोषण उपचार केंद्र पर विशेष व्यवहार परिवर्तन संचार गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इनमें स्थानीय एवं मौसमी सब्जियों तथा पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देना, मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष संवाद शामिल होगा।

OFFICE GRAM PANCHAYAT NARSINGHPURI, P.S. NEEMAKATHANA

FILE NO: 111 DATE: 14/09/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid Work for GRAM PANCHAYAT NARSINGH-PURI PS NEEMKATHANA of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 15.09.2025, 09:00 AM to 22.09.2025, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and PANCHAYATI RAJ departmental website.

UBN No. - PIQ2526WSOB00240.

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नृसिंहपुरी, पं.स. नीमकाथाना

**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड झुंझुनूं**

**जाहिर आम-सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की पुरानी कॉलोनी झुंझुनूं योजना में आवास संख्या 1/182 का आंवटन मण्डल द्वारा जारी आवंटन पत्र क्रमांक 3974 दिनांक 13.01.1986 के द्वारा श्री मानसिंह गोड पुत्र श्री एन. एस. गोड को किया गया था श्री मानसिंह गोड द्वारा उक्त आवास का दिनांक 09.09.1986 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तत्पश्चात श्री मानसिंह गोड की मृत्यु दिनांक 17.06.2002 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती शान्ता के नाम मण्डले द्वारा उक्त आवास का नाम हस्तानान्तरण कार्यालय आदेश क्रमांक 143 दिनांक 19.05.2005 जारी कर दिया गया। तत्पश्चात मण्डल द्वारा उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 195 दिनांक 18.07.2005 को जारी कर दिया गया। एवं उनके पक्ष में पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन दिनांक 31.08.2005 को कर दिया गया था। पंजीयन पश्चात श्रीमती शान्ता देवी द्वारा उक्त आवास का विक्रय पत्र श्री बचन सिंह पुत्र श्री दीप सिंह को दिनांक 02.09.2005 कर दिया गया। तत्पश्चात् मण्डल द्वारा श्री बचन सिंह के नाम हस्तानान्तरण कार्यालय आदेश क्रमांक 757 दिनांक 10.07.2006 जारी किया गया। तत्पश्चात् श्री बचन सिंह की मृत्यु दिनांक 07.11.2013 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री श्रीमती अनिता के पक्ष में मृतक की पत्नी श्रीमती विक्रम कौर एवं पुत्रगण 1. श्री सुनिल कुमार 2. श्री अनिल कुमार द्वारा दिनांक 01.07.2025 को उप पंजीयक कार्यालय झुंझुनूं से पंजीकृत हक त्याग-पत्र जारी करा दिया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 07 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती अनिता का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जाएगा।

**(जे.पी. वर्मा)**
**आवासीय अभियन्ता**
**राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड झुंझुनूं**

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# तालाब किनारे कपड़े धो रही महिला को खींच ले गया मगरमच्छ

## बेटी को बचाने की कोशिश में गई जान, डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मिला क्षत-विक्षत शव

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** हिरण मगरी थाना क्षेत्र में तालाब किनारे कपड़े धो रही महिला को मगरमच्छ पानी में खींचकर ले गया। मगरमच्छ ने महिला की बेटी पर अटैक किया था। बेटी को बचाने की कोशिश करते समय मगरमच्छ ने उसे पकड़ लिया और खींचते हुए तालाब में ले गया। इस दौरान बेटी जोर-जोर से चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे तो घटना का पता चला। सूचना पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद महिला का क्षत-विक्षत शव बाहर निकाला। मगरमच्छ महिला के शरीर का कुछ हिस्सा खा गया। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि झामर कोटड़ा ग्राम पंचायत के पारोला गांव निवासी प्यारी बाई सुबह अपनी 12 साल की बेटी को साथ लेकर जंगल में बकरी चराने गई थी। इस दौरान महिला तालाब किनारे हाथ-पैर और कपड़े धोने के लिए गई थी। कपड़े धोने के दौरान अचानक तालाब से मगरमच्छ बाहर आया और



उस पर अटैक कर दिया था। महिला ने बेटी को बचाने के लिए उसे दूर कर दिया। इसी दौरान मगरमच्छ ने उसको पीछे से पकड़ लिया और जबड़े से खींचते हुए तालाब में ले गया। बेटी के शोर मचाने पर पर गांव के कुछ लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तो घटना के बारे में पता चला।

### घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद महिला का क्षत-विक्षत शव मिला।

मगरमच्छ उसके शरीर का कुछ हिस्सा खा गया। जानकारी अनुसार तालाब के आसपास का एरिया बागदड़ा नेचर पार्क में आता है। संभावना है कि नेचर पार्क से यह मगरमच्छ आया होगा। घटना के बाद तालाब के आसपास बड़ी संख्या में ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। साथ ही इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल भी बन गया है।

# कुल्हाड़ी-चाकू लेकर एडवोकेट के घर चोरी करने पहुंचा बदमाश

### मैन गेट की जाली काटी, जाग होने पर धमकी देकर भागा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गांधी नगर थाना इलाके में एक एडवोकेट के घर चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। बदमाश एडवोकेट के घर एक हाथ में कुल्हाड़ी और दूसरे हाथ में चाकू लेकर चोरी करने पहुंचा था। मैन गेट की जाली काटने के दौरान जाग होने पर बदमाश धमकी देकर भाग निकला।

शिकायत के बाद गांधी नगर थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि झालाना डूंगरी फेज-3 निवासी एडवोकेट कमल प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सभी फैमिली मेंबर अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। देर रात बदमाश ने चोरी की नीयत से उनके घर को निशाना बनाया। बदमाश ने मैन गेट की जाली को धारदार चाकू से काट डाला और अंदर हाथ डालकर कुंदी खोलने की कोशिश करने लगा। जाली काटने के दौरान आवाज होने पर परिवार के मेंबर्स की नींद खुल गई। जाग होने पर नीचे झांककर देखने पर काली टी-शर्ट और कैपरी पहने बदमाश घर के अंदर घुसने की कोशिश करते दिखा। शोर मचाने पर हथियारबंद बदमाश धमकी देकर पकड़े जाने के डर से भाग निकला।

घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में हथियारबंद बदमाश की करतूत कैद हो गई। चोरी की नीयत से बदमाश देर रात पैदल ही आया था। उसके एक हाथ में कुल्हाड़ी और दूसरे हाथ में धारदार चाकू था। धारदार चाकू की मदद से उसने जाली काटी। महज करीब 2 मिनट में जाली काटकर कुंदी खोलने की कोशिश करने लगा। जाग होने के कारण वह धमकी देकर भाग निकला। घर के अंदर एंट्री करने के बाद बदमाश लूट के लिए फैमिली मेंबर्स पर जानलेवा हमला भी कर सकता था।

# मकान मालिक ने की किराएदार की हत्या, भड़का आक्रोश

### करणी सेना ने बंद कराया बाजार, लोगों ने सड़क जाम कर किया विरोध-प्रदर्शन

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** जिले के सायरा कस्बे में मकान मालिक द्वारा किराएदार की हत्या करने के मामले में भारी विरोध प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने कस्बे को पूरी तरह से बंद करा दिया है। सायरा से रणकपुर और भानपुरा जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया गया। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग सायरा बस स्टैंड पर धरने पर बैठ गए हैं। आक्रोशित लोग मृतक के परिवार को 51 लाख रुपए का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के साथ ही आरोपी को सख्त सजा दिलाने की मांग पर अड़े रहे। तनाव को देखते



हुए तहसीलदार सुरेश मेहता और सायरा थानाधिकारी किशोर सिंह शक्तावत पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। ज्ञात रहे कि सूरजपोल थाना क्षेत्र में अस्थल मंदिर के पास मकान मालिक दिनेश बंसल ने किराएदार की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। वहीं, उसकी पत्नी को चाकू से वार कर घायल कर दिया था। किराएदार का बिजली बिल को लेकर मकान मालिक का झगड़ा हुआ था। इस पर उसने किराएदार नरपतसिंह के रूम का कनेक्शन काट दिया था। नरपत ने इस बार पर मकान मालिक से सवाल किया तो दोनों में बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि मकान मालिक ने चाकू से उसकी हत्या कर दी। इस पर पुलिस ने मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया।

### परिवार को मुआवजा और नौकरी देने की मांग

धरने पर बैठे राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष जीवन सिंह ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग और पुलिस खुद आरोपी मकान मालिक दिनेश बंसल की साइको प्रवृत्ति का बता रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी 5 महीने पहले कलेक्ट्रेट में नकली पिस्टल लेकर घुस गया था। जीवन सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी जानकारी होने के बावजूद पुलिस प्रशासन और आरोपी के परिवार वालों ने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अगर ध्यान दिया गया होता कि आरोपी आगे कोई अनहोनी कर सकता है तो शायद यह घटना नहीं होती।

# हैड कांस्टेबल को थप्पड़ मारने वाले डीएसपी को किया एपीओ

### ऑडियो वायरल होने पर मामले ने तूल पकड़ा तो एसपी ने लिया एक्शन



महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** चौहटन डीएसपी जीवनलाल खत्री के ड्राइवर हैड कांस्टेबल रामूराम मेघवाल ने थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। एसपी से फोन पर हुई बात में डीएसपी के रीडर ने ये बात मानी है। इससे पहले डीएसपी नकारते रहे थे कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया। एसपी नरेंद्र मीना ने पूरे मामले पर बात की है। उन्होंने कहा कि रीडर गोपीकिशन से फोन पर बात की तो उसने थप्पड़ मारने की बात मानी है। एएसपी जसाराम बोस मामले की जांच कर रहे हैं, जहां तीनों डीएसपी, ड्राइवर व रीडर ने लिखित में अपनी गलती स्वीकारी है। मामले में रेंज ऑफिस से एडिशनल एसपी आकर अब आगे की जांच करेंगे। हमने डीएसपी को एपीओ कर दिया है। बता दें कि गत दिनों डीएसपी के ड्राइवर हैड कांस्टेबल रामूराम का ऑडियो सोशल मीडिया पर आया था, इसमें रामूराम का आरोप था कि डीएसपी ने उसे रीडर के सामने थप्पड़ मारा और जबरन ड्यूटी करने के लिए बाध्य किया। रामूराम ने यह भी कहा था कि थप्पड़ खा कर ड्यूटी थोड़े ही करेंगे। इसके बाद एसपी ने जांच बैठाई थी और रामूराम के कहने पर उनका ट्रांसफर भी कर दिया था। अब इसमें एसपी ने पूरे मामले पर अपनी बात रखी है। एसपी ने कहा कि हैड कांस्टेबल की इच्छा थी कि उसका ट्रांसफर पुलिस लाइन में कर दिया जाए। उसका एक्सीडेंट हो रखा है। इसकी इच्छानुसार एमटी शाखा में ट्रांसफर कर काम करने के निर्देश दिए गए।

# सड़क पर कपड़े उतरवाकर लूटने वाली गैंग के बदमाश दबोचे

### किडनैप कर अश्लील वीडियो बनाते, फिर मारपीट कर लूट लेते मोबाइल-कैश



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने लोगों को बंधक बनाकर लूटने वाली गैंग के चार बदमाशों को दबोचा है। गैंग के बदमाश मारपीट कर राहगीरों का किडनैप कर बंधक बनाते थे और सुनसान जगह कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बनाकर मोबाइल-कैश लूटकर फरार हो जाते थे। करधनी थाना पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी साउथ हनुमान प्रसाद ने बताया कि लूट मामले में आरोपी विष्णु हरिजन पुत्र अशोक कुमार निवासी नांगल लाडी हरमाड़ा हाल गोविंदम टावर करधनी और निकेश वर्मा पुत्र बृजमोहन वर्मा निवासी गणेश वाटिका निवारू रोड करधनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल दो नाबालिग लड़कों को भी पकड़ा है। गिरोह के चारों बदमाश सुनसान जगह पर राहगीरों को पकड़ते थे और मारपीट कर कार में डालकर बंधक बनाते। इसके बाद सुनसान जगह ले जाकर कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बनाते, फिर मारपीट कर उसकी जेब में मिले कैश और मोबाइल लूट लेते थे। पुलिस को शिकायत करने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते थे। इसी क्रम में गत दिनों हाथोज पीथावास में गिरोह ने एक लूट की वारदात की थी। बदमाशों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर उसका किडनैप कर कार में डाल लिया और बंधक बनाकर सरिए से उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद कपड़े उतरवाकर उसका वीडियो बनाकर 6500 रुपए और मोबाइल लूट लिया था। पुलिस पूछताछ में गिरोह से कई खुलासे होने की संभावना जताई गई है।

# होटल में नाबालिग को धोखे करवाया नशा, फिर की छेड़छाड़

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में स्थित एक होटल में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने धोखे से उसे होटल में ले जाकर नशा करवाया और छेड़छाड़ की, इसका विरोध करने पर डराया-धमकाया। इस पर नाबालिग पीड़िता की मां ने करणी विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ करणी विहार हवासिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि करणी विहार की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ होटल में ले जाकर छेड़छाड़ की गई है। परिचित होने के कारण नाबालिग बेटी आरोपी को जानती है। आरोप है कि आरोपी परिचित धोखे से बहला-फुसलाकर नाबालिग बेटी को एक होटल में ले गया। होटल में आरोपी से उसे नशा करवाया। नशे की हालत में होने पर आरोपी ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर डराने के साथ ही धमकाया। घर लौटने पर नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोपी की करतूत का पता चलने पर नाबालिग पीड़िता की मां ने करणी विहार थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक युवक घायल

### युवक पर कुल्हाड़ी से किया हमला

महानगर संवाददाता

**अलवर।** खैरथल-तिजारा के के किशनगढ़बास थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने अलवर-भिवाड़ी मेगा हाईवे के खानपुर स्टैंड पर जाम लगा दिया। किशनगढ़बास थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि मामले को लेकर घायल युवक मोहित के पिता यादराम ने रिपोर्ट दी है।

रिपोर्ट में बताया कि परिवार के सभी लोग खानपुर मेवान गांव में अपने घर में बैठे थे। इस दौरान रमजान पुत्र मुराद, असलम, सद्दाम व फखरू पुत्र रमजान निवासी खानपुर मेवान किशनगढ़बास ट्रैक्टर लेकर गांव में उनके खेत पर पहुंचे। खेत पर कोर्ट का स्टे होने के बाद भी उनकी कब्जाशुदा जमीन को जोतने लगे। सूचना पर यादराम, बेटा मोहित व बेटी शालू खेत पर उन्हें रोकने के लिए गए। चारों को टोकने पर बेटे मोहित के सिर पर फखरू ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह जमीन पर



### आक्रोशित लोगों ने स्टेट हाईवे पर लगाया जाम

थाना अधिकारी ने बताया कि घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने खानपुर स्टैंड पर अलवर-भिवाड़ी मेगा हाईवे पर जाम लगा दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर किशनगढ़बास थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस की समझाइश के बाद गांव वाले किशनगढ़बास थाना पहुंचे। यहां भी उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस पर मौके पर पहुंचे डीएसपी राजेंद्र सिंह ने परिजनों को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीएसपी ने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम लगाई गई हैं।

बेसुध होकर गिर पड़ा। इसके बाद बाकी आरोपियों ने डंडों से यादराम पर हमला किया।

इस दौरान असलम ने बेटी शालू के साथ बदतमीजी और मारपीट की। मारपीट की सूचना पर यादराम के परिवार के लोग भी खेत पर पहुंचे।

उनके साथ भी सभी आरोपियों ने परिवार के लोगों से भी मारपीट की। आरोपी मोहित को अधमरी हालत में छोड़कर मौके पर चले गए। इसके बाद परिजन मोहित को किशनगढ़बास के राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में अलवर रैफर कर दिया। अलवर पहुंचने के बाद मोहित की स्थिति को देखते उसे जयपुर भेज दिया गया।

# हैड मास्टर और महिला टीचर ने स्टूडेंट पर बरसाए लात-घूंसे

### चलती क्लास से ऑफिस में ले जाकर की मारपीट, पिटाई से आई सूजन



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** खंडार थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूल में सातवीं कक्षा के बच्चे को जमकर पीटा गया। आरोप है कि स्कूल के हैड मास्टर व महिला टीचर बच्चे को क्लास से ऑफिस में ले गई और लात-घूंसे बरसाए। इस घटना में दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दी है। इधर, जिस महिला टीचर को इस स्कूल से हटाकर दूसरे स्कूल में लगाया गया है, उस पर आरोप है कि उन्होंने बच्चों को इसके लिए भड़काया था। मामले में टीचर का कहना है कि मैंने न तो किसी तरह का जातीय भेदभाव किया और न ही किसी को भड़काया है। छात्र के परिजन छाण पुलिस चौकी पहुंचे। शिकायत में बच्चे के पिता ने बताया कि उनका बेटा सातवीं क्लास में पढ़ता है। जब वह क्लास में पढ़ रहा था तो महिला टीचर उसे ऑफिस में ले गई। यहां उसे थप्पड़ और लात-घूंसे बरसाए। पिटाई से बच्चे की पीठ पर निशान हो गए और गर्दन पर सूजन आ गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला टीचर ने पहले भी आंख पर डंडा मार दिया था। इसके बाद टीचर ने घर आकर माफी मांगी थी। आरोप है कि बच्चे की पिटाई के बाद उसे धमकाया कि घर जाकर बताया तो टीसी काट दूंगी। वहीं इस घटना के बाद टीचर भी मामला दर्ज करवाने खंडार थाने पहुंची। हैड मास्टर का कहना है कि इस विवाद की शुरुआत टीचर डे से हुई थी।

कुछ बच्चों ने एक दूसरी महिला टीचर को पेन दिए थे। इसका महिला टीचर की ओर से विरोध किया गया था। महिला टीचर ने दूसरी महिला टीचर के लिए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसकी शिकायत मेरे पास भी आई थी, लेकिन मैंने नजरअंदाज कर दिया। इसके बाद एक बच्चे ने महिला टीचर को जातिसूचक शब्द बोले। उसने जब मुझे बताया तो बच्चे को ऑफिस में बुलाकर डांटा और समझाकर भेज दिया था। बच्चे से किसी तरह की मारपीट नहीं की गई थी।

# दुकान से पैदल घर लौट रहे व्यापारी को पिकअप ने कुचला

### युवक ने परिजनों को फोन कर बुलाया, हत्या का लगाया आरोप

महानगर संवाददाता



**अलवर।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर में तेज रफ्तार पिकअप ने दुकानदार को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान मौके पर बाइक सवार 3 युवक भी थे, जिनसे दुकानदार बात कर रहा था। इसके बाद वह दौड़ते हुए सड़क की तरफ गया था। पिकअप के कुचलने के बाद उन्होंने दुकानदार को देखा और फिर बाइक लेकर चले गए। परिजनों ने पिकअप ड्राइवर पर हत्या का आरोप लगाया है। पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। थाना अधिकारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के हरसौरा चौक पर एक पिकअप ने दुकानदार नवीन यादव को कुचल दिया है। उसे एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर ने नवीन को मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि नवीन की शहर के बाइपास रोड पर कार डेकोर की दुकान थी। वह दुकान बंद करके पैदल हरसौरा रोड स्थित अपने घर जा रहा था। इस दौरान उसके पीछे से आई एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे कुचल दिया। थानाधिकारी ने बताया पूरा हादसा हरसौरा चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, इसमें नजर आ रहा है कि नवीन हरसौरा चौक पर खड़े 3 युवकों से बात कर रहा है और फिर सड़क पार करता है। इस दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप नवीन यादव को कुचलते हुए निकल गई है। रविवार को नवीन के जीजा मिथुन यादव ने एक्सीडेंट की रिपोर्ट दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जल्द ड्राइवर की गिरफ्तारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हम हर एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं।

# सड़क पार कर रही 5 साल की मासूम को बाइक ने उड़ाया

## घर से टॉफी लेने दुकान जाते समय मारी टक्कर, अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

महानगर संवाददाता

**जालोर।** जसवंतपुरा थाना इलाके के तहसील कार्यालय के सामने रविवार सुबह सड़क पार कर टॉफी लेने दुकान जा रही 5 साल की मासूम को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे मासूम बुरी तरह घायल हो गई। 4 घंटे चले इलाज के बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया। बेटी की मौत की खबर सुनकर पिता रो पड़े और अस्पताल में ही कहते रहे कि मेरी राजकुमारी को मार दिया। घटना में बाइक सवार को भी चोटें आई हैं, वह

### ग्रामीणों ने की स्पीडब्रेकर लगाने की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों ने रोष जताया और कहा कि जसवंतपुरा भीनमाल सड़क मार्ग पर तहसील मुख्यालय के पास पिछले 6 महीने में एक दर्जन से ज्यादा दुर्घटना हो चुकी है, इसमें 3 लोगों की मौत भी हो चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैफिक कम होने के कारण वाहन सवार यहां से तेज गति से निकलते हैं। रास्ते के दोनों तरफ आवासीय कॉलोनियां होने से कई बार घटना हो चुकी है। ग्रामीणों ने यहां स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है। जसवंतपुरा थाने के हैड कांस्टेबल नरपत सिंह ने बताया कि हादसे में पांच वर्षीय प्रतिभा कुमारी पुत्री रामरस गुर्जर निवासी बालोली सवाई माधोपुर की मौत हो गई है। पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रामरस गुर्जर जसवंतपुरा ब्लॉक के शिवगढ़ भील बस्ती में सरकारी अध्यापक के तौर पर कार्यरत हैं। परिवार के साथ



भीनमाल रोड पर शारदा शोरूम के ऊपर की मंजिल पर रहते हैं। प्रतिभा सुबह घर से दुकान पर टॉफी लेने के लिए निकली थी। वह सड़क क्रॉस कर रही थी, इसी दौरान जसवंतपुरा की ओर से आ रहे बाइक सवार ने प्रतिभा को टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान प्रतिभा की मौत हो गई। प्रतिभा के एक 7 साल की बड़ी बहन है और 2 साल का एक भाई भी है।

### सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों ने युवाओं को किया प्रेरित

# विफा एवं सम्यक की 'योग्य प्रशासक : सशक्त भारत' विषय पर कार्यशाला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ सभागार में विप्र फाउंडेशन एवं सम्यक संस्थान के तत्वावधान में 'योग्य प्रशासक : सशक्त भारत' विषयक कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि आर्यभट्ट, चाणक्य और प्राचीन ऋषि-मुनियों की परंपरा ही हमें यह प्रेरणा देती है कि ज्ञान और नीति से ही समाज का मार्गदर्शन संभव है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। विधायक शर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं आपकी बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ धैर्य, दृढ़ संकल्प और देश सेवा के जज्बे को भी परखती हैं। आप सभी में वह क्षमता है, जो भारत को सशक्त और समृद्ध बनाने में योगदान दे सकती है।

श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ के अध्यक्ष एवं पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ओमेंद्र भारद्वाज ने कहा कि योग्य प्रशासक से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल रहना ही अंतिम लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि आत्मविश्वास, जज्बा और सतत मेहनत से हर परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है। श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व आईजी हरिप्रसाद शर्मा ने कहा कि श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ गौरव और गुमान का विषय है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में 50 कन्याओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवासीय सुविधा दी जाएगी। डीजी अनिल पालीवाल ने कहा कि पहले प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सामग्री व संसाधन सीमित थे, परंतु आज पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। सम्यक के कौशल भारद्वाज ने लक्ष्य-आधारित प्रयोग को समाज के लिए बेहतरीन पहल बताया और पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विप्र फाउंडेशन के संगठन महामंत्री सतीश शर्मा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि समाज के होनहार बालक-बालिकाओं की शिक्षा के लिए विप्र फाउंडेशन कटिबद्ध है। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा के अनुसार श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ के दो बड़े सेमिनार हाल में कोचिंग का संचालन होगा। अन्य 45 बड़े कक्षों में वैदिक रिसर्च, कौशल विकास, लाइब्रेरी, महिला छात्रावास, संस्कार, स्वावलंबन आदि प्रकल्प संचालित होंगे। इस मौके पर प्रशासनिक पदाधिकारियों में पूर्व आईएएस अधिकारी जेपी शुक्ला, सीएम के ओएसडी विकास राजपुरोहित, डॉ. राजेंद्र पारीक पिलानी, जीएल शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक, जोन-1 अध्यक्ष राजेश कर्नल, इस्पेस के प्यारेलाल शर्मा, अजय पारीक, पुष्पेंद्र शर्मा व अरुण शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार में 800 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।





# आसनसोल में 'दुर्गा पूजा शरद सम्मान' समारोह



महानगर संवाददाता

**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम के तत्वावधान में 'दुर्गा पूजा शरद सम्मान अवॉर्ड समारोह 2024' का आयोजन रविंद्र भवन सभागार में किया गया। इस अवसर पर नगर निगम क्षेत्र की विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों को उनके उत्कृष्ट योगदान एवं आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। समितियों को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय ने कहा कि दुर्गा पूजा समितियों का सम्मान उनके उत्साह एवं मनोबल को और बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में समितियां और भी बेहतर, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन करेंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सम्मान के साथ-साथ सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा निर्देशों का पालन करना सभी समितियों की जिम्मेदारी है। मेयर ने कहा कि सभी समितियां सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को सकारात्मक बनाए रखते हुए उत्सव को और आकर्षक एवं सफल बनाएंगी। समारोह में डिप्टी मेयर वसीमुल हक, मेयर परिषद सदस्य सुब्रत अधिकारी, तृणमूल नेता अशोक रूद्र, बरो अध्यक्ष डॉ. देवासी सरकार, बरो अध्यक्ष शिवानंद बावरी सहित नगर निगम के अन्य गणमान्य सदस्य एवं बड़ी संख्या में दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भजनलाल सरकार ने दी परिवहन को नई रफ्तार

# आमजन को मिल रही सुरक्षित और आधुनिक यात्रा सुविधा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में परिवहन सेवाओं का विस्तार हो रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को सुरक्षित, सुलभ और आधुनिक यातायात सुविधा उपलब्ध हो। इसी दिशा में नई बसों के संचालन से यातायात के दबाव का प्रबंधन आसान हुआ है।

प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुरक्षित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से बजट घोषणा के तहत 160 ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसों को 12 डिपो में शामिल किया गया है। इनमें जयपुर, अजमेर, अजयमेरू, कोटपूतली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा, वैशाली नगर, विद्याधर नगर, शाहपुरा, हिंडौन और दौसा शामिल हैं। इसके साथ ही 12 सुपर लग्जरी बसों की खरीद से रोडवेज के बेड़े को मजबूती मिली है। राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा सुविधा देने के लिए विशेष रूटों पर बस सेवाएं चला रही है। अयोध्या, गोवर्धन, सालासर बालाजी, रामदेवरा, श्रीनाथजी, श्रीकरणी माता, कैंची धाम और कैलादेवी जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों तक अब सीधी व सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध है।




## युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष पहल

राज्य सरकार ने परीक्षार्थियों को बड़ी राहत देते हुए परीक्षा से दो दिन पूर्व से लेकर परीक्षा के दो दिन बाद तक कुल 5 दिन निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की है। वहीं प्रदेश में पहली बार रक्षाबंधन पर्व पर दो दिनों तक महिलाओं के लिए निशुल्क यात्रा की ऐतिहासिक सुविधा शुरू की गई, जिससे लाखों महिलाओं को सीधा लाभ मिला। भजनलाल सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए 60 से 80 वर्ष आयुवर्ग के यात्रियों के किराये में छूट 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी है। इससे बुजुर्ग यात्रियों को यात्रा में आर्थिक राहत और आत्मसम्मान दोनों प्राप्त हो रहे हैं।

## पैनिक बटन से सुरक्षित हुआ सफर

सरकार ने महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए यात्रियों विशेषकर महिला यात्रियों के सफर को सुरक्षित बनाने के लिए निगम की बसों में पैनिक बटन लगवाए हैं। महिला यात्रियों, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, छोटे बच्चों तथा अचानक बीमार हुए व्यक्ति को पैनिक बटन के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सकती है। जब पैनिक बटन दबाया जाता है तो इसकी सूचना अभय कमांड सेंटर पर पहुंचती है। सेंटर द्वारा बस की लोकेशन ट्रेस कर परिचालक से बात कर तुरंत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। इससे महिला यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों को सुगमता पूर्ण यात्रा की सौगात मिली है।

# कोलकाता प्रेस क्लब में सुभाष चंद्र अग्रवाला पर बनी डॉक्यूमेंट्री का हुआ प्रीमियर



महानगर संवाददाता

**कोलकाता।** ऐतिहासिक कोलकाता प्रेस क्लब एक यादगार पल का साक्षी बना, जब उद्योगपति और समाजसेवी सुभाष चंद्र अग्रवाला पर आधारित त्रिभाषी डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर आयोजित हुआ। इसका निर्देशन वरिष्ठ पत्रकार शांतनु राय ने किया। समारोह में शतरंज ग्रैंडमास्टर दिबेंदु बरुआ, अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर सीमा दत्ता चटर्जी, छह बार की विश्व कैटल बेल चैंपियन शिवानी अग्रवाल तथा उद्योगपति विवेक अदुकिया और गोपाल कृष्ण सरन सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। डॉक्यूमेंट्री कवर अनावरण का क्षण सबसे भावुक रहा, जब मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने मिलकर इसे लॉन्च किया। इसके बाद आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में 'खेलों का भविष्य' और 'पश्चिम बंगाल में व्यापार के अवसर व चुनौतियां' जैसे विषयों पर चर्चा हुई। अग्रवाला ने कहा कि बंगाल अवसरों से भरा है। यहां बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल श्रमिक और औद्योगिक शांति है। हालांकि उन्होंने बड़ी इंडस्ट्री के लिए जमीन खरीद पर 24.5 एकड़ की सीमा व पूंजीगत सब्सिडी की कमी को मुख्य बाधा बताया। समाधान के रूप में उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य सरकार नई इकाइयों को 5 वर्षों तक जीएसटी पर ब्याज शुल्क स्थगन जैसी सुविधाएं दे सकती है।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25